स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, बुधवार
12 अगस्त, 2026
श्रावण मास कृष्ण पक्ष अमावस्या
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 351 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
**मूल्य : 3 रुपये**

epaper : epaper.swatantrabharat.net

संन्यास के बाद सबसे पहले सचिन तेंदुलकर ने किया था फोन : रहाणे








# कई राज्यों में लगातार बारिश से बिगड़े हालात

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्य इन दिनों मानसून का कहर झेल रहे हैं। इनमें पहाड़ी और मैदानी दोनों राज्य शामिल हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बीते 24 घंटे से लगातार बारिश हो रही है, जिससे इन जिलों में बाढ़ और

- **कहीं घर नदी में समाए तो कहीं बाढ़ का कहर**

भूस्खलन के हालात पैदा हो गए हैं। हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में सोमवार रात से तेज बारिश का दौर जारी है। खासकर जिला कांगड़ा में देर रात हुई भारी बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार को कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिले में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

वहीं ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, शिमला और सोलन जिलों के लिए भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को कांगड़ा और सिरमौर में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। मंडी जिले में भी भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, शिमला और सोलन में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है। दक्षिणी पश्चिमी मानसून के सक्रिय रहने के चलते मंगलवार को देश के बड़े हिस्से में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने



हिमाचल प्रदेश के साथ ही राजस्थान में आज भारी से अति भारी बारिश की संभावना जताई है और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनके अलावा 15 से ज्यादा राज्यों में येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें जम्मू कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, पश्चिमी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, दिल्ली, पश्चिमी राजस्थान, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, तेलंगाना, गोवा, केरलम, कर्नाटक, तमिलनाडु और पुडुचेरी शामिल हैं। देश के मध्य हिस्से में एक कम दाब का क्षेत्र बनने से मध्य प्रदेश और इसके आसपास के इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश में इस कम दाब के क्षेत्र के चलते 11-12 अगस्त को भारी बारिश होने के आसार हैं।

भारी बारिश के चलते पहाड़ी और संवेदनशील क्षेत्रों में भूस्खलन तथा मलबा खिसकने का खतरा बढ़ गया है। निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन सकती है, जबकि नदी-नालों का जलस्तर अचानक बढ़ने की आशंका है। कुछ स्थानों पर अचानक बाढ़ की स्थिति भी पैदा हो सकती है। बारिश के कारण पहाड़ी सड़कों पर फिसलन बढ़ने और कई जगह दृश्यता कम होने से यातायात प्रभावित होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को भूस्खलन, मलबा खिसकने और अचानक बाढ़ की आशंका वाले संवेदनशील क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। लोगों से नदी, नालों और अन्य जल निकायों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा प्रशासन और यातायात विभाग की ओर से जारी निर्देशों का पालन करने को कहा गया है।

# लोकसभा स्थगित, राज्यसभा से विपक्ष का वाक आउट

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का आज 17वां दिन था। विपक्ष दिल्ली में छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री से जवाब और राम मंदिर के मुद्दे पर चर्चा की मांग पर अड़ा रहा। इसके बाद

- **दोनों सदनों में छाया रहा गृह मंत्री के बयान की मांग का मुद्दा**



लोकसभा कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद ने विपक्षी सांसदों से अपनी सीटों पर लौटने की अपील की। विपक्षी सांसद दिल्ली में सीजेपी के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बयान देने की मांग कर रहे थे। इसके बावजूद नारेबाजी जारी रही। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रमुख और सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि झारखंड और लखनऊ के छात्रों के मुद्दे उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र जहां भी अपनी समस्याएं उठाना चाहते हैं, चाहे इलाहाबाद हो या लखनऊ, उन सभी मुद्दों को सदन में उठाया जाना चाहिए। छात्रों को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज सरकारें संवेदनहीन हो गई हैं। उन्हें लोगों की समस्याओं की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकारों को अपनी इस संवेदनहीनता का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

इंडिया ब्लॉक के दलों ने मंगलवार को राज्यसभा से वॉकआउट किया। यह वॉकआउट दोपहर बाद की कार्यवाही में हुआ, जब न्यायाधिकरण सुधार विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान सभापति ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने की अनुमति नहीं दी।

राज्यसभा में इससे पहले भी विपक्षी दल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पिछले महीने प्रदर्शनकारी छात्रों पर बल प्रयोग और पैलेट गन के इस्तेमाल पर बयान देने की मांग कर रहे थे। राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी का मुद्दा भी विपक्ष उठा रहा है। इन मुद्दों को लेकर मंगलवार को दोपहर से पहले सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित हुई। दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद न्यायाधिकरण सुधार विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। इस दौरान विपक्षी सांसद नारेबाजी करते रहे। सभापति ने सांसदों से सिर्फ विधेयक पर बोलने को कहा।

## ‘मनमोहन सबसे प्रभावशाली प्रधानमंत्रियों में एक थे’



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में क्लीन चिट मिलने के कुछ दिन बाद कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। सोनिया ने मंगलवार को एक अंग्रेजी समाचार पत्र में प्रकाशित अपने लेख में मनमोहन सिंह और मोदी सरकार के

- **सोनिया बोलीं-इतिहास उन्हें सम्मान से याद करेगा**

कामकाज की तुलना की। सोनिया ने लिखा कि मनमोहन सिंह की ईमानदारी और जवाबदेही का रिकॉर्ड मोदी सरकार के काम करने के तरीके से बिल्कुल उल्टा था। इतिहास मनमोहन सिंह को शांत, सरल, लेकिन सबसे प्रभावशाली प्रधानमंत्रियों में से एक के तौर पर सम्मान से याद करेगा। सोनिया ने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के खिलाफ लॉबी कैंपेन सुनियोजित और संगठित था। इसमें अफसरशाही से लेकर मीडिया, न्यायपालिका, सिविल सोसाइटी और निश्चित तौर पर आरएसएस और बीजेवी से जुड़े लोग शामिल थे। उन्होंने कहा कि आज यह कैंपेन अपने तय अंत यानी शून्य पर पहुंच गया है और डॉ. सिंह हर मामले में बेदाग साबित हुए हैं। सोनिया गांधी ने कहा कि 29 जुलाई भारत के हालिया राजनीतिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण दिन था। मनमोहन सिंह ईमानदारी और सत्यनिष्ठा वाले इंसान थे। उनके खिलाफ अभियान सुनियोजित और संगठित था। इसमें नौकरशाही, मीडिया, न्यायपालिका, सिविल सोसाइटी के साथ आरएसएस और बीजेपी से जुड़े लोग शामिल थे।

सोनिया ने कहा- सुप्रीम कोर्ट का फैसला सार्वजनिक बहस के सबसे दुखद अध्यायों में से एक का अंत करता है। मनमोहन सिंह हर आरोप में पाक-साफ साबित हुए हैं। मोदी सरकार ने अपराध और भ्रष्टाचार की जांच के लिए बनी ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का साफ तौर पर गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा- इन एजेंसियों का मकसद नेताओं पर दबाव बनाना रहा है। नेताओं को या तो दबाव डालकर चुप करा दिया जाता है, या चालाकी से बीजेपी में शामिल कर लिया जाता है। कुछ मामलों में उन्हें मंत्री पद भी दे दिया जाता है।

# संसद परिसर में एनडीए-कांग्रेस सांसद आमने-सामने आए

**नई दिल्ली।** संसद परिसर में एनडीए और इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने मंगलवार को एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन किया। एनडीए

- **राहुल झारखंड क्यों नहीं गए : बीजेपी सांसद**
- **वह छात्रों से मिल चुके : प्रियंका**




सांसदों ने विपक्ष पर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाया, जबकि विपक्ष ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने भी आ गए। प्रियंका गांधी के संसद पहुंचने पर बीजेपी सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगाने लगे। बीजेपी सांसद मुकेश दलाल ने पूछा कि राहुल झारखंड में छात्र प्रदर्शनकारियों से क्यों नहीं मिल रहे हैं। प्रियंका मुस्कुराती हुई उनके पास गईं और कहा- राहुल झारखंड गए हैं और छात्रों से मिल चुके हैं। लोकसभा और राज्यसभा में भी हंगामा हुआ। लोकसभा की कार्यवाही पहले 11 बजे तक स्थगित की गई। दोपहर 2 बजे सदन दोबारा शुरू हुआ, लेकिन करीब आधे घंटे बाद ही हंगामे के चलते कार्यवाही बुधवार तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा की कार्यवाही जारी है। 20 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र का 13 अगस्त को आखिरी दिन है। ती हफ्तों के दौरान संसद की कार्यवाही लगातार हंगामे के कारण प्रभावित रही है। विपक्ष दिल्ली में 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के मुद्दे पर गृह मंत्री के जवाब की मांग कर रहा है।

# गांजा पीकर पायलट उड़ा रहा था विमान

**नई दिल्ली।** फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI2379 के पायलट-इन-कमांड की साइकोएक्टिव पदार्थों की जांच दूसरी बार पॉजिटिव

- **एअर इंडिया फ्लाइट टर्बुलेंस मामले में अहम खुलासा, दूसरा डोप टेस्ट आया पॉजिटिव**

आई है। सूत्रों के मुताबिक, 4 अगस्त की घटना के बाद दोनों पायलटों का अनिवार्य स्क्रीनिंग टेस्ट कराया गया था। सह-पायलट की जांच में ऐसी कोई चिंता सामने नहीं आई, जबकि पायलट-इन-कमांड की शुरुआती रिपोर्ट के बाद सैंपल को पुष्टि के लिए अधिकृत प्रयोगशाला भेजा गया था, जहां टेस्ट पॉजिटिव आया। सूत्रों के अनुसार, शुरुआती जांच में पायलट-इन-कमांड के सैंपल में आगे विश्लेषण की जरूरत सामने आई थी। इसके बाद नमूना निर्धारित प्रयोगशाला में कंफर्मेटरी टेस्ट के लिए भेजा गया। अब इस जांच की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। सूत्रों के मुताबिक, पायलट के सैंपल में साइकोएक्टिव पदार्थ की मौजूदगी पाई गई है। पायलट की जांच में मारिजुआना के इस्तेमाल की पुष्टि हुई है। दोनों पायलटों को जांच पूरी होने तक उड़ान ड्यूटी से हटा दिया गया है।

## सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति को मौत की सजा

**दमिश्क।** सीरिया की एक अदालत ने देश के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल असद और उनके भाई को मौत की सजा सुनाई है। यह सजा दोनों को युद्ध अपराधों को दोषी ठहराते हुए उनकी अनुपस्थिति में सुनाई गई। ये अपराध सीरिया में 14 साल चले संघर्ष के दौरान किए जाने के आरोप हैं, जिसमें करीब पांच लाख लोगों की जान गई। इसी मामले में असद के मामा के बेटे आतिफ नजीब को भी मौत की सजा सुनाई गई। नजीब पर दक्षिणी प्रांत दारा में सरकार की कार्रवाई का नेतृत्व करने का आरोप था, जिसके बाद विद्रोह शुरू हुआ और बाद में यह गृहयुद्ध में बदल गया।

# समिट बिल्डिंग ठगी मामले में हाईकोर्ट सख्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समिट बिल्डिंग में अमेरिकी नागरिकों से ठगी के मामले में आरोपियों को

- **तीन पुलिसकर्मी निलंबित, छह लाइन हाजिर**
- **अन्य की भूमिका की जांच**

कथित तौर पर रिश्वत लेकर छोड़ने के मामले में पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि छह पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। मामले में अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। बताया गया कि समिट बिल्डिंग से अमेरिकी नागरिकों से ठगी के आरोप में कुल 119 आरोपियों को पकड़ा गया था। इनमें गिरफ्तार किए गए एक आरोपी ने बाद में हाईकोर्ट में शिकायत की थी। उसने पुलिस की कार्रवाई से जुड़े साक्ष्य भी अदालत में उपलब्ध कराए थे।

# हर घर तिरंगा को बनाएं उत्सव : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक नया वीडियो संदेश साझा किया है। इसमें

- **इंस्टा वीडियो में 15 अगस्त के लिए देशवासियों से की अपील**




उन्होंने देशवासियों से ‘हर घर तिरंगा’ अभियान को हर घर में उत्सव के रूप में मनाने की अपील की। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा ‘आइए, हर घर तिरंगा को हर घर में एक उत्सव बनाएं।’ यह संदेश 15 अगस्त को होने वाले 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले आया है। इस मौके पर देश आजादी की 80वीं वर्षगांठ मनाएगा। अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से 15 अगस्त को गर्व और सम्मान के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को श्रद्धांजलि देने और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेने की बात कही। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा ‘हर घर में तिरंगा, हर घर में तिरंगा, हर दिल में तिरंगा। आइए, हम हर घर में तिरंगा फहराएं।’ ‘हर घर तिरंगा’ अभियान पूरे अगस्त महीने में चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।




**अनोखी सोच** | लोगों के आइडिया से तैयार प्रोडक्ट्स महज तीन माह में ला रहीं मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां

# दुनिया का ब्यूटी हब बन रहा दक्षिण कोरिया

**सोल।** आपके पास किसी स्किनकेयर प्रोडक्ट का आइडिया हो और महज 3 महीने में वह लॉन्च हो जाए। न तो फैक्ट्री लगाने की जरूरत पड़ी और न ही रिसर्च लैब की। यही मॉडल दक्षिण कोरिया की ब्यूटी इंडस्ट्री (के-ब्यूटी) को ग्लोबल पावरहाउस बना रहा है। इसका कारोबारी ढांचा दिग्गज सेमीकंडक्टर कंपनी टीएसएमसी जैसा है। जैसे टीएसएमसी दूसरों (जैसे एपल) के डिजाइन पर चिप बनाती है, वैसे ही ओडीएम (ओरिजिनल डिजाइन मैन्युफैक्चरर) कंपनियां नए ब्रांड्स के आइडिया को प्रोडक्ट में बदल रही हैं। इस बिजनेस मॉडल के केंद्र में कोलमार कोरिया और कॉसमैक्स जैसी कंपनियां हैं, जो खुद का कोई कंज्यूमर ब्रांड नहीं बेचतीं। इनका काम रिसर्च, प्रोडक्ट डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग



तक सीमित है। कोलमार ने 2024 में ऐसा सिस्टम बनाया, जिससे आइडिया को तैयार प्रोडक्ट में बदलने का समय 9-12 महीने से घटकर सिर्फ 3 महीने रह गया। इनके पास हमेशा 150 से अधिक सेमी-फिनिश्ड प्रोडक्ट्स का कैटलॉग रहता है, जिससे नए उद्यमियों के लिए शुरुआती लागत और रिस्क कम हो जाते हैं। अनोखे बिजनेस मॉडल की बदौलत दक्षिण कोरिया में बिना अपनी फैक्ट्री के कॉस्मेटिक्स बिजनेस करने वाली कंपनियों की संख्या 2025 में बढ़कर 28,412 हो गई। यह एक दशक पहले की तुलना में 4 गुना अधिक है। मैडेका क्रीम और मैन्यो जैसी हिट स्किनकेयर लाइन्स इसी मॉडल की देन हैं। उत्पादन की जिम्मेदारी बाहरी कंपनियों पर होने से नए ब्रांड्स पूरा फोकस सिर्फ मार्केटिंग, ब्रांडिंग और बिक्री पर कर पाते हैं। इस मैन्युफैक्चरिंग मॉडल के दम पर दक्षिण कोरिया में कॉस्मेटिक्स उत्पादन 17.9 ट्रिलियन वॉन (1.19 लाख करोड़ रुपए) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। 2025 में दक्षिण कोरिया का कॉस्मेटिक्स निर्यात 12% बढ़कर 1 लाख करोड़ रुपए से ऊपर निकल गया। इससे दक्षिण कोरिया अमेरिका को पछाड़कर फ्रांस के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ब्यूटी प्रोडक्ट निर्यातक बन गया। हालांकि, ‘के-ब्यूटी’ की इस जबरदस्त सफलता पर अब ‘सी-ब्यूटी’ का खतरा मंडराने लगा है। चीन की कंपनियां दक्षिण कोरिया का ही कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग मॉडल अपनाकर तेजी से नए ब्रांड्स लॉन्च कर रही हैं। जिस फॉर्मूले से कोरिया ग्लोबल लीडर बना, अब उसी फॉर्मूले की नकल करके चीन उसके सामने कड़ी प्रतिस्पर्धा पेश कर रहा है। सिर्फ मैन्युफैक्चरिंग ही नहीं, दक्षिण कोरिया के सीजे ओलिव यंग जैसे रिटेल नेटवर्क्स ने भी नए ब्रांड्स को वैश्विक प्लेटफॉर्म दिया। इसके 1,400 से अधिक स्टोर्स पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र हैं, जबकि इसका ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 60 देशों में सर्विस दे रहा है। कोरियाई सरकार भी 2020 से कॉस्मेटिक्स को सेमीकंडक्टर और एंटरटेनमेंट की तरह प्रमुख एक्सपोर्ट सेक्टर मानकर सब्सिडी और लोन दे रही है। इससे इस सेक्टर के लिए विस्तार की राह असान हो गई है।



## खनन कारोबारियों पर प्रशासन की बड़ी चोट 31 वाहन पकड़े 20 लाख का जुर्माना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** रॉयल्टी के बिना खनिज ढुलाई और ओवरलोडिंग का खेल कर रहे वाहन संचालकों पर मंगलवार सुबह प्रशासन का बड़ा शिकंजा कस गया। जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देश पर संयुक्त टीम ने सिकंदरा क्षेत्र के दो ढाबों पर छापेमारी कर 31 वाहनों को एक साथ पकड़ लिया। जांच में बिना रॉयल्टी बिना वैध परिवहन प्रपत्र और ओवरलोडिंग के मामले सामने आने पर वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे उपजिलाधिकारी सिकंदरा सहायक संभागीय अधिकारी यात्री कर अधिकारी और खनन अधिकारी की संयुक्त टीम गोपाल ढाबा और ओमी ढाबा पहुंची। टीम को यहां बड़ी संख्या में वाहन खड़े मिले अधिकारियों ने वाहनों के दस्तावेज रॉयल्टी और खनिज सामग्री की जांच शुरू की तो कई वाहनों में नियमों की अनदेखी सामने आई।जांच में अनियमितता मिलने पर टीम ने 31 वाहनों को तत्काल निरुद्ध कराते हुए थाना सिकंदरा में खड़ा कराया। सभी वाहन जिलाधिकारी के अग्रिम आदेश तक निरुद्ध रहेंगे। एक साथ इतने वाहनों पर हुई कार्रवाई से वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया।

बॉक्स में कागज पूरे रखो वरना वाहन रहेंगे थाने में प्रशासन की कार्रवाई ने साफ संकेत दे दिया है कि जिले में बिना रॉयल्टी और वैध दस्तावेज के खनिज परिवहन करने वालों की अब खैर नहीं। ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर भी लगातार कार्रवाई की जाएगी।अधिकारियों के मुताबिक अवैध खनन अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। आने वाले दिनों में भी संयुक्त टीम प्रमुख मार्गों ढाबों और खनिज परिवहन से जुड़े क्षेत्रों में वाहनों की जांच करेगी।

## कैंटीन संचालकों पर दबंगों ने किया लाठी डंडों से हमला, रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**रसूलाबाद ।** कानपुर देहात कस्बा कहिंजरी स्थित देशी शराब ठेके पर कैंटीन चला रहे दलित समुदाय के युवकों पर दबंगों द्वारा जातिसूचक शब्द बोलते हुए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच कराकर 2एलोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी है। तहरीर के अनुसार ग्राम चक्कासपुर थाना अरौल कानपुर नगर निवासी मलिखान सिंह अपने साथी किशन निवासी मढ़पुरा थाना इंदरगढ़ए कन्नौज के साथ कस्बा कहिंजरी में देशी शराब ठेके की कैंटीन चलाते हैं। ठेके पर उनके मौसी का लड़का कुलदीप बतौर सेल्समैन काम करता है। पीड़ितों ने बताया कि वे सभी अनुसूचित जाति धानुक समाज से आते हैं। ?पीड़ित मलिखान सिंह का आरोप है कि क्षेत्रीय दबंग मोनू दीपू और उनके अन्य साथी लगातार उन्हें जातिसूचक शब्द कहकर प्रताड़ित कर रहे थे और कैंटीन न चलाने देने व भगा देने की धमकियां दे रहे थे। 10 अगस्त को दबंगों ने बात करने के बहाने उन्हें बाहर बुलाया और एकाएक लाठी.डंडों से हमला बोल दिया। इस मारपीट में पीड़ितों को गंभीर चोटें आई हैं। हमलावर मारपीट के बाद शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

?पीड़ित मलिखान सिंह ने कोतवाल रसूलाबाद एसएन सिंह को प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेकर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



## राजपुर में कन्या जन्मोत्सव एवं बाल कल्याण संरक्षण समिति के साथ तिरंगा अभियान की सफलता का लिया गया संकल्प

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय के मार्गदर्शन में जिला प्रोबेशन अधिकारी महोदय के नेतृत्व में मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 05 नवजात बालिकाओं का कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमे बालिकाओं की माताओं को बेबी केयर किट वितरित की गयी। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित राहगीर योजना के बारे में विस्तृत चर्चा की गई साथ ही जिला मिशन समन्वयक द्वारा महिलाओं व पुरूषों को बेटा.बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव न करने बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करने बालिकाओं को बालकों के समकक्ष समझा जाना तथा कन्या भ्रूण हत्या के प्रति जागरूक किया गया साथ ही नवजात बालिकाओं के माता.पिता को कन्या सुमंगला योजना की प्रथम श्रेणी की जानकारी देते हुये आवेदन कराने हेतु अवगत कराया गया। विकास खण्ड राजपुर के सभागार में खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की द्वितीय त्रैमासिक बैठक आहूत की गयी। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा विकासखण्ड के समस्त केन्द्रों से उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बालकों की देखरेखए संरक्षणए उपचार विकास और पुनर्वास और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं तथा संरक्षण के विषय मेंए पाक्सो यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम 2012ए बाल विवाह से होने वाले नुकसान थाने मे कार्यरत महिला हेल्पडेस्क आदि के बारे में जानकारी दी गई प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी मातृ वंदन योजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिला प्रोबेशन कार्यालय से जिला मिशन समन्वयक द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना पर चर्चा करते हुये वर्षों से गिरते लिंगानुपात के कारण महिलाओंध्पुरूषों में बालिकाओं के प्रति भेदभाव महिला की सुरक्षा और सशक्तीकरण तथा गुड टच.बैड टच के बारे में अवगत कराते हुये स्कूलों में प्रचार प्रसार कराये जाने हेतु आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रोत्साहित करते हुये महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा आपातकालीन सेवायें जैसे 1811090112,1098,1076 आदि के बारे में जागरूक कर समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को पम्पलेट भी वितरित किये गये। साथ हर घर तिरंगा रैली में प्रतिभाग किया गया कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्र0 बाल विकास परियोजना अधिकारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुपरवाइजरए डॉ0ए जिला प्रोबेशन कार्यालय से जिला मिशन समन्वयक लेखा सहायक सामाजिक कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री महिला पुरूष आदि उपस्थिति रहे।

# रसूलाबाद में पीडीए की हुंकार- नीलम कठेरिया के सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, 2027 में सपा सरकार का संकल्प

**जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी अखिलेश के फॉर्मूले पर एकजुट हुए हजारों कार्यकर्ता**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो रसूलाबाद कानपुर देहात। 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी समाजवादी पार्टी ने अपनी ताकत दिखा दी। मंगलवार को रसूलाबाद के गुलशन गेस्ट हाउस में सपा की टिकट की प्रबल दावेदार नीलम कठेरिया द्वारा आयोजित विशाल पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में कठेरिया समाज सहित हजारों कार्यकर्ताओं और आम जनता ने भाग लेकर यह संदेश दे दिया कि प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है।



सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पीडीए पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक गरीब अगड़ों को एक मंच पर लाकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के हाथ मजबूत करना था। वक्ताओं ने कहा कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी के फॉर्मूले से ही सामाजिक न्याय संभव है। पूर्व सांसद राजाराम पाल ने कहा कि पीडीए के नायक अखिलेश यादव ने दलित पिछड़ों और अगड़ों की आवाज बनकर एकता का नारा दिया है। इसी एकता ने भाजपा की संविधान बदलने की साजिश पर पानी फेर दिया। 2024 में 400 पार का नारा देने वाली भाजपा को 240 पर लाकर जनता ने जवाब दे दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि सभी लोग एकजुट होकर सपा को मजबूत करें। 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर ही हम बाबा साहब के संविधान और आरक्षण को बचा पाएंगे। लोहियावाहिनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉण् राममनोहर लोहिया का सपना था कि देश में पिछड़ों दलितों और अल्पसंख्यकों को बराबर का सम्मान मिले। आज वही सपना अखिलेश यादव पीडीए के जरिए पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई बेरोजगारी और पेपर लीक ने युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। 2027 में पीडीए की सरकार बनते ही नौजवानों को रोजगार और किसानों को सम्मान मिलेगा। कार्यकर्ताओं से अपील है कि गांव.गांव जाकर सपा की नीतियों को घर.घर पहुंचाएं। सपा उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज हमेशा से सपा के साथ रहा है। भाजपा सरकार में अल्पसंख्यकों को टारगेट किया जा रहा है। हमारे नेता अखिलेश यादव ने हमेशा भाईचारे की राजनीति की है। उन्होंने कहा रसूलाबाद की जनता ने नीलम कठेरिया को जो प्यार और समर्थन दिया है वो काबिलेतारीफ है। नीलम कठेरिया महिला सशक्तिकरण की मिसाल हैं। 2027 में रसूलाबाद से सपा का परचम लहराएगा। सपा वरिष्ठ नेता वीर सेन यादव ने कहा कि कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में रसूलाबाद विधानसभा होने के कारण सबसे ज्यादा विकास कार्य हुए। सपा सरकार बनते ही रसूलाबाद की सूरत बदल गई। पहले यहां पैदल चलना भी मुश्किल था सपा सरकार में सड़कें बिजली और स्वास्थ्य सुविधाएं मिली हैं। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार बबलू राजा ने कहा कि पीडीए के एकजुट हो जाने से हम जनपद की चारों विधानसभाओं पर जीत सुनिश्चित करेंगे। हमारे नेता अखिलेश यादव छोटे से छोटे कार्यकर्ता का सम्मान करते हैं। आज वही पीडीए की आवाज बनकर देश की संसद में बुलंदी से बोल रहे हैं। सम्मेलन की आयोजक नीलम कठेरिया ने कहा कि आज पीडीए सम्मेलन में आए सभी समाज के लोगों का दिल से अभिनंदन करती हूं। भावुक होते हुए उन्होंने कहा मेरे स्व पति ने मुझसे कहा था कि रसूलाबाद की जनता की सच्चे मन से सेवा करना क्योंकि यहां की जनता हमें बहुत सम्मान देती है। इतना कहते ही उनकी आंखें भर आईं और जनता भी भावुक हो गई और सभी ने खड़े होकर उन्हें अपना खुला समर्थन देने का वादा किया। सपा के वरिष्ठ नेता धीरू कटियार ने कहा कि जनता को डराने वाले लोग मर्यादा में रहें। यह याद रखें कि नीलम कठेरिया जन.जन की आवाज बनकर 2027 के विधानसभा चुनाव में रसूलाबाद से सपा की विधायक बनने जा रही हैं। जनता ने मन बना लिया है।

उल्लेखनीय है कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव द्वारा हिस्सेदारी के आधार पर टिकट की घोषणा के बाद से सभी दावेदार अपनी ताकत दिखाने में जुटे हैं। आज के सम्मेलन में जनता ने नीलम कठेरिया को अपार जनसमर्थन देकर उनकी दावेदारी को मजबूती प्रदान की। स्थानीय लोगों का कहना है कि रसूलाबाद में आज तक इतनी बड़ी पीडीए पंचायत कोई नेता नहीं कर पाया। सम्मेलन में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेश यादव आलोक रत्न यादव विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर राजपूत गुड्डू यादव दिवारी लाल प्रजापति राज कुमार यादव विधान सभा।महासचिव धीरज यादव देवेंद्र सिंह अभय गुप्ता संजय यादव अरविंद यादव शरद दुबे दिनेश चक्रवर्ती बलबीर कुशवाहा अमित यादव गजेंद्र यादव जिला कोषाध्यक्ष गोपाल गुप्ता सौरभ यादव छोटू यादव शिवम यादव डॉ नरेंद्रयादव रानू यादव ललित कोरी नत्थू यादव सहित हजारों पीडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला की उपस्थिति में वंदे मातरम का सामूहिक गान एवं तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** मंगलवार को तहसील अकबरपुर परिसर में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर राजकुमार पांडेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 9रू30 बजे वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए पूरे उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया। इस दौरान पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की भावना से ओत.प्रोत रहा। वंदे मातरम के सामूहिक गायन के उपरांत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।



तिरंगा यात्रा तहसील परिसर अकबरपुर से प्रारंभ होकर अकबरपुर इंटर कॉलेज तक निकाली गई। यात्रा में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा राष्ट्र की एकता अखंडता और गौरव का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में तहसीलदार नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक समस्त लेखपाल एवं तहसील के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा में सहभागिता की। तिरंगा यात्रा निर्धारित मार्ग से होते हुए अकबरपुर इंटर कॉलेज पहुंची जहां यात्रा का सकुशल समापन हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से देशभक्ति राष्ट्रीय एकता अखंडता एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध की भावना को सशक्त करने का संदेश दिया गया।



## प्रतिभा शुक्ला के सफल हुए प्रयास और आखिर आ ही गई महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो रनिया कानपुर देहात। पिछले ढाई सालों से प्रयासरत सदर विधायक राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला के प्रयास आज उस समय कामयाब होते दिखाई दिए जब चिटिकपुर चौराहे पर महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगवाए जाने सम्बन्धी वायदे को पूरा कर दिखाया मंगलवार को स्थापित होने वाली प्रतिमा के आने पर उन्होंने सहयोगियों सहित पुष्प वर्षा कर हर्ष व्यक्त किया उन्होंने कहा कि जनता ने उनपर बहुत बड़ा विश्वास किया है और उस विश्वास को वे कभी टूटने नहीं देगी बताते चलें कि ढाई वर्षो से सदर विधायक प्रतिभा शुक्ला द्वारा रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थापित कराने का प्रयास किया जा रहा था उसी कड़ी में मंगलवार को जब मूर्ति चिटिकपुर चौराहे पर संचालित समिति के पास आई तो विधायक सहित क्षेत्र वासियो में हर्ष की लहर दौड़ गई पत्रकार वार्ता में सदर विधायक ने बताया कि मूर्ति लगभग 22 लाख की लागत से आई है और इसकी ऊंचाई लगभग 20 फीट होगी जबकि लक्ष्मीबाई पार्क का सुंदरीकरण 45 लाख लगाकर किया जाएगा जिसमें बच्चों के लिए खुला जिम बैठने के लिए कुर्सियां घास स्ट्रीट लाइट आदि की व्यवस्था होगी जिससे कस्बा रनिया का और सुंदरीकरण हो सकेगा औद्योगिक क्षेत्र होने के साथ.साथ सुंदरीकरण होना अति आवश्यक है जिस पर लोगों ने श्रीमती शुक्ला की प्रशंसा करते हुए कहा कि विधायक हो तो प्रतिभा शुक्ला जैसा होना चाहिए जो अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है लोगों ने उन्हें आश्वासन दिया कि हम सभी लोग आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम करेंगे इस दौरान भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता अंशु तिवारी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुशवाहा नितिन कुशवाहा नीतू पांडेय सोनू मिश्रा पम्मी सिंह भदोरिया ममता सिंह भदोरिया चेयरमैन प्रतिनिधि रामकिशोर दिवाकर अनु सिंह भदोरिया आदि सैकडो लोग मौजूद रहे।

## सूने घर में 16 वर्षीय किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

**माता.पिता बाजार से लौटे तो अंदर से बंद मिला दरवाजा कमरे में फंदे पर लटका मिला शव**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात। गजनेर थाना क्षेत्र के भैथाना गांव के मजरा भागीरथपुर में सोमवार दोपहर 16 वर्षीय किशोरी ने सूने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के समय उसके माता.पिता बाजार गए हुए थे। बाजार से लौटने पर घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने किसी तरह अंदर प्रवेश किया। कमरे में किशोरी का शव फंदे पर लटका देख परिवार में कोहराम मच गया। भागीरथपुर गाव निवासी विनोद कुमार की 16 वर्षीय बेटी उर्मि सोमवार दोपहर घर पर अकेली थी। उसके पिता विनोद कुमार और मां संगीता देवी सब्जी लेने सरवनखेड़ा बाजार गए थे। करीब ढाई बजे दोनों वापस लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज लगाने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। इसके बाद परिजनों ने लकड़ी का दरवाजा उठाकर घर के अंदर प्रवेश किया। कमरे में उर्मि धन्नी से दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटकी मिली।किशोरी भाई.बहनों में सबसे छोटी थी। परिवार में एक भाई और चार बहनें हैं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुच गए सूचना पर गजनेर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच.पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। किशोरी ने यह कदम क्यों उठाया

इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सिकंदरा में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन कर दिखाया गया राष्ट्र के प्रति अपार स्नेह



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** तहसील सिकंदरा के अंतर्गत नगर पंचायत सिकंदरा में मंगलवार को देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना से ओत.प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय से पटेल चौराहे तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में अधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर राष्ट्रप्रेम एवं एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम के सामूहिक गायन का भी आयोजन किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे उत्साह एवं श्रद्धाभाव के साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर पूरा वातावरण देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत.प्रोत रहा। कार्यक्रम में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अजीत सिंह पाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा पाल सहित नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सिकंदरा उषा सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्ग से होते हुए पटेल चौराहे तक पहुंची। यात्रा के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं राष्ट्र की एकता अखंडता और संप्रभुता के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि तिरंगा देश की आन बान और शान का प्रतीक है तथा वंदे मातरम राष्ट्रप्रेम और देश के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से आमजन में राष्ट्रीय एकता देशभक्ति एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध की भावना को और अधिक सशक्त किया जा सकता है।कार्यक्रम शांतिपूर्ण गरिमामयी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुआ।

## अब तक पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं प्रदर्शनी मेला में तोड़फोड़ करने वाले दबंग




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** नगर पंचायत शिवली कस्बे में कोतवाली से चंद कदम दूरी पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय की स्मृति में चल रही मेला प्रदर्शनी महोत्सव एवम सावन कावड़ मेला परिसर में बीती शुक्रवार की रात दो बाइको पर सवार होकर आए अराजक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया और तोड़फोड़ की।जिससे सनसनी फैल गई और प्रदर्शनी में दुकान लगाए दुकानदारों में रोष व्याप्त हो गया।घटना के बाद भाग रहे युवक सी सी टी वी कैमरे में कैद हो गए। प्रदर्शनी मालिक ने पास में चल रही नुमाइश स्वामी समेत उनके कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत शिवली कस्बे में कोतवाली के ठीक पीछे चंद कदम की दूरी पर एक मैदान में झीझक कस्बा निवासी रवी सिंह चौहान शिवली प्रदर्शनी महोत्सव एवम सावन कावड़ मेला नुमाइश का पांच दिन पहले सोमवार को संचालन शुरू किया था। प्रदर्शनी में सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था की शुक्रवार की देर रात करीब तीन बजे सफेद रंग की अपाचे व नीले रंग की साइन बाइक पर सवार तीन अज्ञात युवक आए और दो युवक प्रदर्शनी के मुख्य द्वार पर खड़े रहे जबकि अन्य युवक अंदर गए और जलपरी काउंटर का वेश कीमती शीशा आदि तोड़फोड़ करने के बाद मौके से भाग निकले।घटना की आहट पाकर प्रदर्शनी में दुकान लगाए दुकानदार ने जब आरोपियों का पीछा किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहीं समीप में चल रही दूसरी प्रदर्शनी के सामने बाइक खड़ी कर वहीं घुस गए।जब दुकानदार वहां पहुंचा तो उपरोक्त प्रदर्शनी के लोग असलहा लहराते हुए झगड़ा फसाद पर आमादा हो गए और जान से मारने के साथ साथ तबाह कर देने की धमकी देने लगे।जबकि घटना को अंजाम देकर भाग रहे आरोपी जय जागेश्वर इंटर कालेज गेट पर लगे सी सी टी वी कैमरे में कैद हो गए।शनिवार की सुबह शिवली मेला प्रदर्शनी महोत्सव एवम सावन कावड़ मेला मालिक रवी सिंह चौहान ने पास में चल रही नुमाइश के स्वामी समेत उनके कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंचे कस्बा प्रभारी अच्छे लाल ने घटना की छानबीन की।समाचार लिखे जाने तक घटना का मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।इस बाबत कोतवाली प्रभारी अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया मामले की जानकारी मिली है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# स्टेडियम के लिए भूमि चयन पर अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण

- जीआईसी चुन्नीगंज में आकार ले रहा 4.92 करोड़ का इंडोर मिनी स्टेडियम
- बैडमिंटन, टेबल टेनिस समेत कई खेलों की मिलेगी सुविधाएं



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** चुन्नीगंज स्थित जीआईसी परिसर में 4.92 करोड़ रुपये की लागत से इंडोर मिनी स्टेडियम आकार ले रहा है। इसमें बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस सहित विभिन्न इंडोर खेलों की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग की इस परियोजना का निर्माण उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद निर्माण खंड कानपुर-1 द्वारा कराया जा रहा है। मंगलवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने उक्त निर्माणाधीन परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने इंडोर मिनी स्टेडियम के लिए चयनित स्थान को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने पाया कि जिस स्थान पर स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है, उसके पीछे भी पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि निर्माण के लिए पीछे उपलब्ध भूमि का चयन किया गया होता, तो सामने की भूमि की उपयोगिता भविष्य में अन्य आवश्यक कार्यों के लिए बेहतर ढंग से की जा सकती थी। जिस पर जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के संबंधित अधिकारियों से भूमि चयन के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने यह स्पष्ट करने के निर्देश दिए कि परिसर में पीछे पर्याप्त भूमि उपलब्ध होने के बावजूद इंडोर मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए सामने की भूमि का चयन किन परिस्थितियों और आधार पर किया गया। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ कार्य की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण में अनावश्यक विलंब न हो और परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। इंडोर मिनी स्टेडियम के निर्माण से जीआईसी के विद्यार्थियों को परिसर में ही बैडमिंटन, टेबल टेनिस सहित विभिन्न इंडोर खेलों के अभ्यास की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे विद्यार्थियों एवं खेल प्रतिभाओं को बेहतर खेल अवस्थापना उपलब्ध हो सकेगी।

## इसी माह होगा स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम का लोकार्पण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में 8.10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम बनकर तैयार हो गया है। करीब 500 छात्रों की बैठने की क्षमता वाले इस आधुनिक ऑडिटोरियम का इसी अगस्त माह में लोकार्पण कराया जाएगा। मंगलवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यदायी संस्था यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा निर्मित ऑडिटोरियम को विद्यार्थियों और शिक्षकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। कार्यक्रमों के बेहतर आयोजन के लिए आधुनिक लाइटिंग व्यवस्था और साउंड सिस्टम की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी ने 8.10 करोड़ रुपये की यह परियोजना वर्ष 2016 में प्रारंभ की गई थी, लेकिन बाद में निर्माण कार्य लंबे समय तक लंबित रहा। फरवरी 2025 में परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया तो निर्माण लंबे समय से ठप पाया गया। इसके बाद जिलाधिकारी के स्तर से परियोजना को पुनः गति देने के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई और शासन स्तर पर आवश्यक पत्राचार किया गया। लंबित प्रकरणों के निस्तारण के साथ निर्माण कार्य ने दोबारा गति पकड़ी। अब परियोजना का निर्माण पूर्ण हो चुका है और ऑडिटोरियम लोकार्पण के लिए तैयार है। इस दौरान एडीआईओएस प्रशांत द्विवेदी समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा सैलाब, लगे गगन भेदी नारे



**– पनकी मंडल में निकली निकाली यात्रा, लोगों में दिखा उत्साह**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को दादा नगर में एक विशाल एवं भव्य तिरंगा यात्रा का निकाली गई। यात्रा में क्षेत्र के लोगों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और पूरा क्षेत्र भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विधायक सुरेंद्र मैथानी ने तिरंगा फहराकर और खुद हाथ में राष्ट्रध्वज लेकर यात्रा का नेतृत्व किया। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित भी विशेष रूप से मौजूद रहे। यह विशाल यात्रा पनकी मंडल के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा, महिलाएँ और पार्टी कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के तरानों पर झूमते नजर आए। जगह-जगह क्षेत्रीय जनता ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान आज एक जनांदोलन बन चुका है। तिरंगा हमारी आन, बाण और शान का प्रतीक है। यह यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उन अनगिनत बलिदानियों को नमन करने का माध्यम है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से देश के कोने-कोने में देशभक्ति का एक नया संचार हुआ है। आज की यह विशाल यात्रा समाज के हर वर्ग को एकजुट करने और नई पीढ़ी को देश सेवा के प्रति प्रेरित करने का काम कर रही है। इस अवसर पर पार्षद आरती त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, अभिनव दीक्षित, ललित उपाध्याय, सियाराम पाल, आलोक तिवारी, राजेश सिंह, केके तिवारी, प्रियंका सिंह, आशा पाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

## दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, पथराव

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर। पनकी स्थित सरायमीता इलाके में दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान दोनो तरफ लाठी-डंडे चलने लगे। घटना से इलाके में अफरा-तफरी का महौल बन गया। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की भूमिका की पड़ताल शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक विवाद की शुरुआत मामूली कहासुनी से हुई थी, जो अगले दिन मारपीट में बदल गई। एक पक्ष ने तहरीर दी है, लेकिन वीडियो में शिकायतकर्ता पक्ष के लोग भी मारपीट करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में पुलिस सभी तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दो पक्ष आमने-सामने भिड़े दिखाई दे रहे हैं। दोनों ओर से लाठी-डंडे चल रहे हैं और लोग एक-दूसरे पर लात-घूंसों से हमला कर रहे हैं। इसी दौरान कुछ लोग पथराव भी करते नजर रहे हैं। पनकी थाना प्रभारी दिनेश कुमार भिष्ट ने बताया कि वायरल वीडियो को जांच का हिस्सा बनाया गया है। वीडियो में दिखाई दे रहे लोगों की पहचान कर उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। साथ ही इलाके में पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि दोबारा विवाद की स्थिति न बने।

## सुगम यातयात हेतु कचहरी परिसर में चला अतिक्रमण अभियान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** मंगलवार को पुलिस अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से कानपुर कचहरी परिसर में अतिक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान कचहरी परिसर और उसके आसपास सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों को हटवाया गया। साथ ही ठेले, खोमचे और सब्जी विक्रेताओं को सार्वजनिक मार्ग खाली करने की चेतावनी दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क पर अवैध कब्जा और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है, जिससे अधिवक्ताओं, वादकारियों और आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

कानपुर बार एसोसिएशन और लॉयर्स एसोसिएशन के महामंत्रियों ने अधिवक्ताओं और आम जनता से अपील की है कि वह अपने वाहन निर्धारित स्थानों पर ही खड़े करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। यह अभियान एसीपी कोतवाली के नेतृत्व में चलाया गया। उन्होंने बताया कि कचहरी परिसर में जाम की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के कारण एंबुलेंस, पुलिस वाहन और अन्य वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होती थी। एसीपी अमित कुमार पांडे ने कहा कि अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य कचहरी परिसर को जाम और अतिक्रमण मुक्त बनाकर आने-जाने वाले लोगों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की।

## प्रताड़ना से तंग युवती ने दी जान, पति समेत ससुरालीजन फरार

**-मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगा किया हंगामा**

**- सुसाइड नोट में लगाए गंभीर आरोप**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** पति व ससुरालीजनों की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या से पहले विवाहिता ने तीन पन्ने का सुसाइड नोट लिखा, जिसमें जिक्र किया है कि सब लोगों ने मिलकर हमे बहुत परेशान कर लिया था... रोज मारते थे, फोन करके गाली देते थे। नौ साल से सह रहे हैं, अब सह नहीं पाएंगे। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया। घटना के बाद पति समेत ससुरालीजन मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुमन की शादी 9 साल पहले बिधनू के गुरु का पुरवा निवासी बस चालक इंद्रजीत से हुई थी। उनके दो बच्चे श्याम व भूमि हैं। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से पति समेत ससुरालीजन बेटी से प्लॉट खरीदने के लिए दहेज में 10 लाख रुपए की मांग करते थे, मना करने पर आए दिन मारपीट करते थे। शादी के 2 साल बाद दहेज की मांग पूरी न करने पर पति ने मारपीट कर बेटी को नहर में फेंक दिया था। जिस पर रिश्तेदारों ने दोनों पक्षों के बीच में समझौता करा दिया था। 4 साल से इंद्रजीत, पत्नी व बच्चों के साथ अपने मामा सुमेर की दी हुई जमीन पर घर बनाकर रह रहा था। 19 मई को इंद्रजीत ने बेटी के साथ दोबारा मारपीट की थी, जानकारी पर वह बेटी व बच्चों को अपने साथ घर ले आए थे। पति के दोबारा मारपीट न करने पर आश्वासन पर 28 जुलाई को उन्होंने बेटी को मायके भेजा था। सोमवार को पड़ोसियों ने बेटी के फंदे पर लटके होने की जानकारी दी। जब वह मौके पर पहुंचे तो बच्चे श्याम व भूमि ने बताया कि सुबह स्कूल जाने के दौरान पापा ने मम्मी को पीटा था, जब वह स्कूल से लौटे तो मम्मी फंदे से लटकी हुई थीं। मृतका के कपड़े फटे मिलने पर परिजनों ने हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंची बिधनू पुलिस को जांच के दौरान तीन पन्ने का सुसाइड नोट मिला, जो कि फटा हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

### बच्चों को उधार रकम वापस दिलाने की गुहार

पुलिस को मिले सुसाइड नोट में सुमन ने कई रिश्तेदारों व परिचितों के नाम लिखते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने लिखा कि पति इंद्रजीत को शराब पिलाकर उससे मारपीट कराई जाती थी और घर में शराब-सिगरेट पीकर दबंगई दिखाई जाती थी। छोटे मामा अनमोल सिंह के पास 15 लाख रुपए है, हम मांगते हैं, वो देते नहीं है। इसके अलावा उसने सुधा मामी को 1 लाख रुपये और बनवारी मामा को 3 लाख रुपये जमीन के लिए देने का जिक्र करते हुए पुलिस से वह रकम अपने अनाथ बच्चों को वापस दिलाने की गुहार लगाई है। नोट में विशाल, विजय, कल्लू, जया, लक्ष्मी, काजल, मंजू और महिपाल पर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। बहुत सताया है, 9 साल से सह रहे हैं, अब सह नहीं पाएंगे।

## साइबर ठग बना फर्जी आईपीएस अधिकारी, ठगे साढ़े आठ रूपए

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कानपुर।** मसवानपुर निवासी राजेंद्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि 22 जुलाई को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉलर ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का आईपीएस अधिकारी विजय खन्ना बताया। उसने कहा कि राजेंद्र का नाम एक साइबर अपराध मामले में सामने आया है और कार्रवाई से बचने के लिए सहयोग करना होगा। आरोपी ने खुद को असली अधिकारी साबित करने के लिए पीड़ित के मोबाइल पर कुछ फर्जी दस्तावेज भी भेजे। इसके बाद गिरफ्तारी, कानूनी कार्रवाई और मुकदमे का डर दिखाकर लगातार मानसिक दबाव बनाया। जिस पर पीड़ित ने उसकी बातों पर भरोसा कर लिया। साइबर ठग के झांसे में आकर राजेंद्र ने 23 जुलाई को उसके बताए बैंक खाते में आरटीजीएस के जरिए 8 लाख 56 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। रकम भेजने के बाद भी आरोपी की ओर से लगातार कॉल आने लगीं, जिससे उन्हें शक हुआ। जांच करने पर उन्हें ठगी का एहसास हुआ। ठगी की जानकारी होने पर राजेंद्र ने रावतपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। पुलिस मोबाइल नंबर, बैंक खाते और ट्रांजेक्शन से जुड़े तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। रावतपुर थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# सभा में मनोनीत हुए अशोक अध्यक्ष व सुबोध व बालकृष्ण महामंत्री



- **किदवई नगर उद्योग व्यापार मंडल की नई टीम ने संभाला पदभार**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** किदवई नगर उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में मंगलवार को आम सभा व पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने पूर्व में घोषित किदवई नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद पर मार्बल मार्केट से अशोक शुक्ला, बालकृष्ण गुप्ता व किदवई नगर मुख्य बाजार से सुबोध पाण्डेय को महामंत्री, दवा कारोबारी समीर लांबा को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनयन की घोषणा की। इसके अलावा युवा इकाई के अध्यक्ष पद पर विनायक पोद्दार, वरिष्ठ महामंत्री के पद पर प्रखर श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष के पद पर अभिनव प्रताप सिंह का मनोनयन किया गया। आम सभा में तय हुआ कि युवा इकाई का विस्तार जल्द किया जाएगा। इसके साथ ही किदवई नगर उद्योग व्यापार मंडल की मुख्य इकाई में जयकुमार शर्मा, आशुतोष दीक्षित, संजय गुप्ता, शरद मिश्र, प्रवीण कपूर, उदयप्रकाश त्रिपाठी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर, दीपक पांडेय व विवेक गुप्ता को संयुक्त महामंत्री और राजीव गुप्ता, योगेंद्र मिश्रा, अमित अग्निहोत्री, आशुतोष बंसल, अनिल मिश्रा, शिवा मिश्रा, आशु मेहरोत्रा को उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे व जिला वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन की जिला इकाई के सभी पदाधिकारी किदवई नगर के व्यापारियों की हर समस्या में आप सभी के साथ खड़े हैं। आवश्यकता पड़ने पर पूरी जिला इकाई खड़ी होगी। समारोह में प्रमुख रूप से युवा ट्रांसपोर्ट एसो के संरक्षक श्याम शुक्ल, भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के दक्षिण अध्यक्ष कमल त्रिपाठी, दक्षिण वरिष्ठ महामंत्री केके गुप्ता, दक्षिण वाइस चेयरमैन नीरज शुक्ला, जिला टास्क फोर्स संयोजक पवन गौड़, दक्षिण युवा अध्यक्ष अनुज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## पांच किलो अवैध गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**-सिंडिकेट का पर्दाफाश करने में जुटी पुलिस**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** नशा विरोध अभियान के तहत रावतपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से कुल 5.477 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस पकड़े गए तस्करों के गिरोह के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

रावतपुर थाना प्रभारी कमलेश राय के नेतृत्व में पुलिस टीम मसवानपुर स्थित मामा तालाब के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो युवक पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर दोनों को रोक लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 5.477 किलो गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए तस्कर राजभान सिंह उर्फ शिवा और पंकज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ शुरू कर दी है। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपी इलाके में अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त थे। पुलिस अब इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि गांजे की यह खेप कहाँ से लाई गई थी और इसे किन-किन लोगों को सप्लाई किया जाना था। पुलिस का दावा है कि जल्द ही तस्करी के इस पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश किया जाएगा।

# हिस्ट्रीशीटर पंकज ठाकुर का पुलिस ने निकाला जुलूस

**-पांच दिन पूर्व अधिवक्ता के घर पर किया था पथराव**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** अधिवक्ता के घर पथराव करने वाले अपराधी पंकज ठाकुर को गुजैनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इलाके में भय खत्म करने के लिए पुलिस ने अपराधी डेढ़ किमी लम्बा जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपी लोगों को हाथ जोड़कर अपराध न करने की वीनती करता रहा। इसके बाद पुलिस कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

मर्दनपुर निवासी निखिल तिवारी पेशे से अधिवक्ता हैं। उनका छोटा भाई अखिल पतरसा स्थित डिग्री कॉलेज में बीए थर्ड ईयर का छात्र है। अखिल ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले उसने पनकी, गोपालपुर कालिका नगर निवासी हिस्ट्रीशीटर पंकज ठाकुर को 10 हजार रुपए उधार दिए थे। पैसे वापस मांगने पर कुछ समय पहले पंकज ने उसे अंबेडकर नगर बुलाया, जहां उसके साथ मारपीट की थी। बीते गुरूवार भोर पहर हिस्ट्रीशीटर पंकज अपने साथी सनी गुप्ता व दो अज्ञात साथियों के साथ घर आकर गाली-गलौज करते हुए पथराव कर दिया था। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज में पथराव करते हुए हिस्ट्रीशीटर कैद हो गया था। वीडीयो वायरल होने के बाद गुजैनी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 9 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद पुलिस ने देर रात हिस्ट्रीशीटर पंकज ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। इलाके से वर्चस्व खत्म के लिए पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर का गुजैनी बाईपास से बर्रा-8 तक डेढ़ किमी लम्बा जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपी इलाके के लोगों से हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा कि अब कभी अपराध नहीं करेगा।

# कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत पकड़ बनाने वाले का होगा अध्यक्ष पर चयन

**- संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस ने शुरू सृजन अभियान**

**- एआईसीसी पर्यवेक्षक ने चुनाव को लेकर शुरू किया विचार- विमर्श**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**





**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पश्चिम बंगाल और लद्दाख में भी एक साथ संगठन सृजन अभियान की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस अभियान के माध्यम से कमेटियों को अधिक मजबूत, जवाबदेह, सक्रिय और जनसरोकारों से सीधे जुड़ा बनाने के लिए नए जिला अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। यह केवल पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि संगठन को बूथ, ब्लॉक, मंडल और जिला स्तर तक मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं और जनता के बीच संगठन की सक्रिय मौजूदगी सुनिश्चित करने का व्यापक अभियान है। यह बात प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस के पूर्व सांसद व एआईसीसी पर्यवेक्षक रघु शर्मा ने कही।

विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने जमीनी स्तर से तैयारियां शुरू कर दी है। सात दिन के दौरे पर शहर आए राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री रघु शर्मा ने कहा कि देश में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से अभियान का मुख्य उद्देश्य सृजन अभियान की शुरूआत की गई है। श्री शर्मा ने कहा कि एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों को जिला अध्यक्ष के चयन के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों, पूर्व पदाधिकारियों तथा सिविल सोसायटी से व्यापक और गहन विचार-विमर्श करना होगा। इसके आधार पर सबसे उपयुक्त नेतृत्व की पहचान की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष का चयन ऐसी नेतृत्व क्षमता को ध्यान में रखकर किया जाएगा, जो कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें। यह अभियान भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा से मिले न्याय, समावेशन और धर्मनिरपेक्षता के संदेश को संगठनात्मक रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। श्री शर्मा ने नागरिकों से अपील की कि वे संगठन सृजन अभियान में सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी करें और ऐसे नेतृत्वकर्ताओं की पहचान में सहयोग करें, जो कांग्रेस के मूल्यों में विश्वास रखते हों, जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने की क्षमता रखते हों तथा संगठन को मजबूती के साथ आगे ले जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यवेक्षकों द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी प्रक्रिया पूरी कर एआईसीसी को रिपोर्ट सौंपी जाएगी, जिसके बाद जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। प्रेस वार्ता में नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता, ग्रामीण अध्यक्ष संदीप शुक्ला, पीसीसी से पूर्व विधायक मीता गौतम और प्रमोद सिंह उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। पर्यावरण विकास संस्थान के तत्वावधान में महान क्रांतिकारी शहीद खुदीराम बोस की पुण्यतिथि बाबूपुरवा कालोनी कार्यालय में श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहीद के चित्र का अभिषेक करने के बाद माल्यार्पण किया तथा उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद आयोजित गोष्ठी में संस्था के संस्थापक राकेन्द्र मोहन तिवारी ने खुदीराम बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था से ही संगठन युगान्तर संस्था में जुड़कर क्रांतिकारी गतिविधियों में संलग्न होकर एक मेले में वन्दे मातरम के पर्चे बाटने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया और कठोरतम 15 बेंतों की सजा सुनाई, जिसके परिणाम स्वरूप अंग्रेज अधिकारी हार्डिंग के काफिले पर बम फेंक कर क्रांतिकारियों के अपमान का बदला लिया। मुख्यवक्ता शिक्षाविद उमेश शुक्ला ने कहा कि किंग्सफोर्ड के बंगाल में रहते हुए देशभक्तों और पत्रकारों को कोड़े लगवाने जैसी बेहद निर्मम सजा देने के लिए कुख्यात था, उन्होनें कहा कि क्रांतिकारियों ने उसे सबक सिखाने के लिए खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चंद चाकी को उसे मारने का काम सौंपा था, दुर्भाग्य से किंग्स हार्डिंग तो बच गया, किन्तु अन्य दो लोगों की हमले में मृत्यु होने से खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चंद चाकी को फांसी की सजा दी गयी थी। उक्त घटना के बाद अंग्रेजी सरकार क्रांतिकारियों से डरने लगी थी। खुदीराम बोस सबसे कम आयु में फांसी पाने वाले क्रांतिकारी बन गये थे। कार्यक्रम के अंत में कवि संजीव मिश्रा ने शहीद खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक देश भक्ति का गीत सुनकर सबको भाव विभोर कर दिया। श्रद्धांजलि सभाप्रमोद अग्रहरि बॉर्डर, संस्था के महामंत्री शैलेन्द्र मोहन तिवारी, मोहम्मद अतहर, दिव्यांश मिश्रा, शिवा यादव, दिलशाद अली, राहुल, मोहम्मद सुहैल, सोनू सविता आदि उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर



### रुद्राभिषेक व विशाल भंडारे का भव्य आयोजन

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) कानपुर** मंगलवार को काकादेव स्थित तुलसी नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के शुभ अवसर पर दुर्गेश मिश्रा द्वारा रुद्राभिषेक व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस आयोजन को प्रतिवर्ष आरती फाउंडेशन द्वारा किया जाता है तथा वर्ष में कई बार इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है भंडारे में पूडी सब्जी हलुआ ठंडाई का वितरण किया गया भंडारे का आयोजन 12 बजे से रात्रि तक चला कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिव्यांशु मिश्रा आदि सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित है

### महिला चिकित्सक के चालक को बाइक सवार ने पीटा फोड़ा सिर

**सीएचसी से चालक की हालत गंभीर देखते हुए हैलट अस्पताल किया गया रेफरए कार के बाइक के छूने पर भड़का बाइक सवार**



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** घाटमपुर। सीएचसी में तैनात महिला चिकित्सक की कार बाइक से छूने पर भड़के बाइक सवार ने साथियों के साथ मिलकर चालक पर हमला कर दिया। सिर पर पत्थर से हमला करने पर चालक जमीन पर गिर पड़ा। इससे पहले हमलावरों को पकड़ा जाता धमकाते हुए भाग गया। महिला चिकित्सक ने थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। सीएचसी में तैनात महिला चिकित्सक गौरी तिवारी ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उसकी कार का चालक सत्यम सिंह सेंगर कार बैक कर रहा था। पीछे से कार हमलावर की बाइक से छू गई। इस बात को लेकर दोनो के बीच हुए मामूली विवाद के बाद बाइक चालक मौके से चला गया। कुछ देर बाद अपने दो साथियों के साथ आकर आरोपी ने चालक पर सीएचसी के अन्दर घेर कर पत्थर से जानलेवा हमला बोल दिया। जिसके सिर पर गंभीर चोट आने के साथ सिर से ब्लीडिंग शुरू हो गई। जिसे बेहोशी की हालत में इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। साथ ही 100 नव डायल कार घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा हमलावरों की तलाश की जा रही थी। वहीं चालक को आई गम्भीर चोटों को देखते हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। चौकी प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि हमलावरों की तलाश की जा रही है।

### राष्ट्रसेवा से जोड़ने वाले व्यक्तित्व के आदर्शो पर चलने का लिया संकल्प



स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतर गांव कानपुर।भारत स्काउट्स एवं गाइड्स उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉण् प्रभात कुमार रिटा आईएएस मुख्य विकास अधिकारी जिला मुख्यायुक्त श्री अभिनव जेण्जैन जी के मार्गदर्शन में सेवा अनुशासनएत्याग एवं चरित्र निर्माण की भावना को मजबूत आधार देने वाले पं श्री राम बाजपेयी जी के योगदान को जिला संस्था स्काउट एवं गाइड द्वारा श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। जिला सचिव प्रशांत कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में स्काउट एवं गाइड पदाधिकारियों ने पं श्री राम बाजपेयी के व्यक्तित्व को नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित सेवा एवं संस्कार की परंपरा आज भी स्काउटिंग आंदोलन को निरंतर दिशा प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में मयंक शर्मा संयुक्त प्रादेशिक संगठन आयुक्त भारत स्काउट्स और गाइड्स स्वतंत्र कुमार शर्मा ललित कुमार दुबे उपस्थित रहे।उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड आंदोलन के प्रत्येक सदस्य का दायित्व है कि वह समाज में सेवाए सहयोगए अनुशासन और सद्भाव की भावना को मजबूत करें। पं श्री राम बाजपेयी जी ने जिस सेवा अनुशासन और संस्कार की नींव रखी उसे आगे बढ़ाना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

### हादसे में घायल युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** घाटमपुर। थाना क्षेत्र के रामसारी गांव के पास रविवार को हुए सड़क हादसे में घायल थाना बिधनू के निउरी निवासी सौरभ की हैलट अस्पताल में इलाज दौरान सोमवार की शाम मौत हो गई। मौत की खबर घर पहुंचने पर कोहराम मच गया।सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गई गोली

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** भीतरगांव कानपुर।भीतरगांव ब्लॉक क्षेत्र में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए बृहद स्तर पर अभियान चलाया गया जहां लेफ्टिनेंट शशि कुमार ने बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाने के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा अभिवावकों को बच्चों को हर हाल में दवा खिलाने के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सोमवार को लेफ्टिनेंट शशि प्रकाश ने साढ़ स्थित आर के एम एस डी एजुकेशन सेंटर में एलबेंडाजोल गोली खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की उन्होंने बच्चों को दवा के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कृमि संक्रमण से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की उन्होंने कहा कि संक्रमण के कारण बच्चों में पेट दर्द भूख कम लगना और कमजोरी जैसी समस्याएं हो सकती है ऐसे में निर्धारित अंतराल पर कृमिनाशक दवा खुलना बहुत आवश्यक है। वहीं प्रिंसिपल हरीश श्रीवास्तव ने बच्चों से खाना खाने के पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने स्वच्छ पानी पीने नाखून छोटे रखने और आसपास साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम के दौरान रामबाबू कुशवाहा श्री प्रकाश यादव अरिमर्दन सिंह विजय पाठक संदीप यादव आकृति अवस्थी सोनू सिंह गोल्डी सिंह खुशबू सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा कार्यक्रम का समापन प्रिंसिपल हरीश श्रीवास्तव ने सबको धन्यवाद ज्ञापित कर किया।

### पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** कुरारा हमीरपुर। कस्बा कुरारा के वार्ड नौ में आपसी विवाद के चलते धारदार हथियार से हमला कर युवक को घायल कर दिया। पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। तथा घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया है। कुरारा कस्बे के वार्ड नौ निवासी करन पुत्र राजू ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मोहल्ला निवासी अवधेश पुत्र प्रह्लाद ने विवाद होने पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे सिर में चोट आई है। परिजनों द्वारा घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाया गया। वहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

## बिठूर में हत्या का पर्दाफाश हत्यारोपित गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बिठूर** बिठूर थाना पुलिस ने हत्या की एक वारदात का खुलासा करते हुए मंगलवार को एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपित की पहचान विजय सिंह चौहान उम्र 26 पुत्र स्व राम स्वरूप निवासी सिंहपुर कछार थाना बिठूर के रूप में हुई है। उसके कब्जे से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लोहे की सापड आला कत्ल एक साइकिल सिलेंडर सिम कार्ड और एक मोबाइल फोन बरामद किया है।पुलिस के अनुसार आठ अगस्त को खंडासा अयोध्या निवासी जसवती पत्नी फूलचंद ने बिठूर थाने में तहरीर देकर अपने पति की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या किए जाने की तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी थी। घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम लगातार साक्ष्य जुटाने के साथ संदिग्धों से पूछताछ कर रही थी।इसी दौरान मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर बिठूर पुलिस ने प्रतापपुर हरी मोड़ से सिंहपुर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर विजय सिंह चौहान को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को फार्म हाउस में फूलचंद्र का शव कमरे में बिस्तर पर पड़ा मिला था। सिर पर चोट के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई गई थी। घटना के बाद फार्म हाउस में साथ रहने वाला एक कर्मचारी भी लापता हो गया था जिससे रहस्य और गहरा गया था।

मौके पर आलाधिकारियों समेत फोरेंसिक टीम ने जांच की और साक्ष्य जुटाए थे। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार विजय सिंह चौहान का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ बिठूर थाने में पहले से तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में बिठूर थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सरोज के नेतृत्व में थाना पुलिसकर्मी शामिल रहे। कार्रवाई में पश्चिम जोन की सर्विलांस स्वाट टीम का भी सहयोग रहा।

## किशोरी के यौन शोषण पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** घाटमपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 साल की किशोरी के यौन शोषण व उत्पीड़न तथा धमकाकर जेवरात हड़पने की पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पिता कि आरोपी की धमकियों से वह तथा परिवार के लोगो भयभीत व परेशान हैं। पिता ने पुलिस को बताया कि पेशे से वह अल्पशिक्षित कृषक है।उस की एक नाबालिग पुत्री है। जिसे सुमित पुत्र राजकुमार कश्यपए निवासी सिंगसियापुर अकबरपुरए जनपद कानपुर देहात ने उसे प्रेम जाल में फंसाने के साथ उसे डरा.धमकाकर समय.समय पर उसका शारीरिक व यौन शोषण करता रहा। इस बीच पुत्री व उस को जान से मारने का खौफ दिखाकरए घर से 1ए20ए000ध् ;एक लाख बीस हजार रुपये नगद एवं जेवरात भी हड़प लिए। थाना प्रभारी मनोज भदौरिया ने बताया कि मामले की जांच के साथ आरोपी की तलाश की जा रही है

## बिल्हौर तहसील में विशाल तिरंगा यात्रा निकली

**देशभक्ति के नारे के बीच हजारों लोगों की भीड़ रही मौजूद**



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बिल्हौर** बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के बिल्हौर नगर एवं ग्रामीण मंडल में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में विधायक राहुल बच्चा सोनकर जी सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा बिल्हौर नगर के कोतवालेश्वर मंदिर से शुरू होकर बिल्हौर नगर का भ्रमण करते हुए बिल्हौर ब्लॉक परिसर में समाप्त हुई। बिल्हौर ब्लॉक में विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने सरदार वल्लभ भाई पटेल और बाबा साहेब डाक्टर अम्बेडकर की मूर्तियों पर माल्यार्पण करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। यात्रा में चल रहे लोगों के हाथों में तिरंगा और गूंजते भारत माता के जयघोष से पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के माहौल से सराबोर रहा। इस मौके पर बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान और शान के साथ साथ देश की एकता अखंडता एवं स्वाभिमान का प्रतीक है और इस तरह के आयोजन से लोगों में देशभक्ति की भावना मजबूत होती है। वहीं कार्यक्रम के संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मिश्रा नवले ने कहा कि हमे स्वतंत्रता देश के अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से मिली है जिससे हम खुली हवा में सांस ले रहे है। हम सभी लोग देश की उन महान विभूतियों को सादर नमन करते है। बिल्हौर नगर में निकली इस तिरंगा यात्रा में क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कौशल अवस्थी रामशरण कटियार श्यामजी कटियार नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा नगर प्रभारी दीप्ति सिंह हितेश भदौरिया गौरव शर्मा स्वप्नेश तिवारी आदेश तिवारी अनुज अवस्थी मोंटी लल्ला राठौर समेत सैकड़ों क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## 15 अगस्त 15 सपने अभियान से गरीब छात्रों के सपने होंगे साकार

**संदेश फाउंडेशन की पहल ताकि जरुरतमंदो की शिक्षा में ना आए बाधा**




**स्वतंत्र भारत व्यूरो**
**शुक्लागंज ;उन्नाव** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने के उद्देश्य से संदेश फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे श्15 अगस्तए 15 सपनेश् अभियान के अंतर्गत आज नगर के श्री महादेव इंटर कॉलेज एवं लोहिया इंटर कॉलेज के दो.दो जरूरतमंद विद्यार्थियों की पूरे वर्ष की स्कूल फीस जमा कराई गई। संदेश फाउंडेशन का उद्देश्य है कि आर्थिक परिस्थितियां किसी बच्चे की शिक्षा के रास्ते में बाधा न बनें। इसी भावना के साथ फाउंडेशन द्वारा 10 से 14 अगस्त तक विशेष अभियान चलाकर ऐसे जरूरतमंद बच्चों की पहचान की जा रही हैए जिनकी शिक्षा आर्थिक अभाव के कारण प्रभावित हो सकती है। अभियान के तहत आज चार विद्यार्थियों की पूरे वर्ष की फीस जमा कर उनके परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही बच्चों को अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रखने का भरोसा दिया गया।

संदेश फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत आगामी 15 अगस्त तक कुल 15 जरूरतमंद बच्चों को लाभान्वित करने का संकल्प लिया गया है। फाउंडेशन का मानना है कि स्वतंत्रता दिवस का सबसे सुंदर उत्सव तब होगा जब किसी बच्चे की पढ़ाई न रुके और उसके सपनों को आगे बढ़ने का अवसर मिले।

उन्होंने कहा कि श्किसी बच्चे की आंखों में पढ़ने की इच्छा हो और केवल आर्थिक अभाव उसके सपनों के रास्ते में खड़ा होए तो समाज का दायित्व है कि उस बाधा को दूर करने का प्रयास करे। 15 अगस्त 15 सपनेश् अभियान इसी सोच का एक छोटा सा प्रयास हैकृ एक बच्चे की फीस भरना सिर्फ आर्थिक सहायता नहींए बल्कि उसके भविष्य और उसके सपनों में विश्वास जताना है।संदेश फाउंडेशन ने समाज के सक्षम लोगों से भी आह्वान किया कि वे जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग के लिए आगे आएंए ताकि अधिक से अधिक बच्चों के सपनों को पंख दिए जा सकें। संदेश फाउंडेशन के सदशयों में अवनीश बाजपेई अमन शुक्ला प्राजुल बाजपेई आदर्श अवस्थी एवं विनीत यादव आदि उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाया

## 25 में 17 वार्डों में आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए भूमि चिह्नित बाकी के लिए हो रही तलाश

**ऽबाकी 8 वार्डों में आंगनवाड़ी केंद्र बना ने के लिए तलाशी जा रही है जमीनएदो सौ वर्ग फीट पर बनाए जाने हैं।**




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
घाटमपुर। नगर पालिका परिषद के 25 वार्डों में बनाए जाने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों की शासन से स्वीकृति के बाद 8 वार्डों में आंगनवाड़ी केन्द्र बनाने के लिए जमीन जहां जमीन की अभी भी तलाश की जा रही है। वहीं 17 वार्डों में भूमि चिह्नित कर ली गई है। जिसका तहसील से सत्यापन के बाद आंगन वाडी केन्द्र बनाने के लिए विभाग को सौंप दी जाएगी। 25 में आंगनवाड़ी केंद्र स्थापित होने हैं। पूर्व में केंद्र का निर्माण के लिए भवन के लिए 310ण्72 वर्ग मीटर व पोषण वाटिका तैयार करने के लिए 382ण्72 वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता थी। जिसे बाद में दो सौ वर्ग फीट निर्धारित कर दिया गया। इसी के चलते 25 में से 17 वार्डों में भूमि चिह्नित की जा चुकी है। वहीं शेष आठ के लिए भूमि की तलाश की जा रही है। यदि बाकी वार्डों में भूमि नहीं मिलती है तो अगल बगल के वार्डों में मिलने वाली भूमि पर ही केंद्र स्थापित किए जाएंगे। जिससे छोटे बच्चों को केंद्र तक पहुंचने में कोई समस्या न हो। इस सम्बंध में अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि पालिका क्षेत्र के 25 वार्डों में केंद्र स्थापित किए जाने हैं। जिसके लिए भूमि की तलाश के बीच 8 वार्डों के लिए जमीन की तलाश की जा रही है। यदि बगल वाले वार्ड में भूमि अधिक मिलती है तो दोनों के केंद्रों की एक ही जगह भूमि चिह्नित कर दी जाएगी।

## अलग अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** घाटमपुर। थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुए तीन अलग अलग हादसों में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज केलिए सीएचसी लाया गया। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हैलट अस्पताल रेफर किया गया। पहला हादसा फायर ब्रिगेड स्टेशन के पास हुआ।जहां साइकिल से घाटमपुर बाजार से वापस जा रहे पतारा के धरमांगदपुर निवासी महादेश 60 ट्रक की टक्कर से घायल हो गए। वहीं दूसरा हादसा चंदेल टोल प्लाजा के पास हुआ। जहां बांदा के गडरिया पुरए जसपुरा पैलानी निवासी छन्नूलाल 60 अज्ञात वाहन की बाइक में टक्कर से घायल हो गए। वहीं तीसरी घटना नगर पालिका रोड़ के सामने हुई। जहां ई रिक्शा की टक्कर से पैदल जा रही न्यूरा पारा निवासी उमाशंकर 60 घायल हो गए। एक के बाद एक तीनों घायलों को इलाज केलिए सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## विधायक आज घाटमपुर व पतारा में तिरंगा यात्रा करेंगी अगुवाई



स्वतंत्र भारत ब्यूरो **स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** घाटमपुर। विधान सभा क्षेत्र घाटमपुर में बुधवार ;आजद्ध को निकलने वाली तिरंगा यात्रा की तैयारियों को मंगलवार की शाम तक अन्तिम रूप दिया जाता रहा। पतारा व घाटमपुर से निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा की अगुवाई विधायक सरोज कुरील करेंगी। यहां तिरंगा यात्रा में भीड़ जुटने की कमान युवा भाजपा व अपना दल एस के नेताओं ने संभाल रखी है। विधायक सरोज कुरील ने घाटमपुर विधान सभा क्षेत्र के लोगों से 13 अगस्त को बिठूर में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होने का भी आह्वाहन किया है।

### विधायक कार्यकर्ताओं में तिरंगा फहराने का भरा जोश

**ऽअपना दल व भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं से किया आह्वाहनए कहा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के आह्वाहन को बनाए सफलए अभियान**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो** घाटमपुर। घर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए घाटमपुर विधान सभा क्षेत्र डेरा डाले विधायक सरोज कुरील ने अभियान को सफल बनाने के लिए मंगलवार को अपना दल व भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं से आह्वाहन किया। विधायक ने आगे कहा कि सभी लोग मिलकर घाटमपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वाहन को न सिर्फ बनाए बल्कि ऐतिहासिक स्वरूप भी दें।अभियान को सफल बनाने के लिए विधायक ने तिरंगा यात्रा निकाले जाने से पहले विधायक ने सोमवार की शाम क्षेत्रीय कार्यालय 7.7 हजार झंडे व डंडे भी पहुंचाए।

## विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** कुरारा हमीरपुर। कुरारा विकास खंड क्षेत्र के शंकरपुर गांव स्थित पहाड़ी देव शिव मंदिर प्रांगण में सावन के दूसरे सोमवार को भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया क्षेत्र के शंकरपुर गांव में स्थित प्राचीन पहाड़ी देव शिव मंदिर प्रांगण में शिव भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया मंदिर में पूजा अर्चन करने आने वाले भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया । मंदिर में आसपास के गांवों के भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गणेश तिवारी ने बताया कि सावन के प्रत्येक सोमवार को मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद गृहण करते है। भंडारे में ग्रामीणों ने सहयोग किया।

## इंटर-हाउस गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता में सैटर्न हाउस का शानदार प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) शुक्लागंज ;उन्नाव** राजधानी मार्ग स्थिति अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने एवं उनमें आत्मविश्वास रचनात्मकता तथा टीम भावना का विकास करने के उद्देश्य से इंटर.हाउस गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउसों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। गायन प्रतियोगिता में सैटर्न हाउस ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नृत्य प्रतियोगिता में भी सैटर्न हाउस ने अपनी शानदार प्रस्तुति से प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। चारों हाउसों के प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा ष्इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। प्रतियोगिता में चारों हाउसों की उत्साहपूर्ण भागीदारी सराहनीय रही। सैटर्न हाउस ने गायन एवं नृत्य दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। सभी प्रतिभागी विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉण् अंकिता सोनी ने कहा गायन और नृत्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास अनुशासन नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है। चारों हाउसों के विद्यार्थियों ने जिस उत्साह और लगन के साथ प्रतिभाग किया वह प्रशंसनीय है। सैटर्न हाउस को दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक.शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ.साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सहयोग की भावना विकसित करने का अवसर प्रदान किया।

## बाल उद्यान कॉलेज के मेघावी छात्रों को मिले बुलंदियों के पंख






**डॉक्टर मोहम्मद शानू ने आईआईटी दिल्ली से भौतिकी में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर कॉलेज के साथ घर का नाम किया गौरवान्वितए उन्होंने नैनोफोटोनिक्स के क्षेत्र में किया है शोध।**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** घाटमपुर। कस्बे के बाल उद्यान शिक्षण संस्थान इण्टर कालेज के प्रतिभावान छात्र रहे कस्बे के आशानगर वार्ड निवासी डॉण् मोहम्मद शानूए पुत्र मोहम्मद रहीश ने आईआईटी दिल्ली से भौतिकी में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर कॉलेजए घर का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने नैनोफोटोनिक्स के क्षेत्र में शोध किया है।आईआईटी दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह ;8 अगस्त 2026द्ध में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया था। डॉण् शानू ने प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक संबोधन को अपने लिए यादगार बताया।भौतिकी में बचपन से रुचि रखने वाले डॉण् शानू वर्ष 2013 के टॉपर रहे हैं। उन्होंने रामजस कॉलेजए दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी ;ऑनर्सद्ध भौतिकी और जामिया मिल्लिया इस्लामिया से एमएससी करने के बाद आईआईटी दिल्ली में प्रवेश लिया था।पीएचडी के दौरान उन्होंने 10 अंतरराष्ट्रीय शोध.पत्र प्रकाशित किए। प्रकाशए ऑप्टिकल उपकरणों और उनके औद्योगिक अनुप्रयोगों में उनकी विशेष रुचि है।डॉण् शानू अपनी सफलता का श्रेय अपने कॉलेज व माता.पिता तथा प्रधानाचार्य विभा सचान और शिक्षक यूनुस कुरैशी जैसे मार्गदर्शकों को दिया।उनका मानना है कि निरंतरताए मेहनत और स्वयं के प्रति ईमानदारी सफलता की कुंजी हैं। उनकी उपलब्धि से परिवारए कॉलेज और पूरे घाटमपुर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

**शशांक बने आयकर विभाग में सहायक अधिकारी** घाटमपुर। इसी क्रम में बाल उद्यान शिक्षण संस्थान इण्टर कालेज में 2017 बैच के टापर छात्र व जवाहर नगर पूर्वी निवासी शशांक सचान पुत्र नरेन्द्र सिंह चयन आयकर विभाग में सहायक अधिकारी के पद पर होने पर खुशी की लहर है। इस मुकाम तक पहुंचाने अहम भूमिका निभाने वाले कॉलेज पहुंचकर शशांक ने प्रधानाचार्य विभा सचान के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।प्रधानाचार्य ने बताया कि इसी तरह गौरव साहूए अनुराग साहू पुत्रगण राम किशोर साहू निवासी बसन्त विहार घाटमपुर कानपुर नगर दोनो बालक 2015 बैच के टापर छात्र रहे है। जिनका भी चयन आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर हुआ है। उक्त चारो छात्रो ने विद्यालय का नाम रोशन किया है।प्रधानाचार्य ने इस मौके पर कहा कि उन्होंने शिक्षा को कभी व्यवसाय नहीं समझाए बल्कि बच्चों को ऐसी शिक्षा देने पर ध्यान दिया है जो उन्हें बुलंदियों पर ले जाने के साथ राष्ट्र को मजबूत करती हो।

## बृहद रोजगार मेले में 1065 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग 622 युवाओं का हुआ चयन

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत निदेशकए सेवायोजन निदेशालयए उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालयए हमीरपुर द्वारा आज मंगलवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयए कुछेछाए हमीरपुर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का उद्देश्य जनपद के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना रहा। रोजगार मेले में प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर की 20 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए लगभग 1065 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंगए साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया आयोजित की गईए जिसमें 622 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। वृहद रोजगार मेले का शुभारंभ माननीय अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर कुलदीप निषाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर वकील अहमद अंसारीए सहायक निदेशक ;सेवायोजनद्धए चित्रकूटधाम मंडलए बांदाए नरेश कुमारए प्राचार्यए राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयए कुछेछाए हमीरपुर सहित जिला सेवायोजन कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा युवाओं की शैक्षिक योग्यताए कौशल एवं अभिरुचि के अनुरूप विभिन्न पदों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की गई। मेले के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर एवं निजी क्षेत्र में कैरियर निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का मंच प्राप्त हुआ। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आयोजित इस वृहद रोजगार मेले के सफल आयोजन से युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई। विभाग द्वारा भविष्य में भी रोजगार मेलों एवं अन्य रोजगारपरक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा।

# जंगल में मिला बैल, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**-गौ तस्करी की सूचना पर मचा हंगामा, पुलिस ने कहा- पकड़े गए लोग तस्कर नहीं**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज, उन्नाव।** क्षेत्र के खेरवा अलादादपुर गांव के जंगल में मंगलवार को गौवंश को लेकर उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. आंचल वर्मा पासी ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचीं। ग्रामीणों ने जंगल से एक बैल को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। समर्थकों की ओर से मौके पर गौ तस्करी की गतिविधि में संलिप्त लोगों के पकड़े जाने का दावा किया गया, हालांकि पुलिस ने इससे इन्कार किया है।

बताया गया कि डॉ. आंचल वर्मा पासी क्षेत्र भ्रमण के दौरान खेरवा अलादादपुर के जंगल पहुंचीं। यहां गौवंश को लेकर संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए। इस दौरान 164 मोहान विधानसभा अध्यक्ष अशोक सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम यादव, सपा छात्रसभा के निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव राहुल यादव, संदीप यादव, श्रेयांश यादव समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने जंगल में मिले एक बैल को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।



समर्थकों ने मौके पर गौ तस्करी से जुड़े लोगों के पकड़े जाने का दावा किया। वहीं, पुलिस ने मामले में गौ तस्करी की पुष्टि से इन्कार किया है। कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि मौके से एक बैल पकड़ा गया था। जिन लोगों को पकड़ा गया, वे गौ तस्कर नहीं थे। मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस के इस बयान के बाद घटना को लेकर स्थिति और स्पष्ट होने का इंतजार है। जंगल में बैल किन परिस्थितियों में पहुंचा और मौके पर मौजूद लोगों की वास्तविक भूमिका क्या थी, यह जांच के बाद ही सामने आएगा। मामले को लेकर सीओ तेज बहादुर सिंह से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

फिलहाल पुलिस की जांच पर सभी की निगाहें टिकी हैं। जांच में यदि गौ तस्करी अथवा किसी अन्य आपराधिक गतिविधि के तथ्य सामने आते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, यदि आरोपों की पुष्टि नहीं होती है तो मामला महज गलतफहमी तक सीमित रह जाएगा।

**फोटो एलबम बना गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया अपना नाम**

**कानपुर।** हिमालया वैलनेस कंपनी ने द लार्जेस्ट ऑनलाईन फोटो एलबम ऑफ पीपुल होल्डिंग ए साईन श्रेणी में नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। इसमें भारत के 66,928 डॉक्टरों ने हिस्सा लिया था। इन डॉक्टरों ने डॉक्टर्स डे यानी 1 जुलाई 2026 को लॉन्च हुए माह भर चलने वाले वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लेकर यह रिकॉर्ड बनाया। इससे पिछले रिकॉर्ड में 53,201 लोग शामिल हुए थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने के लिए प्रतिभागियों ने यूनाईटेड फॉर वैलनेस, यूनाईटेड फॉर ए ग्रीनर टुमॉरो के संदेश के साथ एक साईनबोर्ड पकड़कर अपने फोटोग्राफ जमा किए। इस उपलब्धि के बारे में जयश्री उलाल, चीफ फाईनेंशियल ऑफिसर हिमालया वैलनेस कंपनी ने कहा हिमालया में सस्टेनेबिलिटी हमारे डीएनए में मौजूद है। हमारा हर निर्णय सस्टेनेबिलिटी पर आधारित होता है। यह हमारे दीर्घकालिक विजन और काम करने के तरीके का हिस्सा है। यह रिकॉर्ड बहुत खास है क्योंकि यह हिमालया की केयर फॉर लाईफ फिलॉसफी के तीनों पहलुओं को पेश करता है। हमारे डॉक्टरों के सहयोग ने इस संदेश का विस्तार किया है कि सस्टेनेबिलिटी हब सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह कोई एक बार का अभियान नहीं है। प्रकृति को अपना योगदान देना हमारी विरासत का हिस्सा है और हम सबकी आजीवन प्रतिबद्धता है। हिमालया में हमारे द्वारा लगाया गया हर पेड़ हमारी अगली पीढ़ियों के लिए वैलनेस और एक हरे.भरे भविष्य का वादा है।

## सरकारी कार्यालयों में निजी लोगों की मौजूदगी से व्यवस्था पर सवाल, फाइलों और आवेदनों तक पहुंच को लेकर ग्रामीणों ने मांगा जवाब



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव। हसनगंज तहसील इन दिनों जमीन संबंधी शिकायतों, कब्जेदारी के मामलों और सरकारी कार्यालयों में कथित तौर पर प्राइवेट लोगों की मौजूदगी को लेकर सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि तहसील में शिकायत लेकर पहुंचने वाले लोगों को कई बार कार्रवाई का भरोसा देने के बजाय मुकदमा करने की सलाह दी जाती है। इससे फरियादियों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

सबसे बड़ा सवाल तहसीलदार और एसडीएम कार्यालय में कथित तौर पर काम करते नजर आने वाले निजी लोगों को लेकर खड़ा हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लोग कार्यालयों में बैठकर फाइलें देखते, आवेदन लेते और दस्तावेज खंगालते दिखाई देते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि ये सरकारी कर्मचारी नहीं हैं तो उन्हें सरकारी अभिलेखों और फाइलों तक पहुंच किस आधार पर मिल रही है।

किस आदेश के तहत कर रहे काम?

ग्रामीणों का कहना है कि यदि संबंधित लोगों को किसी प्रकार की अधिकृत जिम्मेदारी सौंपी गई है तो उसका आदेश सार्वजनिक किया जाना चाहिए। वहीं यदि वे अधिकृत कर्मचारी नहीं हैं तो सरकारी कामकाज और दस्तावेजों तक उनकी पहुंच की जांच होनी चाहिए। आरोप है कि कई मामलों में फरियादियों से आवेदन और संबंधित फाइलें ले ली जाती हैं, लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ती।

मामला केवल किसी एक व्यक्ति की मौजूदगी का नहीं, बल्कि सरकारी कार्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तहसील के कार्यालयों में कार्यरत अथवा काम करते नजर आने वाले निजी लोगों की भूमिका स्पष्ट की जाए और यदि कोई नियम विरुद्ध व्यवस्था संचालित हो रही है तो उसे तत्काल समाप्त कराया जाए।

अधिकारियों ने नहीं उठाया फोन

मामले में तहसीलदार अविनाश चैधरी से पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं एसडीएम शालिनी सिंह तोमर से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन भी रिसीव नहीं हुआ। अधिकारियों का पक्ष मिलने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

इनसेट

सरकारी कामकाज सरकारी कर्मचारी करेंगे या प्राइवेट लोग?

हसनगंज तहसील में कथित तौर पर काम करते नजर आने वाले निजी लोगों को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि पूरी व्यवस्था नियमों के तहत संचालित हो रही है तो स्पष्ट किया जाना चाहिए कि संबंधित लोग कौन हैं, किस आदेश के तहत काम कर रहे हैं और सरकारी फाइलों व दस्तावेजों तक उनकी पहुंच किस आधार पर है।

अब सवाल यह है कि तहसील में चल रही कथित निजी व्यवस्था किसके आदेश या संरक्षण में संचालित हो रही है और इस पर प्रशासन कब स्थिति स्पष्ट करेगा?

# तिरंगा यात्राओं से गूंजा उन्नाव, भारत माता के जयघोष से माहौल हुआ राष्ट्रभक्तिमय





**बदरका, उन्नाव नगर और बांगरमऊ समेत कई मंडलों में निकलीं भव्य यात्राएं, शहीदों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** भारतीय जनता पार्टी के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मंगलवार को जिले के विभिन्न मंडलों में भव्य तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग पर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयघोष गूंजते रहे। यात्राओं का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**बदरका में जिलाध्यक्ष ने संभाली कमान**

बदरका मंडल में ग्राम कोरारी कलां स्थित गांधी चबूतरा से तिरंगा यात्रा शुरू हुई। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में निकली यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए शहीद स्मारक सुशील गौतम (पंचायत घर, कोरारी कलां) पहुंची। यात्रा संयोजक अशोक सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

इसके बाद अभियान के तहत चलाए जा रहे प्रतिमा स्वच्छता अभियान में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने बदरका स्थित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल की स्वयं साफ-सफाई की। इसके बाद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीद को नमन किया।

**नगर में विधायक और जिलाध्यक्ष रहे मौजूद**

उन्नाव नगर मंडल में निकली तिरंगा यात्रा में सदर विधायक पंकज गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और 'हर घर तिरंगा' अभियान के जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष नवीन सिंह शामिल हुए। नेताओं ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने का आह्वान किया।

**बांगरमऊ के तीन मंडलों में भी निकली यात्रा**

बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र के बांगरमऊ प्रथम, बांगरमऊ द्वितीय और बांगरमऊ नगर मंडल में भी तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। स्थानीय विधायक श्रीकांत कटियार ने यात्राओं में शामिल होकर नेतृत्व किया। कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को अभियान के प्रति जागरूक किया।

फतेहपुर चैरासी में शहीद की प्रतिमा स्थल की सफाई

फतेहपुर चैरासी विकासखंड मुख्यालय से विधायक श्रीकांत कटियार की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए यात्रा सुभाष नगर पश्चिमी स्थित शीतला माता मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।

यात्रा से पूर्व विधायक ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थापित अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा एवं आसपास के स्थल की साफ-सफाई की। इसके बाद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीद को श्रद्धांजलि दी।

विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से 13 से 15 अगस्त तक घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। इस दौरान ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद, नगर पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश पाल, मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी, डॉ. मनोज कुमार, जिला पंचायत सदस्य अतुल मिश्रा, डॉ. शिवप्रताप सिंह, फार्मासिस्ट कमल किशोर, प्रधान जितेंद्र राजपूत, पूर्व सभासद धीरज राजपूत समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'आप हैं हमारे असली हीरो', बच्चों ने सैनिकों को लिखे धन्यवाद पत्र



**सरहद पर तैनात जवानों के नाम लिखी चिट्ठियां, बोलीं- आपकी वजह से घरों में है सुकून**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** विकासखंड सिकंदरपुर कर्ण के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा में आजादी का अमृत सप्ताह देशभक्ति के भाव के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जनपद की एसआरजी एवं विद्यालय की शिक्षिका डॉ. रचना सिंह के निर्देशन में विद्यार्थियों ने देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए विशेष पत्र लेखन अभियान चलाया।

अभियान का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ ही देश की सुरक्षा में दिन-रात जुटे सैनिकों का मनोबल बढ़ाना रहा। बच्चों ने जवानों के नाम लिखे पत्रों में उन्हें देश का असली सुपरहीरो बताते हुए उनके प्रति आभार जताया। विद्यार्थियों ने लिखा कि सैनिकों की वजह से ही वे अपने घरों में सुरक्षित और सुकून से रह पाते हैं।

बच्चों ने पत्रों में जवानों के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की ईश्वर से कामना की। छात्र आदित्य ने अपने पत्र में लिखा कि वह भी बड़ा होकर सैनिक बनना चाहता है और भारत माता व देश की रक्षा करना चाहता है। बच्चों के इन भावपूर्ण संदेशों ने विद्यालय परिसर में देशभक्ति का माहौल बना दिया।

डाक से सरहद तक पहुंचेंगी चिट्ठियां

विद्यालय की शिक्षिका डॉ. रचना सिंह ने बताया कि बच्चों द्वारा लिखे गए सभी पत्र डाक विभाग के माध्यम से सरहद पर तैनात जवानों तक पहुंचाए जाएंगे। पत्रों के जरिए बच्चे सैनिकों को यह संदेश देना चाहते हैं कि पूरा देश उनके त्याग और समर्पण का सम्मान करता है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से 'भारत माता की जय' और 'वंदेमातरम' के नारे लगाए। इस अवसर पर शिक्षिका रेखा सिंह परिहार, शोभना मिश्रा, अगम सिंह भदौरिया, अंकिता अवस्थी, दीक्षा मिश्रा, कहकशां खातून, अनीता निषाद और रवि द्विवेदी मौजूद रहे।

## खेत में कूड़ा डालने से मना किया तो दी मुकदमे में फंसाने की धमकी

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। फतेहपुर चैरासी थाना क्षेत्र के दोस्तपुर शिवली गांव निवासी युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति और उसकी दो पत्नियों पर खेत में कूड़ा डालने व गंदा पानी बहाने से मना करने पर गाली-गलौज और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपितों ने उसे झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दोस्तपुर शिवली निवासी पीयूष कुमार ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव का ही एक व्यक्ति और उसकी दो पत्नियां उसके खेत में कूड़ा फेंकने के साथ ही गंदा पानी बहाते हैं। पीड़ित के अनुसार कई बार मना करने पर तीनों झगड़े पर आमादा हो जाते थे।

पीयूष ने बताया कि बीते शनिवार को वह अपने खेत में पानी लगा रहा था। इस दौरान खेत में कूड़ा पड़ा देखकर उसने संबंधित लोगों से दोबारा ऐसा न करने के लिए कहा। आरोप है कि इससे नाराज होकर उक्त व्यक्ति और उसकी पत्नी खेत पर पहुंच गए और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। पीड़ित का आरोप है कि उसे धमकी दी गई कि उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज कराकर फंसा दिया जाएगा।

### पूर्व में भी शिकायत का दावा

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति खुद को पत्रकार बताता है और पूर्व में भी कई मामलों को लेकर विवाद हो चुका है। पीयूष ने आरोपितों पर पहले से आपराधिक मामलों में शामिल होने का भी आरोप लगाया है। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद से वह परेशान है और उसे अपनी जान-माल का खतरा बना हुआ है। उसने पुलिस अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सिंचाई विभाग की जमीन के बैनामे पर सींच पर्यवेक्षक को नोटिस

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** बिलग्राम तहसील क्षेत्र के रूइया गांव में सिंचाई विभाग की नहर के भट्ठे की भूमि के अभिलेखों में कथित हेराफेरी और बैनामा कराए जाने के मामले में सिंचाई विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सिंचाई खंड उन्नाव के अधिशासी अभियंता ने जिलेदारी तृतीय में तैनात सींच पर्यवेक्षक प्रमोद कुमार को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर साक्ष्यों समेत स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर प्रकरण उच्चाधिकारियों को भेजकर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। अधिशासी अभियंता की ओर से जारी पत्र के अनुसार रूइया गांव में वर्ष 1927 में शारदा नहर के निर्माण के समय विभाग द्वारा कुछ भूमि अधिग्रहित की गई थी। विभाग का कहना है कि नहर प्रणाली के संचालन के दौरान उक्त भूमि का उपयोग नहर के भट्ठे के रूप में किया जाता रहा। आरोप है कि अधिग्रहण के समय भूमि सिंचाई विभाग के नहर भट्ठे के नाम दर्ज होने के बजाय राजस्व अभिलेखों में अन्य श्रेणी की भूमि के रूप में दर्ज हो गई। पत्र में उल्लेख किया गया है कि संबंधित भूमि को परती, नवीन परती और बंजर के रूप में दर्ज किए जाने के बाद खाता संख्या 464 में सुमेर प्रसाद पुत्र भीखम निवासी रूइया के नाम दर्ज कर दिया गया। इसके बाद वर्ष 1999 में राजस्व अभिलेखों में इसे संक्रमणीय दर्ज किए जाने के बाद भूमि का बैनामा किए जाने की बात सामने आई है।

विभागीय भूमिका पर भी उठे सवाल

अधिशासी अभियंता ने नोटिस में कहा है कि संबंधित भूमि पर सिंचाई विभाग का भट्ठा स्थापित होने की जानकारी होने के बावजूद भूमि के प्रकार एवं स्वामित्व में परिवर्तन किया गया। पत्र में तत्कालीन सींचपाल एवं सींच पर्यवेक्षक के स्तर से विभाग को सूचित किए बिना अभिलेखों में कथित हेराफेरी कर भूमि का बैनामा कराने में भूमिका होने की आशंका जताई गई है।

# 50 किमी लंबी शिव शोभायात्रा में गूंजा हर-हर महादेव



**-परियर से उन्नाव शहर तक निकली भव्य यात्रा, जगह-जगह श्रद्धालुओं ने किया स्वागत, बड़े चैराहे पर शिव प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा**

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। सावन की भक्ति और आस्था से सराबोर उन्नाव में मंगलवार को करीब 50 किलोमीटर लंबी विशाल शिव शोभायात्रा निकाली गई। सदर विधायक पंकज गुप्ता की अगुवाई में परियर स्थित बाबा बालखंडेश्वर मंदिर से सुबह शुरू हुई शोभायात्रा विभिन्न गांवों और कस्बों से होते हुए उन्नाव शहर की ओर बढ़ी। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और जयघोष के साथ शिवभक्तों का स्वागत किया।

शिव शोभायात्रा परियर के बाबा बालखंडेश्वर मंदिर से शुरू होकर बहरौला, हाजीपुर, बसधना, फतेहपुर, पिपरी, बनी और पिंडोखा होते हुए आगे बढ़ी। इसके बाद यात्रा देवारा और सहजनी से होकर गंगाघाट और शुक्लागंज पहुंची। शुक्लागंज से शोभायात्रा उन्नाव शहर की ओर रवाना हुई।

**हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा मार्ग**

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। डीजे और धार्मिक धुनों के बीच भगवान शिव के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से यात्रा मार्ग गूंजता रहा। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने श्रद्धालुओं के लिए स्वागत और जलपान की व्यवस्था की।

शिवभक्तों की लंबी कतार और धार्मिक उत्साह के चलते यात्रा मार्ग पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने यात्रा का स्वागत कर भगवान शिव के दर्शन किए।

**बड़े चैराहे पर स्थापित भव्य शिव प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा**

शोभायात्रा के समापन अवसर पर उन्नाव के बड़े चैराहे पर भगवान शिव की भव्य प्रतिमा की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा। विधायक पंकज गुप्ता की अगुवाई में निकली यात्रा को लेकर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था भी सक्रिय रही। शिव शोभायात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर उमड़ी श्रद्धा ने उन्नाव को शिवमय कर दिया। देर तक हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे।

## गंगा में छलांग लगाने वाली युवती को नाविक ने बचाया

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के बक्सर गंगा घाट पर पारिवारिक परेशानियों से क्षुब्ध एक युवती ने गंगा पुल से नदी में छलांग लगा दी। करीब 40 से 50 फीट की ऊंचाई से नदी में गिरने के बाद युवती तेज बहाव में बहने लगी। इसी दौरान गंगा में नाव चला रहे बक्सर निवासी नाविक अतुल धानुक की नजर युवती पर पड़ गई। अतुल ने साहस दिखाते हुए नाव को नदी की तेज धारा में युवती की ओर बढ़ाया और करीब 400 मीटर दूर जाकर उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

बताया गया कि बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती सोमवार शाम बक्सर पहुंची थी। पारिवारिक विवाद और परेशानियों से क्षुब्ध होकर उसने गंगा पुल से नदी में छलांग लगा दी। नदी में गिरने के बाद युवती बहने लगी। उसने भी हाथ-पैर चलाकर खुद को बचाने का प्रयास किया।

इसी बीच नाविक अतुल धानुक की नजर युवती पर पड़ी। उसने बिना देर किए नाव को उसकी ओर मोड़ दिया। करीब 400 मीटर तक नाव ले जाने के बाद अतुल ने युवती को पकड़ लिया। उसे नाव में खींचकर बाहर निकालने के दौरान नाव एक बार डगमगाई, लेकिन अतुल ने हिम्मत नहीं छोड़ी और युवती को सुरक्षित नाव पर ले आया।

बचाव के बाद नाविक और वहां मौजूद लोगों ने युवती को समझाया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। बिहार थाना पुलिस ने युवती के परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलने पर परिजन बक्सर पहुंचे और युवती को अपने साथ ले गए।

**वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल**

घटना का वीडियो मंगलवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में नाविक द्वारा युवती को नदी से सुरक्षित बाहर निकालने का दृश्य दिखाई दे रहा है। नाविक अतुल की तत्परता और साहस की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

## घर के अंदर फंदे से लटका मिला युवक का शव

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) फतेहपुर चैरासी उन्नाव। थाना क्षेत्र के हिंदूपुर गांव में मंगलवार शाम उस समय कोहराम मच गया, जब करीब 40 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर छत के छल्ले से तार के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हिंदूपुर निवासी प्रेमशंकर (40) मंगलवार शाम घर के अंदर था। बताया गया कि अज्ञात कारणों के चलते उसने छत के छल्ले में तार के सहारे फंदा लगा लिया। कुछ देर बाद परिजनों की नजर उस पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। युवक को फंदे से लटका देख घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना फतेहपुर चैरासी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया और आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के पीछे की वजह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक की मौत से उसकी मां रामदेवी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में भी शोक का माहौल है।

# सदर कोतवाली, पोस्ट ऑफिस व निराला पार्क में प्यूरीफायर वाटर कूलर का लोकार्पण, नगर पालिका की पहल से लोगों को राहत



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** शहरवासियों और सार्वजनिक स्थलों पर आने वाले लोगों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में नगर पालिका परिषद ने पहल तेज कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को सदर कोतवाली, पोस्ट ऑफिस और निराला पार्क में स्थापित प्यूरीफायर वाटर कूलरों का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा ने किया। सुविधा शुरू होने से गर्मी के बीच राहगीरों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को राहत मिलेगी।

सदर कोतवाली परिसर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सदर विनी सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा समेत नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी और अन्य लोग मौजूद रहे। अधिकारियों ने सार्वजनिक स्थलों पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका की पहल की सराहना की।

पहले चरण में 11 स्थान चिह्नित

नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा ने बताया कि शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर कुल 33 प्यूरीफायर वाटर कूलर स्थापित किए जा रहे हैं। योजना के पहले चरण में 11 प्रमुख स्थानों का चयन किया गया है। कई स्थानों पर कूलर स्थापित कर जनता को समर्पित किए जा चुके हैं, जबकि अन्य स्थानों पर काम तेजी से चल रहा है।

इनमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी), राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी), डीएसएन कॉलेज, रजिस्ट्री कार्यालय और जिला न्यायालय समेत अन्य प्रमुख स्थान शामिल हैं। इन स्थानों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अधिवक्ता, कर्मचारी और दूर-दराज से आने वाले लोग पहुंचते हैं।

स्वच्छ पेयजल और जनसुविधा प्राथमिकता

अध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका का प्रयास शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराना है। स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था समेत अन्य जनसुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। सार्वजनिक स्थलों पर प्यूरीफायर वाटर कूलरों की स्थापना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में सार्वजनिक स्थानों पर शुद्ध और ठंडे पानी की उपलब्धता बेहद जरूरी है। चरणबद्ध तरीके से शहर के अधिक से अधिक स्थानों को इस सुविधा से जोड़ा जा रहा है, ताकि लोगों को पेयजल के लिए परेशानी न उठानी पड़े।

अध्यक्ष ने नागरिकों से वाटर कूलरों का सदुपयोग करने और उनकी स्वच्छता व रखरखाव में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं को प्रभावी बनाए रखने में प्रशासन के साथ आमजन की सहभागिता भी जरूरी है।

स्वतंत्र भारत
यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अब झारखंड

दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक महीने से भी अधिक समय प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर छात्रों का जो आक्रोश छाया रहा था, उसी की पुनरावृत्ति अब झारखंड की राजधानी रांची को हिला रही है। पिछले चौदह दिनों से आंदोलनरत छात्रों ने सोमवार को सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती ही दे डाली जब विधानसभा का घेराव करने के उनके कार्यक्रम को विफल करने के लिए नाकाबंदी, कटीले तारों वाली बैरिकेटिंग, वाटर कैनन आदि की कड़ी व्यवस्था को धता बताते हुए उन्होंने खेतों और पगडंडियों से होकर मार्च करने का रास्ता अपनाया। इसमें वे कामयाब भी रहे। इससे यह तो साफ हो गया कि जोर जबर्दस्ती से यह आक्रोश थमने वाला नहीं है। इसे देखते हुए राज्य की सीआईडी ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष एल. ख्यांगते को भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी के सिलसिले में गिरफ्तार तो किया लेकिन यह देर से उठाया गया अधूरा कदम है। छात्रों की मांग जेपीएससी और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) में व्यापक सुधार की है। रविवार को राज्य के मंत्रियों की हाई पावर कमेटी और छात्रों के बीच बातचीत में कई मुद्दों पर सहमति का दावा तो हुआ लेकिन जेपीएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने व मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग पर सहमति नहीं बन पाई। सीएम हेमंत सोरेन छात्रों की मांग के प्रति सकारात्मक रुख दिखाने के बयान तो दे रहे हैं पर छात्र दृढ़ता के साथ कह रहे हैं कि केवल आश्वासन से आंदोलन खत्म नहीं होगा। दरअसल अन्य बातों के अलावा जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष पर गंभीर आरोपों से ही यह साबित हो जाता है कि भर्ती परीक्षाओं की प्रक्रिया में काफी कुछ काला है। इसे सामने लाने की ही नहीं बल्कि व्यापक और कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है क्योंकि इससे बड़ी संख्या में छात्रों के करियर पर असर पड़ा है। ज्यादातर छात्रों को शिकायत है कि देश में विकास तो हो रहा है लेकिन उसके अंदर रोजगार को प्राथमिकता देने जैसी कोई सोच है ही नहीं। एक तरफ बड़ी उपेक्षा की यह टीस और दूसरी तरफ भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक समेत तमाम अन्य अनियमितताओं के कारण लंबे समय तक बेरोजगार रहने या अच्छी नौकरी से वंचित रह जाने का दंश युवाओं के आक्रोश को और तीखा व मुखर स्वर दे देता है। झारखंड सरकार को इसीलिए आंदोलनकारी छात्रों का भरोसा जीतने की व्यापक पहल करनी होगी। केवल लाठी चार्ज, आंसूगैस या फायरिंग के कदम प्रतिक्रिया ही पैदा करेंगे।

## सराहनीय योजना

यह शुभ लक्षण है कि उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं, विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल करने या परीक्षा खत्म हो जाने के बाद जोड़ तोड के जुगाड़ की 'संस्कृति' अब खत्म होती जा रही है। पढ़ाई में मेहनत करने वाले युवाओं के लिए यह सुनहरे अवसर की तरह है क्योंकि अब वे बिना किसी आशंका के साथ अपनी तैयारी कर रहे हैं। आबादी के साथ युवाओं की संख्या भी बढ़ी है जिससे प्रतियोगिता और तीखी हो गई है। ऐसे में जरूरी है कि परीक्षार्थियों को तैयारी के लिए उचित मार्गदर्शन एवं माध्यम मिले। इन परीक्षार्थियों में अधिकतर ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों के हैं जो महंगी कोचिंगों का खर्च नहीं उठा सकते। इसलिए उनकी समस्या का हल ढूंढना भी जरूरी है। समस्या के हल के लिए प्रदेश सरकार ने समयोचित पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि प्रदेश के हर जिले में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। हर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग की व्यवस्था होगी। इनमें यूपीएसी, यूपीपीएससी, नीट, जेईई समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए फिजिकल और वर्चुअल कक्षाएं चलाई जाएंगी। इसके अलावा प्रशासनिक और विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी अधिकारी भी युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। डीएम, एसपी और एसडीएम के अलावा डॉक्टर, इंजीनियर तथा बैंक पीओ विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे। स्वाभाविक है कि प्रतिभा और योग्यता के इस समन्वय से परीक्षाओं की बेहतर तथा गुणवत्तायुक्त तैयारी तो हो ही सकेगी, करियर को लेकर व्यावहारिक मार्गदर्शन भी मिल सकेगा। अब तक युवाओं को परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों में आना पड़ता था। उनमें कई युवा इसका खर्च नहीं उठा सकते थे। नई व्यवस्था हो जाने से उनको अपने ही स्थान पर पूरी तैयारी करने के अवसर मिल सकेंगे। छात्राएं इसका विशेष रूप से लाभ उठा सकेंगी क्योंकि उनमें से अधिकतर के लिए घर से दूर जाना बहुत बड़ी समस्या होता है। मुख्यमंत्री की इस योजना से और बड़ी संख्या में प्रदेश की प्रतिभाओं को और उचित मुकाम मिल सकेगा।

## काँव-काँव

♦♦♦

**युवाओं का अगस्त क्रांति मार्च**
जंतर-मंतर से रांची तक युवाओं की क्रांति ही क्रांति!

**इस्कॉन में छोटे कपड़े पहनकर आने पर रोक**
तालिबानी सोच का विस्तार मत कीजिए!

**तिरंगा फहराने का हक नहीं दे पाईं पिछली सरकारें : योगी**
अंग्रेजी हुकूमत की बात कर रहे या विपक्ष की पूर्व सरकार की!

**माइलेज नहीं दे रहा डबल इंजन सरकार का इंजन :आकाश**
बसपा का हाथी तो सांस ही नहीं ले रहा!

**राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में 17 को सुनवाई**
भगवान के घर देर है अंधेर नहीं!

**भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा**
पूरा देश तिरंगा यात्रा का यात्री है!

♦♦♦

# बहुसंख्य जेन-जी का ज़िक्र-फिक्र कहीं नहीं!

छात्र-छात्राओं का जिक्र और फिक्र सबको है लेकिन जेन-जी आयु के विशाल श्रमिक वर्ग की बात कौन करेगा ! इनकी चिंता और समस्याओं का समाधान निकालना भी लाजमी है। लेकिन इस विशाल वर्ग की युवा शक्ति का जिक्र कहीं नहीं होता। न सरकारें इनकी फिक्र करती हैं,न विपक्ष इनकी समस्याओं के मुद्दे उठाता है। समाज और मीडिया भी देश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जैन-जी श्रमिक वर्ग के



**– नवेद शिकोह**

दर्द को महसूस नहीं करता। भारत माता की एक संतान छात्र जेन-जी है तो दूसरी श्रमिक जेन-जी। संतानों में भेदभाव नहीं होता तो इनमें भेदभाव क्यों ?जेन-जी छात्रों की हुंकार ने सरकारों को हिला दिया पर यदि मजदूर जेन-जी अपना हक़ मांगने सड़क पर निकल आया तो इन्हें इनका हक दिए बिना इनको संभालना मुश्किल होगा। जन-जी आयु वर्ग की आबादी करीब 37 करोड़ है जबकि इसमें श्रमिक संख्या लगभग 26 करोड़ है। कुल 37 करोड़ में 26 करोड़ श्रमिक हैं और संभावित 11 करोड़ छात्र-छात्राएं, पठन-पाठन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले व बेरोजगार युवा शामिल हैं।यानी 11 करोड़ युवाओं की शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं की अनियमितताओं और बेरोजगारी की आवाज बुलंद होती दिख रही है। सरकारी प्राइमरी स्कूलों की बदहाली, प्राइवेट स्कूलों में लूट, यूजीसी, उच्च शिक्षा में धर्म-जाति का जहर.. जैसी मुद्दों के आंदोलन आने वाले समय में केंद्र की एनडीए सरकार और राज्यों की भाजपा व गैर भाजपाई राज्यों की सरकारों के लिए मुसीबत बन सकते हैं। इसकी शुरुआत केंद्र सरकार की शिक्षा नीति और पेपर लीक मामले के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर शुरु हुई। कॉकरोच जनता पार्टी के इस प्रोटेस्ट में देश भर के युवाओं का हुजूम इकट्ठा हुआ। युवा आंदोलन बढ़ता और उग्रता की तरह बढ़ता देख केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पूरी की गई। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद जंतर-मंतर का आंदोलन थमा ही था कि झारखंड में पेपर लीक के खिलाफ राची में युवाओं का आंदोलन शुरू हो गया। इस बीच कॉकरोच जनता पार्टी ने सरकारी स्कूलों की बदहाली के विरुद्ध मुहिम छेड़ने का एलान कर दिया।इन दिनों शिक्षित जेन-जी की धूम मची है। इनकी शिक्षा-रोजगार की समस्याओं की सबको फिक्र है। ये आंदोलित हुए तो सरकारें बैकफुट पर आ गई। सत्ता-विपक्ष और सारा समाज इनकी जायज मांगों को सही ठहरा रहा है। इनकी ताकत का लोहा लिया जा रहा है। ये सच भी है कि पेपर लीक का सिलसिला जारी रहा,शिक्षा व्यवस्था ठीक नहीं हुई, सरकारें रोजगार का पर्याप्त इंतेजाम नहीं कर सकीं तो जेन-जी का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। इस अंधेरे में देश और समाज पिछड़ता जाएगा।

इसी लिए आक्रोशित और आंदोलित छात्र-छात्राओं की शैक्षिक और रोजगार की समस्याओं के लिए संपूर्ण समाज युवाओं के साथ खड़ा हैं। जैन-जी का मतलब है युवा, नवयुवा, किशोर। इनका तसव्वुर करते ही छात्र-छात्राओं की तस्वीर निगाहों के सामने आ जाती है।

बस यहीं हमसे चूक हो रही है।

भारत के जैन-जी सिर्फ छात्र-छात्राएं ही नहीं।

जेन-जी मजदूर भी हैं, असंगठित मजदूरी के पेशे से जुड़े करोड़ों भारतीय मजदूरों मे सत्तर फीसद से ज्यादा जैन-जी हैं। यानी 14 से 29 वर्ष की आयु तक के लोग श्रम से जुड़े कामों से जुड़े हैं। दस्तकार, किसान, मकैनिक,हस्त शिल्पी, ठेले वाले, रिक्शे वाले, फुटपाथ के होटलों,ढाबों में बर्तन धोने वाले भी जैन-जी हैं। इनकी समस्याएं शिक्षित जैन-जी से अधिक हैं। इसमें बड़ी संख्या बाल मजदूरों की हैं। जैन-जी को लेकर सरकारों की सबसे बड़ी उदासीनता ये भी है कि 18 वर्ष से कम के किशोर गैर कानूनी तौर से मजदूरी करने को मजबूर क्यों हैं ? इनकी मजबूरी के समाधान पर कोई काम नहीं कर रहा। निर्माण हो, फैक्ट्रियां, होटल,ढाबे, दुकानें, रिक्शा, ठेला..हर जगह आपको बाल श्रमिक दिख जाएगा। बच्चों के बचपन और शिक्षा के अधिकारों को वंचित रखने वाले हमारे सिस्टम को बदलने के लिए न कोई आंदोलित है, न सरकारें, न समाज और न कानून सख्त दिखाई देता है। गरीब बच्चों को शिक्षा देने और कौशल विकास जैसी तमाम सरकारी योजनाओं का कुशलता से संचालन हो रहा होता तो देश में करोड़ों बाल मजदूरों की संख्या नहीं बढ़ती। जैन-जी की बढ़ी संख्या खेतों में खेती करती दिखेगी, भूमिहीन किसान और खेतों में मजदूरी करके रोजी रोटी चलाने वाले किसानों में भी 14 से 29 की उम्र के युवा किसानों की बड़ी संख्या है। फैक्ट्रियों में काम करने वालों, ईंटे ,




गिट्टी, गारा, लोहा ढोने वालों से लेकर ठेला खींचने, रिक्शा खींचने, दस्तकारों, कारीगरों में भी यही आयु वर्ग सबसे अधिक है। खेल की दुनिया में तो यही आयु वर्ग सबसे महत्वपूर्व है।

यानी मजदूरी से लेकर श्रम से जुड़े तमाम काम हों, बाल मजदूरी हो, खेती हो, खेल हों, दस्तकारी, कारीगरी,कुली, कला का क्षेत्र हो मकैनिक हो...इन क्षेत्रों में भी जेन-जी की संख्या सार्वाधिक है। ये सब जेन-जी यदि अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर सामने आ जाएं तब तो जेन-जी आंदोलन शायद दुनिया का सबसे बड़ा आंदोलन साबित हो।

अभी हाल ही में जंतर-मंतर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षित युवाओं के आंदोलन में दर्द बयां करता एक अशिक्षित युवा खूब वायरल हुआ। मोहम्मद इरफान नाम का ये युवा न छात्र था न शिक्षित और न ही शिक्षा नीति में इसमें कोई समझ थी, फिर भी शिक्षित युवाओं के बीच ये खूब दहाड़ा। गरीब, अशिक्षित, पढ़ाई से वंचित, मजदूरों, मेहनतकश जेन-जी के दर्द को बयां करने वाला मोहम्मद इरफान बर्फ बेचता है, मजदूरी करता है और सिस्टम के खिलाफ बोलने का मौका तलाशने ये दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंचा था। उसने बताया कि शिक्षित नौजवानों के इस विरोध प्रदर्शन के अलावा भी तमाम विरोध प्रदर्शनों में वो जाता रहा है। हालांकि आंदोलनों के मुद्दों से अलग उसकी बात बे-मौज़ू (विषय से अलग) होती है, पर वो अकेला बोलता है। युवा मजदूरों की बात करता है। असंगठित श्रमिकों के शोषण की बात करता है। गटर साफ करते हुए जहरीली गैस से मर जाने वाले युवा श्रमिकों का दर्द बयां करता है। कुल मिलाकर शिक्षित युवाओं के आंदोलनों में कोई अनपढ़ इरफान अपवाद नहीं बल्कि ऐसा अहसास है जो ये सोचने पर मजबूर करता है कि शिक्षा के क्षेत्र मे ही नहीं जे-जी हर क्षेत्र में ठगे जा रहे हैं। देश के भविष्य को संवारना है तो युवा शक्ति को अनदेखा मत करें।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ षोडशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

यहाँ उन्होंने बताया कि काम, क्रोध और लोभ नरक के तीन प्रमुख द्वार हैं। इन तीनों को त्याग देने पर ही उस कर्म का (नियत कर्म का) आरम्भ होता है, जिसे मैंने बार-बार कहा, जो परमश्रेय-परमकल्याण दिलानेवाला आचरण है। बाहर सांसारिक कार्यों में जो जितना व्यस्त है, उतना ही अधिक काम, क्रोध और लोभ उसके पास सजा-सजाया मिलता है। कर्म कोई ऐसी वस्तु है कि काम, क्रोध और लोभ को त्याग देने पर ही उसमें प्रवेश मिलता है, कर्म आचरण में ढल पाता है। जो उस विधि को त्यागकर अपनी इच्छा से आचरण करता है, उसके लिये सुख, सिद्धि अथवा परमगति कुछ भी नहीं है। अब कर्त्तव्य और अकर्त्तव्य की व्यवस्था में शास्त्र ही एकमात्र प्रमाण है। अतः शास्त्रविधि के ही अनुसार तुझे कर्म करना उचित है और वह शास्त्र है 'गीता'।

**निष्कर्ष-**

इस अध्याय के आरम्भ में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने दैवी सम्पद् का विस्तार से वर्णन किया। जिसमें ध्यान में स्थिति, सर्वस्व का समर्पण, अन्तःकरण की शुद्धि, इन्द्रियों का दमन, मन का शमन, स्वरूप को स्मरण दिलानेवाला अध्ययन, यज्ञ के लिये प्रयत्न, मनसहित इन्द्रियों को तपाना, अक्रोध, चित्त का शान्त प्रवाहित रहना इत्यादि छब्बीस लक्षण बताये, जो सब-के-सब तो इष्ट के समीप पहुँचे हुए योग-साधना में प्रवृत्त किसी साधक में सम्भव हैं। आंशिक रूप से सब में हैं।

तदनन्तर उन्होंने आसुरी सम्पद् में प्रधान चार-छः विकारों का नाम लिया; जैसे- अभिमान, दम्भ, कठोरता, अज्ञान इत्यादि और अन्त में निर्णय दिया कि अर्जुन ! दैवी सम्पद् तो 'विमोक्षाय'- पूर्ण निवृत्ति के लिये है,

परमपद की प्राप्ति के लिये है और आसुरी सम्पद् बन्धन और अधोगति के लिये है। अर्जुन ! तू शोक न कर; क्योंकि तू दैवी सम्पद् को प्राप्त हुआ है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**एकेन शुष्कवृक्षेण दह्यमानेन वह्निना।**
**दह्यते तद्वनं सर्वं कुपुत्रेण कुलं तथा।।**

जिस प्रकार अग्नि से जलता हुआ एक ही वृक्ष सारे वन को जला डालता है, उसी प्रकार एक ही कुपुत्र से सारा कुल कलंकित हो जाता है।

♦♦♦

# डिजिटल जनगणना – डेटा-आधारित शासन की ओर भारत

आंकड़ों की नई सुबह तब होती है, जब राष्ट्र अपनी जनता को गिनना छोड़कर उसे पढ़ना शुरू करता है। भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना का असली मर्म यही है। नागरिक अब महज संख्या



**– डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'**

नहीं, अपनी परिस्थितियों समेत दर्ज होता जीवन है। शिक्षा की कमी, स्वास्थ्य की दूरी, रोजगार की प्यास और आवास की तंगी–ये विकास के हाशिए पर पड़े अदृश्य प्रश्न नहीं रहेंगे। जब इनकी वास्तविक तस्वीर सामने होगी, नीति अनुमान के सहारे नहीं, प्रमाणित सच्चाइयों के आधार पर चलेगी। विकास का अर्थ भी बदलेगा–औसत नागरिक की समृद्धि से आगे बढ़कर उस व्यक्ति तक पहुँचना, जो अब तक व्यवस्था की रोशनी से दूर है। तर्क उतना ही सीधा है जितना शासन का पहला पाठ–बीमारी की जड़ दिख जाए तो इलाज भटकता नहीं। हर तकनीकी उजास के पीछे अँधेरे कोने भी होते हैं। इंटरनेट की पहुँच आज भी अनेक गाँवों में अधूरी है। बुजुर्गों और निरक्षरों के लिए स्क्रीन सुविधा नहीं, नई दीवार बन सकती है। गलत प्रविष्टि, अधूरा विवरण या किसी परिवार का छूटना पूरी तस्वीर बिगाड़ सकता है। सबसे संवेदनशील प्रश्न निजता का है। नागरिक सूचना विश्वास से देता है; वही डेटा गलत हाथों में पहुँचा तो चोट किसी फाइल पर नहीं, नागरिक-विश्वास पर लगेगी। जनगणना अधिनियम के तहत व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहता है, फिर भी डिजिटल माध्यम में अतिरिक्त सावधानी जरूरी है। तकनीक केवल औजार है। आधारभूत सुविधाएँ, प्रशिक्षित मानव-बल और मानवीय संवेदना साथ न हों तो डिजिटल ढाँचा बिना नींव के भवन जैसा कमजोर रहेगा। डिजिटल जनगणना का उद्देश्य तभी सार्थक होगा, जब उसके केंद्र में नागरिक का जीवन धड़कता रहे। इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह हो सकती है कि शासन संकट के बाद दौड़ने के बजाय संकट से पहले संकेत पहचान ले। कहाँ बाढ़ का खतरा है, कहाँ टीकाकरण की जरूरत बढ़ रही है, कहाँ कौशल प्रशिक्षण की माँग है–यदि सूचना समय पर मिले तो संसाधन भी समय पर पहुँच सकते हैं। नीति प्रतिक्रिया से पूर्वानुमान की ओर बढ़ सकती है। भारत जैसे विशाल देश में यह बदलाव केवल प्रशासनिक सुविधा नहीं, जीवन बचाने और अवसर पैदा करने की क्षमता है। तर्क स्पष्ट है- सूचना देर से मिले तो राहत बनती है; समय पर मिले तो रोकथाम की शक्ति बन जाती है। पर भारत की विविधता किसी डिजिटल फार्म की खाली खाने नहीं है। यहाँ भाषा बदलती है तो जीवन का मुहावरा बदलता है; रीति-रिवाज बदलते हैं तो जरूरतों की प्राथमिकताएँ भी बदलती हैं। पहाड़ी गाँवों में नेटवर्क कमजोर हो सकता है, रेगिस्तानी इलाकों में साक्षरता चुनौती बन सकती है; कहीं भूगोल बाधा है, कहीं तकनीकी पहुँच। यदि यह विविधता आँकड़ों में सही स्वर न पा सकी तो नीति एकरंगी हो जाएगी। डिजिटल व्यवस्था की कसौटी एकरूपता नहीं, प्रतिनिधित्व है। उसे हर आवाज सुननी होगी और यथासंभव उसकी अपनी भाषा में सुननी होगी। भारत की गिनती तभी भारत की तस्वीर बनेगी, जब उसमें उसके भूगोल, भाषाओं, जीवन-शैलियों और सामाजिक भिन्नताओं की पूरी छाप दिखाई दे। लाभ की गहराई वहाँ शुरू होती है जहाँ शासन और नागरिक के बीच की दीवार पतली होती है। डिजिटल जनगणना नागरिक में यह भरोसा पैदा कर सकती है कि उसकी उपस्थिति दर्ज है और उसकी जरूरत शासन की नजर से बाहर नहीं। वह केवल किसी रजिस्टर की




प्रविष्टि नहीं, नीति-निर्माण का सहभागी तथ्य है। यह अनुभूति सहयोग को जन्म देती है। नागरिक जब व्यवस्था पर विश्वास करता है, तो सूचना देने से लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन तक उसका सहयोग बढ़ता है। तब आँकड़े सरकार की बंद अलमारी में रखी संपत्ति नहीं रहते; वे समाज की साझा ज्ञान-संपदा बन सकते हैं। यही वह क्षण है जब डेटा प्रशासन की भाषा से निकलकर नागरिक-भागीदारी की भाषा बनता है। फिर भी संख्या के पीछे छिपे मनुष्य को भूलना सबसे बड़ा खतरा है। स्वास्थ्य के प्रतिशत में वह माँ दिखाई नहीं देती जो अस्पताल तक पहुँच नहीं पाती। बेरोजगारी की दर उस युवा की बेचैनी नहीं बताती जिसकी डिग्री रोजगार में नहीं बदल सकी। आँकड़े जीवन का मानचित्र बना सकते हैं, जीवन स्वयं नहीं। इसलिए अधिकारी यदि केवल स्क्रीन और डैशबोर्ड पढ़ें, नागरिक की आँखें पढ़ना भूल जाएँ, तो डेटा-आधारित शासन निर्जीव प्रशासन बन जाएगा। मशीन सूचना दे सकती है, पैटर्न पकड़ सकती है, जरूरत का संकेत दे सकती है; निर्णय में संवेदना, विवेक और मानवीय परिस्थिति-बोध फिर भी जरूरी रहेंगे। डेटा का शासन होना चाहिए, मशीन का नहीं। भविष्य की सफलता इसी संतुलन पर टिकी है कि उद्देश्य, लाभ और सावधानियाँ साथ चलें। डिजिटल जनगणना नीतियों को व्यक्ति के जीवन के करीब ला सकती है, संसाधनों को सही जगह पहुँचा सकती है और योजनाओं की जमीन स्पष्ट कर सकती है। मगर इसके तीन स्तंभ कमजोर नहीं पड़ने चाहिए–निजता की रक्षा, डिजिटल पहुँच का विस्तार और मानव स्पर्श। स्मार्टफोन से दूर नागरिक, दुर्गम क्षेत्र का परिवार और डिजिटल भाषा से अपरिचित बुजुर्ग–इन सबको समान महत्व देना होगा। डिजिटल भारत की असली परीक्षा उस नागरिक तक पहुँचने में है, जिसके पास सुविधा सबसे कम है। अंतिम व्यक्ति छूट गया तो सर्वश्रेष्ठ तकनीक भी अधूरी गिनती देगी। डिजिटल जनगणना की असली परीक्षा तकनीक नहीं, शासन की दृष्टि है। यह भारत के सामने ऐसा आईना रखती है, जिसमें संख्या के साथ असमानता, विविधता, अभाव और संभावना भी दिखाई देती है। सही सूचना को आधार बनाना होगा, कमियों को स्वीकारना होगा, निजता को सुविधा के नाम पर गिरवी नहीं रखना होगा और आँकड़ों में संवेदना बनाए रखनी होगी। तभी डेटा सत्ता की फाइल नहीं, लोककल्याण की भाषा बनेगा।

## प्रेरक प्रसंग

### दिल की पुकार

नावेर नाम का एक आरब था। उसके पास एक बहुत बढ़िया घोड़ा था। एक दिन दाहर नामक एक आदमी उसके पास आया। उसने घोड़ देखा तो उसका मन उसकी ओर आकर्षित हो गया। उसके पास बहुत-से ऊंट थे। उसने नावेर से कहा, तुम ये ऊंट ले लो और अपना घोड़ा मुझे दे दो।

लेकिन नावेर को भी वह घोड़ा बहुत प्यारा था। उसने उसे देने से इन्कार कर दिया।

दाहर ने बहुत आग्रह किया, लेकिन वह घोड़ा देने के लिए किसी प्रकार भी राजी नहीं हुआ।

तब दाहर ने एक चाल चली। नावेर जिस रास्ते से बाहर जाया करता था, उस रास्ते पर फटे-पुराने कपड़े पहनकर जा बैठा और अपना चेहरा छिपा लिया।

कुछ समय बाद जब नावेर अपने घोड़े पर सवार होकर उधर से निकला, तो दाहर ने उसका रास्ता रोक लिया। कहा, मैं बहुत दीन हूं, गरीब हूं। मुझे अगले गांव तक पहुंचा दोगे?

नावेर बड़ा दयालु था। उसकी दशा देखकर उसका हृदय द्रवित हो उठा। वह घोड़े पर से उतर पड़ा और दाहर को उस पर बिठाकर स्वयं पैदल चलने लगा। दाहर ने घोड़े को चाबुक मारकर भगा दिया और नावेर के पास आकर बोला, तुमने राजी से घोड़ा नहीं दिया। लो, मैंने तुम्हारा घोड़ा ले लिया! नावेर ने उसे पहचानकर कहा, कोई बात नहीं है दोस्त, पर एक बात याद रखना। इस घटना की चर्चा किसी से मत करना।

क्यों ? दाहर ने गर्व से पूछा।

इसलिए कि, नावेर ने कहा, आगे कभी कोई दया नहीं करेगा और बेचारे गरीब लोग बेमौत मारे जायेंगे। यह उसके दिल की पुकार थी। उसे सुनकर दाहर बड़ा लज्जित हुआ। उसने अपने किये पर क्षमा मांगी और घोड़ा लाकर उसे लौटा दिया।

## आपका पत्र मिला

### आधुनिक तकनीक से खाने की जांच हो

आज बहुत भीड़ में भी फोटो और वीडियो के जरिये एआई लोगों की पहचान बड़ी आसानी से कर लेता है, तो क्या सरकारी स्कूलों में दिये जाने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता परखने के लिये वीडियो फोटो से संबंधित खाने की गुणवत्ता का आकलन एआई से या किसी अन्य एप से प्रतिदिन नहीं हो सकता है। अगर ऐसा हो जाए तो गरीब बच्चों को मिड डे मील में दिये जाने वाले खाने की परख सही समय पर करके उसमें जरूरी परिवर्तन किये जा सकते हैं।

हाल ही में सीतापुर के एक सरकारी स्कूल में बच्चों को दिए जाने वाले घटिया खाने की फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर जब वायरल हुई, तब उच्च अधिकारियों की कुंभकर्णी नींद खुली। प्रायः ऐसा देखने में आता है कि घटिया खाने की जब फोटो वीडियो वायरल होतीं हैं , तब ही संबंधित स्कूल में जांच के आदेश दिये जाते हैं। कई बार यह भी देखा गया है कि घटिया खाना खाकर अबोध बच्चे बीमार पड़ जाते, तब शिक्षा विभाग खाने की गुणवत्ता की जांच के आदेश देकर अपना पल्ला झाड़ लेता है।

सरकारी स्कूलों में व आंगनबाड़ी केंद्रों में दिये जाने वाले खाने की गुणवत्ता मापने के लिये क्षेत्रीय और प्रादेशिक स्तर पर निगरानी समितियों का गठन किया जाना चाहिए, जो खाने की प्रतिदिन जीपीएस फोटो व वीडियो के माध्यम से सरकारी स्कूलों में वितरण होने वाले खाने की गुणवत्ता मापते हुए, आवश्यक सुधार के सुझाव देती रहे। तभी मिड डे मील में भोजन की गुणवत्ता बनायी जा सकती है और गरीब बच्चों के भोजन में भ्रष्टाचार करने वाले लोगों की सही पहचान की जा सकती है।

**सुरेश सौरभ**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# स्वतंत्रता दिवस पर ऐसे उभारें देशभक्ति



स्वतंत्रता दिवस का दिन उत्सव का ही नहीं बल्कि उन भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के सदियों के संघर्ष, बलिदान और दृढ़ संकल्प का भी प्रतीक है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अथक प्रयास किए। स्वतंत्रता दिवस पर स्कूलों, सरकारी और निजी कार्यालयों में स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी जाती है और तिरंगा झंडा फहराया जाता है। स्वतंत्रता दिवस के नजदीक आने पर अकसर शिक्षकों द्वारा छात्रों को भाषण या निबंध तैयार करने के लिए कहा जाता है। ऐसे में आजकल स्कूलों के लाखों बच्चे 15 अगस्त पर भाषण की तैयारी में जुटे होंगे। यहां से आइडिया लेकर आप स्कूली छात्रों के लिए 15 अगस्त पर भाषण तैयार कर सकते हैं।

**स्वतंत्रता दिवस पर भाषण का उदाहरण :** आदरणीय प्राधानाचार्य ,शिक्षकगण, यहां उपस्थित सभी अतिथि महोदय और मेरे सभी प्यारे मित्रों...

सबसे पहले मैं आप सबको स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आज हम यहां देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के जुटे हैं। पूरा देश आजादी की सालगिरह के जश्न में डूबा है। इस वर्ष भारत सरकार 'विकसित भारत' थीम के तहत स्वतंत्रता दिवस मना रही है। इस थीम के जरिए भारत सरकार 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में फोकस कर रही है।

साथियों, 15 अगस्त का शुभ दिन भारत के रीजनीतिक इतिहास में सबसे ज्यादा अहमियत रखता है। 15 अगस्त ही वह दिन है जब देश को अंग्रेजों की 200 सालों की गुलामी की बेड़ियों से मुक्ति मिली थी। ब्रिटिश राज में देश की जनता पर काफी अत्याचार किए गए। ब्रिटिश हुकूमत के जुल्मों से देश की जनता को छुटकारा दिलाने के लिए सैंकड़ों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। ऐसे में यह दिन उन महान क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का भी है जिन्होंने देश को आजादी दिलाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया।

देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, मंगल पाण्डे, राजगुरु, सुखदेव, जवाहरलाल नेहरु, लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक जैसे कई क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों का अहम योगदान रहा। यह दिन इन सभी क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करने और श्रद्धांजलि देने का दिन है।

**15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर सरल व छोटी कविताएं और गीत–** वैसे तो आज के दिन देश का हर क्षेत्र राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे से भरा दिखता है लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य कार्यक्रम दिल्ली के लाल किले पर होता है।

स्वतंत्रता दिवस पर देश के प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से जनता का अभिवादन स्वीकार करते हैं और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते है। 31 तोपों की सलामी दी जाती है। इसके बाद वह देश को संबोधित करते हैं। प्रधानमंत्री के भाषण को सुनने के लिए सुबह से ही लाल किले पर लोग पहुंचना शुरू कर देते हैं। प्रधानमंत्री अपने भाषण में भावी योजनाओं के बारे में बताते हैं और देश की उपलब्धियों का भी जिक्र करते हैं। वह अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड भी देते हैं। कार्यक्रम में सेनाओं की टुकड़ियां प्रधानमंत्री को सलामी देती हैं। सेना के बैंडों की धुन सुनने लायक होती है और मन को मोह लेती है। साथियों! 15 अगस्त हर साल आता है और हमारे दिलोदिमाग में हम स्वतंत्र हैं और स्वतंत्र रहेंगे का भाव जागृत कर चला जता है।

यह सबसे बड़ा राष्ट्रीय पर्व राष्ट्र और राष्ट्रीयता की हलचल पैदा कर जाता है। वर्ष में राष्ट्र ने क्या खोया और क्या पाया का हिसाब बता जाता है। भारत माता और भारत की स्वतंत्र सत्ता के लिए कर्तव्य का भाव जगा जाता है।

आइए हम राष्ट्र ध्वज को नमन करें। राष्ट्र के कल्याण के प्रति अपने संकल्प को दोहराएं। देश के विकास व सुरक्षा और देशवासियों के कल्याण के प्रति हमेशा समर्पित रहने की प्रतिज्ञा लें। अब मैं अपने भाषण का समापन करना चाहूंगा। एक बार फिर से आप सभी को हैप्पी इंडिपेंडेंस डे। इस मौके पर चंद पंक्तियां कहना चाहूंगा - उन्नति पथ पर चक्र अनवरत, चलता हुआ न ठहरे। फर-फर करता शुभ्र गगन में, सदा तिरंगा लहरे।। जय हिन्द ! जय भारत !

# नई चीजें सीखने में लगता समय? अपनाएं ये तरीके




सीखने के लिए पूरी उम्र कम पड़ जाती है। वैसे भी सीखना सिर्फ पढ़ाई करने का नाम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा आर्ट है, जिसे बेहतर बनाकर हम खुद में बहुत से इंप्रूवमेंट कर सकते हैं। यही एक कला है, जिसके जरिए किसी भी जानकारी को अच्छे से समझकर और याद रखकर इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर आप भी अपनी लर्निंग स्किल बढ़ाना चाहते हैं, तो यहां कुछ टिप्स बताए जा रहे हैं। ये 5 आसान और असरदार तरीके आपके लिए बहुत मददगार साबित हो सकते हैं।

**सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने के 5 आसान और असरदार तरीके**

आज हम आपको बताएंगे कि आप अपने सीखने की क्षमता कैसे बढ़ा सकते हैं? यहां बताए जा रहे आसान तरीकों को अपनाकर आप न बेहतर सीखेंगे। साथ ही आत्मविश्वास से भरपूर आप अपने गोल्स को भी हासिल कर सकते हैं।

**1. पढ़ाई में ब्रेक लें और नींद पूरी करें–** लगातार कई घंटों तक पढ़ना आपके लिए फायदेमंद नहीं होता। बेहतर तरीका है कि आप पोमोडोरो तकनीक को अपनाएं। इसके अनुसार आप 25 मिनट पढ़ाई करें और फिर 5 मिनट का ब्रेक लें। इससे आपको बोरियत और थकावट दोनों महसूस नहीं होगी। ऐसे हर ब्रेक के बाद आपका ब्रेन कुछ नया पढ़ने और उससे समझने के लिए रेडी हो जाएंगे। साथ ही, नींद को नजरअंदाज न करें। अच्छी नींद से दिमाग तरोताजा रहता है और आप ज्यादा याद रख पाते हैं।

**2. हर दिन खुद से सवाल करें–** सीखने की शुरुआत आत्ममंथन से होती है। दिन खत्म होने से पहले खुद से बात करें और ये दो सवाल जरूर पूछें- 'मैंने आज क्या सीखा?' और 'मुझे क्या समझ नहीं आया?' इस तरह की आत्मचिंतन करने की आदत से आपको अपनी वीक और स्ट्रॉन्ग साइड क्या है, इस बारे में जानने का मौका मिलता है। इससे न केवल आपकी समझ बेहतर होगी, बल्कि आपको यह भी पता चलेगा कि किस विषय पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

**3. मल्टीपल सेंसेज का इस्तेमाल करें–** केवल किताबें पढ़ना काफी नहीं है। पढ़ने के साथ-साथ सुनना, बोलना और लिखना भी जरूरी है। वीडियो देखकर, डायग्राम बनाकर या वॉइस नोट्स रिकॉर्ड कर आप पढ़ाई को इंट्रेस्टिंग और यादगार बना सकते हैं।

## कॅरियर अलर्ट

### एम्स नर्सिंग ऑफिसर वैकेंसी

मेडिकल की पढ़ाई करने वालों के लिए एम्स में अभी नौकरी का बढ़िया चांस है। देश के बड़े अस्पतालों में नर्सिंग ऑफिसर की 2200 से ज्यादा वैकेंसी निकली हुई हैं। यह भर्ती नर्सिंग ऑफिसर रिक्रूटमेंट कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट के अंतर्गत की जाएगी। जिन भी उम्मीदवारों के पास बीएससी नर्सिंग की डिग्री/जनरल नर्सिंग मिडवाइफ में डिप्लोमा है और वो स्टेट/इंडियन नर्सिंग काउंसिल में बतौर नर्सिंग मिडवाइफ रजिस्टर्ड हैं, वो www.aiimse&ams.ac.in पर अप्लाई कर सकते हैं। अंतिम तिथि 13 अगस्त 2026 शाम 5 बजे तक है।

### RRB सेक्शन कंट्रोलर भर्ती

रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड द्वारा सेक्शन कंट्रोलर भर्ती के आवेदन लिए जा रहे है। इस भर्ती की भी एप्लिकेशन विंडो इसी हफ्ते बंद होने वाली है। अगर आपने अभी तक इसमें अप्लाई नहीं किया है, तो 14 अगस्त आधिकारिक वेबसाइट rrb.indianrailways.gov.in की मदद से आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें। फीस की पेमेंट 16 अगस्त (रविवार) तक भी की जा सकती है। आवेदन के लिए अभ्यर्थियों के पास किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए।

### UPSC प्रिंसिपल-वाइस प्रिंसिपल भर्ती

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा दिल्ली के शिक्षा विभाग में प्रिंसिपल -वाइस प्रिंसिपल के 800 से ज्यादा पद भरे जा रहे हैं। जिन अभ्यर्थियों के पास ग्रेजुएशन-मास्टर्स की डिग्री के साथ टीचिंग का 2 से 10 साल का अनुभव है, वो इस पोस्ट के एलिजिबल हैं। प्रिंसिपल के लिए जनरल/ईडब्ल्यूएस कैंडिडेट्स की अधिकतम उम्र 50 वर्ष और वाइस प्रिंसिपल के लिए 35 वर्ष तय की गई है। ऊपरी उम्र में रिजर्व कैटेगिरी को छूट मिलेगी। ऐसे में जो अभ्यर्थी प्रिंसिपल-वाइस प्रिंसिपल की नौकरी पाना चाहते हैं, वो PSC वेबसाइट upsconline.nic.in के माध्यम से इस भर्ती में अप्लाई कर सकते हैं। अंतिम तिथि 14 अगस्त 2025 है।

# डिजिटल मार्केटिंग, टेक एवं डाटा में महिलाओं के लिए ये हैं नौकरी



हमारे देश में महिलाएं पुरुषों के कदम-कदम से मिलाकर मार्केटिंग, टेक एवं डाटा के क्षेत्र में बढ़कर-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। प्रतिवर्ष इस क्षेत्र में लाखों महिलाएं नौकरी की तैयारी और पढ़ाई करती हैं। अगर आप भी इन क्षेत्रों में अपने करियर का निर्माण करके

बेहतर पैकेज प्राप्त करना चाह रही हैं तो यह पेज आपके लिए उपयोगी है। आप इस पेज से हमारे देश में डिजिटल मार्केटिंग, टेक एवं डाटा के क्षेत्र में हाई पेइंग जॉब्स की जानकारी हासिल कर सकते हैं।

**डाटा साइंटिस्ट**

हमारे देश में डाटा साइंटिस्ट की मांग पिछले कुछ समय में तेजी से बढ़ी है। इसके चलते महिलाओं की भागीदारी भी इसमें देखने को मिल रही है। इस क्षेत्र में शुरुआत से ही बेहतर पैकेज मिलता है। आप भी इस क्षेत्र में 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद ही शुरुआत कर सकते हैं। 12वीं के बाद इस क्षेत्र में करियर के लिए विभिन्न अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज उपलब्ध हैं। ग्रेजुएशन करने के बाद आप इस क्षेत्र में पीजी आदि कोर्स भी कर सकते हैं।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का क्षेत्र भी हाई पेइंग जॉब्स के अंतर्गत गिना जाता है। इस क्षेत्र में उम्मीदवारों को लाखों में वेतन प्राप्त है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आप उपलब्ध विभिन्न डिग्री या डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। कुछ प्रमुख कोर्स बैचलर इन एआई, बैचलर इन कंप्यूटर साइंस एवं एआई, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक के साथ ही आप ऑनलाइन या ऑफलाइन सर्टिफिकेट या डिप्लोमा भी हासिल कर सकते हैं।

**परफॉर्मेंस मार्केटिंग क्या है**

परफॉर्मेंस मार्केटिंग को डिजिटल मार्केटिंग के रूप में जाना जाता है। इसका उद्देश एड की प्रभाव को बढ़ाकर अपने दर्शकों तक पहुंचना होता है। इसके साथ ही इनका काम विज्ञापन के कार्यभार को देखना भी होता है। इस क्षेत्र में उम्मीदवारों को लाखों में वेतन प्रदान किया जाता है।

# काम में रुकावटों से ऐसे बचें

*आज की दुनिया में, काम की लय बनाए रखना ज्यादा मुश्किल हो गया है। जैसे ही आप काम करने बैठते हैं ई-मेल, फोन कॉल और सोशल मीडिया आपका ध्यान खींच लेते हैं और आपके काम करने की लय टूट जाती है। इसके अलावा, कई बार आपको लगता होगा कि आप एक साथ कई काम (मल्टीटास्किंग) कर सकते हैं, लेकिन ऐसा करना इतना भी आसान नहीं है।* मल्टीटास्किंग व्हाइटबोर्ड पर लिखने और उसे लगातार मिटाने की तरह है। हर बार जब आप काम बदलते हैं, तो आपके दिमाग को शून्य से शुरू करना पड़ता है, जिससे काम खत्म करने में अधिक समय तो लगता ही है, गलतियां भी ज्यादा होती हैं और तनाव होता है सो अलग। ऐसे में कुछ महत्वपूर्ण तरकीबें आपको सही ट्रैक पर बने रहने में मदद कर सकती हैं। **इन बुनियादी बातों का रखें ध्यान–** खुद का ख्याल रखना होगा। इसके लिए पर्याप्त नींद लेना, हाइड्रेटेड रहना और सक्रिय रहना बेहद जरूरी है। काम करने में बाधाएं तो आएंगी ही, जरूरी यह है कि उन पर आपका नियंत्रण हो न की आप पर उनका। यदि आप इन बुनियादी बातों का ध्यान नहीं रखते हैं, तो ऐसा करना मुश्किल हो जाता है। काम करते समय नोटिफिकेशन बंद कर दें और अपना फोन दूर रखें। आप ध्यान भटकाने वाली वेबसाइट को ब्लॉक करने के लिए एप का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## अभ्यास

1. निम्न में से किस दिन हर साल विश्व सिंह दिवस मनाया जाता है?
(क) 7 अगस्त
(ख) 8 अगस्त
(ग) 9 अगस्त
(घ) 10 अगस्त
**उत्तर- (घ)**

2. निम्न में से किस स्थान पर दूसरे राष्ट्रीय बदरगाह सुरक्षा सम्मलेन 2026 का आयोजन किया गया?
(क) पटना
(ख) कोलकाता
(ग) नई दिल्ली
(घ) चेन्नई
**उत्तर- (ग)**

3. निम्न में से किस स्थान पर भारत और अमेरिका की नौसेना के बीच विस्फोटक आयुध निरोधक-ईओडी अभ्यास किया गया?
(क) पठानकोट
(ख) कोच्चि
(ग) कच्छ
(घ) विशाखापत्तनम
**उत्तर- (ख)**

4. निम्न में से किस एयरपोर्ट पर हाईजैकिंग से निपटने के संयुक्त अभ्यास सुदर्शन शक्ति-V किया गया?
(क) इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली
(ख) सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अहमदाबाद
(ग) कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, कोच्चि
(घ) राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, हैदराबाद
**उत्तर- (क)**

5. निम्न में से कौन भारत का सबसे बड़ा तरलीकृत पेट्रोलियम गैस आपूर्तिकर्ता देश बन गया है?
(क) संयुक्त अरब अमीरात
(ख) सऊदी अरब
(ग) दक्षिण कोरिया
(घ) अमेरिका
**उत्तर- (घ)**

6. निम्न में से किस राज्य सरकार ने मानव वन्यजीव संघर्ष को प्रबंधित करने के लिए 'फार्मगार्ड' नामक एआई-संचालित डिजिटल सेंट्री प्रणाली शुरु की है?
(क) मध्य प्रदेश
(ख) बिहार
(ग) केरल
(घ) तमिलनाडु
**उत्तर- (ग)**

# परीक्षा में उत्तर लिखने की कला को कैसे सुधारें?

अक्सर देखा गया है कि कई छात्र पढ़ाई करके ज्ञान तो खूब बटोर लेते हैं, लेकिन परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ला पाते। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि उन्हें पता ही नहीं कि प्रश्न का उत्तर कैसे लिखना है। बेशक छात्र कितनी भी पढ़ाई कर लें, यदि उन्हें पढ़ी हुई चीजों को परीक्षा के दौरान आंसर शीट पर उकेरने की कला नहीं मालूम, तो उनका पढ़ा-लिखा किसी काम का नहीं रह जाता। ऐसे में, छात्रों को चाहिए कि पढ़ाई के साथ-साथ अपनी लेखन शैली पर भी ध्यान दें। अगर आपको लिखने का हुनर पता है, तो भले ही आपके पास ज्ञान कम हो, लेकिन अपनी लिखावट से आप किसी भी परीक्षा में अच्छे अंक हासिल कर सकते हैं। **ऐसे करें शुरुआत :** कई बार आपको यह समझ में नहीं आता कि उत्तर लिखने की शुरुआत कैसे करें। ऐसे में, प्रश्न के केंद्र बिंदु को ध्यान में रखकर शुरुआत कर सकते हैं। उदाहरण के लिए अगर प्रश्न बल (फोर्स) से जुड़ा है, तो इसकी परिभाषा लिखते हुए उत्तर की शुरुआत की जा सकती है। **टुकड़ों में तोड़कर सोचें :** किसी प्रश्न को कई खंडों में तोड़कर सोचने की कोशिश करें। इससे सवाल से जुड़े कई विचार आपके मन में आएंगे। जो भी जानकारियां आप याद कर पा रहे हैं उसे लिखते चलें। आपको यह भी ध्यान रखना होगा कि उत्तर लिखते समय हरेक पैराग्राफ और प्रत्येक वाक्य प्रश्न की मांग पर ही केंद्रित हों। ऐसा अधिक अभ्यास से ही संभव है। **वन आईडिया रूल :** यह नियम काफी सरल होने के साथ बेहद कारगर भी है। इसके जरिये आप अपने उत्तरों को प्रभावी बना सकते हैं। यह कायदा एक समय में एक ही प्रश्न या विचार पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर देता है। जब आप किसी प्रश्न का उत्तर लिख रहें हों, तो केवल उससे जुड़ी जानकारियों के बारे में ही सोचें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बुधवार, 12 अगस्त 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ श्रावण मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, अमावस्या तिथौ बुध वासरे 23/07/ पुष्य नक्षत्रे 08/00/ व्यतिपात योग 15/26/ चतुष्पद करणे 12/28/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार–** स्नान दान श्राद्धादि की अमावस्या। हरियाली अमावस्या। चितलगी अमावस्या। शहादते इमाम हसन।

**मेष :** किसी उपलब्धि और परिणाम के संबंध में बेचैनी रहेगी। किसी के कारण विरोधियों से उलझना हो सकता है।

**वृष :** महत्वपूर्ण कार्यों में विघ्न पैदा हो सकते हैं। किसी कार्य और आय की चिंता से ग्रसित रहेंगे। स्वजनों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन तथा लेनदेन शीघ्र कर लें। उसके बाद समय व्यवधान कारक रहेगा। लाभ खर्च का संतुलन रहेगा।

**कर्क :** राजकीय कार्यों के प्रति ध्यान रखें। किसी प्रतिष्ठा जनक कार्य के बन जाने का हर्ष भी मिलेगा। जोखिम उठाने का लाभ भी मिलेगा।

**सिंह :** किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता होगी।

**कन्या :** विरोधी शिथिल होंगे। किसी पड़ोसी के विषय में कानूनी उलझन कष्ट देगी। अवरुद्ध लाभ की प्राप्ति होगी।

**तुला :** समय का सदुपयोग करें। राज्य अधिकारियों पर विजय प्राप्त होगी। किसी पुराने काम को निपटा लें तो अच्छा होगा।

**वृश्चिक :** व्यर्थ ही समय नष्ट हो जाएगा। परिस्थितियों की जटिलता से कामकाज प्रभावित हो सकता है।

**धनु :** मनोवांछित लाभ का हर्ष होगा। गृहस्थ जीवन सुखी संपन्न होगा। श्रेष्ठ जनों से पथ प्रदर्शन मिलेगा।

**मकर :** शांति से कार्य करें। सफलता की आशा है। जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता से दांपत्य जीवन प्रभावित होगा।

**मीन :** कार्य क्षेत्र में प्रभाव स्थापित होगा। नौकरी में उन्नति की संभावना है। व्यस्तता जीवन प्रभावित होगा।

# हल्के स्कूल बैग, सशक्त विद्यार्थी

स्कूल बैग केवल किताबें और कॉपियाँ ढोने का साधन नहीं है, बल्कि यह हर बच्चे के सपनों, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। लेकिन जब यही बैग आवश्यकता से अधिक भारी हो जाता है, तो यह बच्चों के कंधों पर बोझ



-विजय गर्ग

बनकर उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत को प्रभावित करने लगता है। इसलिए स्कूल बैग का भार कम करना केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज अनेक स्कूलों में विद्यार्थी प्रतिदिन कई किलोग्राम वजन वाले बैग लेकर आते-जाते हैं। चिकित्सकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, स्कूल बैग का वजन बच्चे के शरीर के वजन का लगभग 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। इससे अधिक भार उठाने पर पीठ दर्द, गर्दन और कंधों में खिंचाव, रीढ़ की हड्डी पर दबाव, गलत शारीरिक मुद्रा तथा लंबे समय तक रहने वाली मांसपेशियों की समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। बढ़ती



उम्र के बच्चों के लिए यह विशेष रूप से चिंता का विषय है, क्योंकि उनका शरीर अभी विकास की अवस्था में होता है। भारी स्कूल बैग का प्रभाव केवल शरीर तक सीमित नहीं रहता। यह बच्चों के मनोबल और सीखने की इच्छा को भी प्रभावित करता है। जब उन्हें रोज़ अनेक पुस्तकें और कॉपियाँ ढोनी पड़ती हैं, तो पढ़ाई आनंद के बजाय बोझ लगने लगती है। शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान अर्जित करना है, न कि किताबों का वजन उठाना। विद्यालय ऐसा स्थान होना चाहिए जहाँ बच्चे उत्साह, जिज्ञासा और प्रसन्नता के साथ जाएँ। इस समस्या का समाधान कठिन नहीं है। विद्यालय यदि सुव्यवस्थित समय-सारिणी बनाएँ और विद्यार्थियों को प्रतिदिन केवल आवश्यक पुस्तकें ही लाने के लिए प्रेरित करें, तो बैग का वजन काफी कम किया जा सकता है। कक्षा में लॉकर की व्यवस्था, पुस्तकों को दो या अधिक भागों में प्रकाशित करना, एकीकृत वर्कबुक का उपयोग तथा डिजिटल शिक्षण सामग्री को अपनाना भी प्रभावी उपाय हैं। शिक्षकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि गृहकार्य की योजना सोच-समझकर बनाई जाए और अनावश्यक कॉपियों एवं पुस्तकों की आवश्यकता कम की जाए, तो विद्यार्थियों का बोझ स्वतः घट जाएगा। अभिभावकों को भी समय-समय पर बच्चों के बैग की जाँच करनी चाहिए और अनावश्यक सामग्री निकाल देनी चाहिए। साथ ही, सही आकार के बैग और दोनों कंधों पर समान रूप से पहनने की आदत विकसित करनी चाहिए। डिजिटल तकनीक इस दिशा में नई संभावनाएँ लेकर आई है। ई-पुस्तकें, स्मार्ट कक्षाएँ, ऑनलाइन असाइनमेंट और शैक्षिक ऐप्स कागज़ी पुस्तकों पर निर्भरता कम कर सकते हैं। हालांकि, डिजिटल शिक्षा को पारंपरिक शिक्षा का विकल्प नहीं बल्कि उसका पूरक बनाया जाना चाहिए, ताकि बच्चे लेखन और पठन की मूलभूत आदतों से भी जुड़े रहें। सरकारों और शिक्षा विभागों ने स्कूल बैग के वजन को नियंत्रित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन उनकी सफलता विद्यालयों, शिक्षकों, अभिभावकों और प्रकाशकों के संयुक्त प्रयास पर निर्भर करती है। प्रकाशक भी हल्की पुस्तकें तैयार करके, पुस्तकों को छोटे भागों में विभाजित करके तथा पाठ्यक्रम को अधिक व्यवस्थित बनाकर इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। वास्तविक शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को ज्ञानवान, रचनात्मक, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। यदि वे प्रतिदिन भारी बैग के बोझ से दबे रहेंगे, तो उनकी सीखने की स्वाभाविक खुशी प्रभावित होगी। हल्के स्कूल बैग बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं, उनकी ऊर्जा बनाए रखते हैं और उन्हें अधिक उत्साह के साथ सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। स्कूल बैग का भार कम करना शिक्षा को कम करना नहीं, बल्कि उसे अधिक प्रभावी, मानवीय और बाल-केंद्रित बनाना है। जब हम बच्चों के कंधों से अनावश्यक बोझ हटाते हैं, तब हम उनके सपनों, आत्मविश्वास और भविष्य को मजबूत बनाते हैं।

## आज जनपद आयेंगे सदस्य रामसिंह बाल्मीकि

**ललितपुर।** श्रीराम सिंह बाल्मीकि सदस्य सेन्ट्रल मानिटरिंग कमेटी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार अपने भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार आज प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे व 12 बजे झांसी के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कदौराके बागी में मनरेगा घोटाला-फर्जी मेड़बंदी में 142 श्रमिकों की हाजिरी, पूर्व में भी साबित हुए थे धोखाधड़ी



उरई : फर्जी भुगतान का स्क्रीन शॉट ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई(जालौन)।** विकासखंड कदौरा की ग्राम पंचायत बागी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के तहत बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आया है। मेड़बंदी और समतलीकरण के नाम पर 142 से अधिक श्रमिकों की फर्जी उपस्थिति दर्ज करने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि खेतों पर न तो कोई काम हो रहा है और न ही श्रमिक मौजूद है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा खेल रोजगार सेवक ने अपने परिजनों के जॉब कार्ड बनाकर और अधिकारियों से मिलीभगत कर रचा है।

### बारिश में भी चल रहा है फर्जी कार्य

मिली जानकारी के अनुसार, बागी गांव में मालती, शीतला, देवीदयाल और सोहनलाल के खेतों में मेड़बंदी व समतलीकरण का कार्य दिखाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समय मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके चलते खेतों तक पहुंचना भी मुश्किल है। ऐसे में वहां काम होना और श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज होना पूरी तरह फर्जी है।

### रोजगार सेवक पर कई गंभीर आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बागी के रोजगार सेवक पर पहले से ही दूसरी ग्राम पंचायत का अतिरिक्त कार्यभार है और वह अन्य गांवों में सिंडीगेट बनाकर लाभ ले रहा है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि रोजगार सेवक ने अपने परिजनों के जॉब कार्ड बनवा रखे हैं और उन्हीं के नाम पर घर बैठे हाजिरी लगा रहा है। इसके अलावा, रोजगार सेवक पर ग्राम प्रधान के साइन करने का भी आरोप है, जिससे प्रधान को होने वाले कार्यों की जानकारी नहीं रहती।

### पूर्व में भी फर्जी कार्य साबित हो चुके

ग्रामीणों का कहना है कि इससे पांच माह पूर्व भी शिकायत होने पर बीडीओ संदीप मिश्रा ने फर्जी कार्य पाए जाने पर भुगतान रोक दिया था। ग्रामीण हैरान हैं कि जब पिछले कार्य फर्जी साबित हो चुके हैं, तो फिर से उन्हीं कार्यों में श्रमिकों की हाजिरी क्यों भरी जा रही है।

### दिल्ली-सूरत में मजदूरी कर रहे श्रमिकों की गांव में हाजिरी

जॉब कार्ड धारकों ने सीधे तौर पर धोखाधड़ी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि वे दिल्ली, सूरत और कानपुर जैसे शहरों में मजदूरी कर रहे हैं, लेकिन ग्राम पंचायत में उनकी उपस्थिति दर्शाई जा रही है। उन्होंने इसे पूरी तरह भ्रष्टाचार करार दिया है।

### बीडीओ ने जांच का दिया आश्वासन

खंड विकास अधिकारी बीडीओ संदीप मिश्रा ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए कहा कि जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, ग्रामीण प्रशासनिक कार्रवाई में देरी से चिंतित हैं और उन्होंने जिलाधिकारी व डीसी मनरेगा से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है।

## श्रद्धालुओं की राह न हो मुश्किल, डीएम एसपी ने देर रात मंदिरों में जांचीं



उरई : वनखंडी देवी मंदिर का निरीक्षण करते डीएम एसपी ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कालपी (जालौन)।** सावन माह में शिवालयों और प्रमुख मंदिरों में बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। मंगलवार देर रात जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने नगर के प्रमुख मंदिरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। अधिकारियों ने मंदिर परिसर से लेकर आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा, प्रकाश, स्वच्छता, पेयजल और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम-एसपी सबसे पहले वनखंडी देवी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर के महंत जमुनादास जी महाराज से मुलाकात कर सावन में श्रद्धालुओं की आमद, दर्शन-पूजन के दौरान होने वाली भीड़ और मंदिर परिसर में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। महंत ने मंदिर की व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी जानकारी अधिकारियों को दी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि सावन माह में दूर-दराज से भी श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा के साथ ही दर्शन-पूजन में किसी तरह की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मंदिरों के आसपास नियमित साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, पेयजल और भीड़ के व्यवस्थित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिसकर्मियों को मंदिरों और आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सावन को लेकर प्रमुख मंदिरों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। भीड़ बढ़ने की स्थिति में यातायात और श्रद्धालुओं के आवागमन को व्यवस्थित रखा जाए। पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं से शालीनता से व्यवहार करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रखें।देर रात अधिकारियों के औचक निरीक्षण से स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अमले में भी सक्रियता नजर आई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सावन माह के दौरान मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में किसी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी, अतिरिक्त निरीक्षक अवनीश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

## जालौन में सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त रुख, अवैध कट व अतिक्रमण पर होगी कार्रवाई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई (जालौन)।**जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए और कहा कि इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने परिवहन और पुलिस विभाग को रॉन्ग साइड वाहन चलाने, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के यात्रा करने और तेज रफ्तार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि केवल चालान काटने तक सीमित न रहें, बल्कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी करें ताकि सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार विकसित हो।सबसे कड़ा रुख अवैध कटों को लेकर अपनाते हुए जिलाधिकारी ने एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि राजमार्गों पर सभी अवैध कटों को तत्काल चिन्हित कर बंद कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि बंद किए गए कट को कोई पुनः खोलता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सड़क किनारे रखी निर्माण सामग्री और अतिक्रमण के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाकर सामग्री जब्त करने और दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।राष्ट्रीय राजमार्गों पर खराब या निष्क्रिय अवस्था में खड़े वाहनों को तत्काल हटवाने तथा शहरी क्षेत्रों में अवैध होर्डिंग व बैनर के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के भी आदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा।बैठक में सीडीओ केके सिंह, एडीएम राजीव राज, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, सीएमओ एचएन प्रसाद, सीओ राजीव शर्मा, अधिशासी अभियंता, एआरटीओ सौम्या पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला गंगा समिति के तत्वाधान में आयोजित होगी प्राकृतिक खेती कार्यशाला

**गंगा नदी प्राधिकरणा आदेश का कड़ाई से होगा पालन**



**ललितपुर।** जिला गंगा समिति की मासिक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया व बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्य प्रकाश तथा संचालन प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी नवीन प्रकाश शाक्य द्वारा किया गया व बैठक में जिलाधिकारी ने गंगा नदी प्राधिकरण आदेश 2016 के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के संबंध में क्षेत्रीय स्तर के अधिकारीयों को संवेदीकृत किए जाने के निर्देश दिए व उन्होंने कहा कि लेखपाल, राजस्व निरीक्षक एवं अन्य राजस्व अधिकारी अनिवार्य प्रावधानों से पूर्णतः अवगत हो व गंगा नदी अथवा उसकी सहायक नदियों में किसी भी प्रकार का अनुपचारित अथवा उपचारित सीवेज, स्लज, व्यापारिक अपशिष्ट अथवा खतरनाक अपशिष्ट का निर्वहन नहीं किया जाएगा व राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की पूर्व स्वीकृति के बिना सक्रिय बाढ़ क्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक अथवा औद्योगिक प्रयोजनों के लिए किसी भी स्थायी अथवा अस्थायी संरचना के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी व किसी भी विकास कार्य, पुल, तटबंध, जल संरचना घाट, जेटी आदि के निर्माण स्थापना हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से पूर्व अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा व राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जिला गंगा समिति के तत्वाधान में कृषि विभाग के सहयोग से प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। बैठक में उपायुक्त श्रम रोजगार, पंचायती राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, नोडल अधिकारी स्वास्थ्य विभाग, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण उप कृषि निदेशक बुंदेलखंड सेवा संस्थान सचिव परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति उपस्थित रहे।

## भाकियू ने मासिक बैठक कर समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कोंच(जालौन)।** भारतीय किसान यूनियन में मासिक बैठक करते हुए अन्ना पशुओं की समस्याओं पर रोग लगने की अधिकारियों से मांग की क्योंकि ग्राम रबा भेंड़ अंडा और शिवनी बुजुर्ग सहित कई स्थानों पर अन्ना पशु सड़को पर घूम रहे हैं जो फसलों को तो नुकसान पहुंचा ही रहे है। किसानों की 5 माह से लंबित वृद्धावस्था पेंशन दिलाई जाए वहीं कोंच बंगरा मार्ग पर गोरा करनपुर के आगे पुलिया का निर्माण अभिलम्ब कराया जाए ऐसी तमाम मांगों पर एक मांग पत्र भारतीय किसान यूनियन द्वारा तैयार कर सक्षम अधिकारी को सोंपा गया इस दौरान डा. पीडी निरंजन सुभाष पटेल सौरभ पटेल मंगल सिंह दशरथ सिंह भगवान सिंह कौशल किशोर वीरेन राजपाल गोविंद सिंह डा. द्ववजेंद्र सिंह नेट सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## बुरीनियति से पकड़ने का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)।** तमंचा लेकर आया व्यक्ति गाली गलौज करते हुए जबरन बुरी नियत से पकड़ लिया जिस पर महिला चिल्लाई तो व्यक्ति जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

घटना दस अगस्त 2026 रात्रि करीब 8 बजे की है। जब मोहल्ला गांधी नगर निवासिनी नसीमा पुत्री पप्पू अपने घर पर थी तभी मुहल्ला गांधी नगर निवासी नीलम पुत्र शारदा यागिक अपने एक साथी के साथ तमंचा लहराते हुए आया और रंजिश के चलते गाली गलौच करते हुए नसीमा से हम बिस्तर की बात कहते हुए बुरी नियति से पकड़ लिया किसी तरह पीड़िता छूटकर कर घर के अंदर घुस गई तो नीलम ने हफ्ता बसूली की धमकी देते हुए हवाई फायर कर दिया और धमकी दी कि कहीं दिख गयी तो जान से मार देंगे उक्त के सम्बन्ध में नसीमा ने दिन मंगलवार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है जिस पर पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारों से गूंजा ललितपुर'



राष्ट्रप्रेम की भावना से सरावोर बच्चे, बूढ़े, युवा, दिव्यांग, सभी ने हाथों में थामा तिरंगा'

अभियान के तहत कल्याण सिंह सभागार में होगा तिरंगा मेला, प्रदर्शनी व म्यूजिकल कॉन्सर्ट का आयोजन'

ललितपुर। शासन द्वारा व देशभर में चलाये जा रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्र की एकता, अखण्डता, पंथ निरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को सुदृढ़ करने तथा प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम की भावना को पल्लवित करने के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में प्रातः 9 बजे से पुलिस लाइन प्रांगण में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, सांसद प्रतिनिधि अनिल पटैरिया, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी व अन्य जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडिट, स्काउट गाइड आदि ने हाथों में तिरंगा थामकर यात्रा का शुभारंभ किया और पुलिस लाइन से शुरू करते हुए तुवन चैराहा, घण्टाघर, वर्णी कॉलेस से वापिस पुलिस लाइन पर यात्रा का समापन किया व यात्रा में देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं भारत माता की जयकारों से सड़कें व गलियां गूजांयमान हो रही थीं, जिससे तिरंगा यात्रा की भव्यता और अधिक निखकर आकर्षण का केन्द्र बन रही थीं व तिरंगा यात्रा से उत्साहित होकर लोग जगह-जगह पुष्पवर्षा करते दिखाई दिये, साथ ही भारतमाता की जयकारों से शहर की गलियां गूॅज उठीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जनपद भर में विभिन्न स्थलों पर तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं, जिसमें जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में हजारों लोग इन तिरंगा यात्राओं में शामिल हो रहे हैं व उन्होंने कहा कि यह अवसर देश के वीर सपूतों, महापुरुषों और आजादी के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का शुभ अवसर है, इन यात्राओं में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लोग देश को एकता, अखण्डता का संदेश दें व उन्होंने यह भी बताया कि अभियान के तहत आज कल्याण सिंह सभागार में प्रातः 10 बजे से तिरंगा मेला एवं प्रदर्शनी एवं सायं 4 बजे से म्यूजिकल कन्सर्ट का आयोजन किया जा रहा है, उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित हों व तिरंगा यात्रा के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दिनेश कुमार अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजय मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. सिंह, जिला पर्यटक अधिकारी हेमलता हाथों में तिरंगा थामे बढ़ते हुए कदमों से जोश के साथ देशभक्ति की भावना को दिल में लिये चल रहे थे।

## कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गयी एलबेंडाजोल



**कोंच (जालौन)।** सरकार द्वारा राष्ट्रीय क्रिमि नाशक दिवस एक राष्ट्रव्यापी जन स्वास्थ्य अभियान चलाया जाता है जिसका उद्देश्य बच्चों और किशोरों को कृम नाशक दवा देना है जिसका उद्देश्य आंतों के संक्रमण के बोझ को कम करना है। इसी अभियान के तहत बिकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय गोरा करनपुर में छात्र-छात्राओं को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए प्रधानाध्यापक अनुराग निरंजन व स्वास्थ्य विभाग की उपस्थिति में।निर्धारित तरीके से एल्बेंडाजोल की खुराक पिलाई गयी और उन्होंने बच्चों एवं उनके उपस्थित अविभावकों को कृमि से होने बाले नुकसानों को बताया क्योंकि इसके प्रभाव से बच्चों में कमजोरी भूख कम लगना और शारीरिक विकास प्रभावित होने जैसी समस्याएं होती हैं वहीं बच्चों को साफ सफाई के बारे में जागरूक करते हुए भोजन और पानी का स्वच्छ सेवन के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें भोजन के पूर्व और शौचालय के बाद साबुन से हाथ धोने के लिए प्रेरित किया गया वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों को संक्रमण से बचाने के लिए कई प्रकार की टिप्स देते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की बात कही गयी इस दौरान बिद्यालय परिवार व स्वस्थ्य कर्मी सहित बच्चे और अविभावक मौजूद रहे।

## सुरक्षा बढ़ाने की रिंकू सिंह राही की मांग को क्यों नजरअंदाज कर रहा पुलिस प्रशासन?

**-कहा लिखकर दें सुरक्षा नहीं बढ़ानी है तो कोर्ट जाऊंगा**
**-अवैध खनन और कोल्ड स्टोरेज घोटाले की जांच कर रहे आईएएस रिंकू सिंह राही**
**- सफेदपोश माफिया से जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा बढ़ाने की मांग को लेकर सख्त रुख अपनाया**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई (जालौन)।** जालौन में संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। पुलिस अधीक्षक को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा कि अवैध खनन, कोल्ड स्टोरेज घोटाले और सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे जैसे संवेदनशील मामलों में कार्रवाई के कारण उनकी जान को खतरा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अगर प्रशासन उनकी सुरक्षा बढ़ाने में असमर्थ है तो वह लिखित में कारण बताएं, ताकि वह उच्च अधिकारियों या न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकें।

### सफेदपोश माफिया से टकराव के बाद स्थानांतरण, अब जान को खतरा



रिंकू सिंह राही

रिंकू सिंह राही ने पत्र में बताया कि उन्होंने जालौन में अवैध खनन पर लगभग 60 प्रतिशत तक रोक लगाई थी, जिससे बड़े आर्थिक हितों को चोट पहुंची है। उनका आरोप है कि राजनीतिक रूप से प्भावशाली श्सफेदपोश माफियाश् ने उनके स्थानांतरण के लिए दबाव बनाया और जांच रोकने के लिए षड्यंत्र रचा। राही ने पत्र में मुजफ्फरनगर घोटाले और वहां हुए जानलेवा हमले का हवाला देते हुए कहा कि अगर उनके साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसकी निष्पक्ष जांच नहीं हो पाएगी। गौरतलब है कि 2009 में सामाजिक कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार उजागर करने पर राही पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें उन्हें सात गोलियां लगी थीं और एक आंख की रोशनी चली गई थी।

### बार एसोसिएशन और नगर पालिका विवाद से घिरे राही

हाल के दिनों में रिंकू सिंह राही विवादों से भी घिरे रहे हैं। 4 अगस्त को जालौन बार एसोसिएशन ने उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए राजस्व अदालतों के बहिष्कार की घोषणा की थी। वहीं, 10 दिन पहले ओंरै नगर पालिका में अनियमितताओं की जांच के दौरान कार्यपालन अधिकारी से उनका विवाद भी हुआ था। राही ने अपनी सुरक्षा को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एश् पर भी पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी सुरक्षा को जानबूझकर बढ़ाया नहीं जा रहा है।

### सरकारी अधिकारियों को कैसी मिलती है सुरक्षा?

आमतौर पर आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को उनकी पोस्टिंग और खतरे के स्तर के आधार पर सुरक्षा प्रदान की जाती है। संवेदनशील इलाकों में जेड या वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी जाती है, जिसमें स्पेशल कमांडो और बुलेटप्रूफ गाड़ियां शामिल हो सकती हैं। राही ने अपनी सुरक्षा के त्वरित पुनर्मूल्यांकन की मांग की है।

### पत्र की प्रतिलिपि उच्च अधिकारियों को भेजी

राही ने अपने पत्र की प्रतिलिपि पुलिस महानिदेशक, गृह विभाग के प्रमुख सचिव, झांसी मंडल के आयुक्त, पुलिस उप महानिरीक्षक और जिलाधिकारी को भेजी है, जिससे इस मामले की गंभीरता को दर्शाया गया है। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**ललितपुर।** पहलवान गुरुदीन कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के फार्मेसी विभाग में वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया व कार्यक्रम का मुख्य विषय ÷डिजिटल की ओर बढ़ते कदम÷ रहा व शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवाओं, बचत, डिजिटल भुगतान, वित्तीय प्रबंधन, साइबर सुरक्षा तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एल.डी.एम. हरीश कुमार, भारतीय रिजर्व बैंक के एल.डी.ओ. संदीप मिश्रा, नाबार्ड के डी.डी.एम सलिल अर्कवंशी, एल.डी.एम कार्यालय से एफ.एल.सी संदीप कुमार तथा आरोह फाउंडेशन से एफ.सी. शोएब खान उपस्थित रहे व कार्यक्रम का शुभारंभ पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झा, विनोद एवं पुष्पेंद्र द्वारा सभी अतिथियों को बैज लगाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन व स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक सौरभ यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में प्रत्येक विद्यार्थी के लिए वित्तीय साक्षरता अत्यंत आवश्यक है व विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान, बचत एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी देकर उन्हें आर्थिक रूप से जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर हरीश कुमार ने विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं तथा सही वित्तीय निर्णय लेने के महत्व के बारे में जानकारी दी। भारतीय रिजर्व बैंक के एल.डी.ओ संदीप मिश्रा ने डिजिटल बैंकिंग, सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन, यूपीआई के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की व कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तर एवं संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झा ने अपने समापन उद्बोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में वित्तीय जागरूकता प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है व उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वह स्वयं वित्तीय रूप से जागरूक बनें तथा अपने परिवार एवं समाज को भी सुरक्षित डिजिटल लेन-देन और बेहतर वित्तीय प्रबंधन के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महाविद्यालय के फार्मेसी विभाग के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया व कार्यक्रम का मुख्य संदेश रहा कि जागरूक बनें, सुरक्षित रहें व आर्थिक रूप से सशक्त बनें। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सावन के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**कोंच(जालौन)।** सावन मास के दूसरे सोमवार को नगर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला सुबह से ही नगर के प्रमुख शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

मंदिरों में भक्तों ने विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक दुग्धाभिषेकऔर रुद्राभिषेक किया तथा सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की दिनसोमवार को सुबह से ही शिवालयों के बाहर श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं हाथों में जल दूध बेलपत्र धतूरा और पुष्प लेकर पहुंचे भक्तों ने भगवान शिव का पूजन किया इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंजते रहे सावन के दूसरे सोमवार को लेकर शिव भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। वहींनगर के भूतेश्वर महादेव और महाकालेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा नई बस्ती स्थित सिद्धेश्वर मंदिर नायक का मठ गुप्तेश्वर महादेव बक्सेश्वर महादेव पीपलेश्वर महादेव और यादवेश्वर महादेव मंदिर पठेश्वर और झलेश्वर मंदिर समेत नगर के विभिन्न गली-मोहल्लों में स्थित शिवालयों में भी सुबह से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था भक्तों ने शिवलिंग पर जल और दूध अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।सावन मास को भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माना जाता है धार्मिक मान्यता के अनुसार इस महीने में शिव पूजन और जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं यही वजह है कि सावन के प्रत्येक सोमवार को शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।

# भारत की एकताए स्वाभिमान और राष्ट्र गौरव का प्रतीक है तिरंगा : कल्लू राजपूत

**. स्वतंत्रता सेनानीयों की अमिट गाथा का नाम है तिरंगा**

**. भाजपा द्वारा निकाली गई मण्डल स्तरीय तिरंगा यात्रा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बाँदा।** भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले के सभी मण्डलों में तिरंगा यात्रा निकाली गई स बाँदा शहर के उत्तरी मण्डलए दक्षिणी मण्डलए बबेरू मण्डल ए जसपुरा मण्डल व पैलानी मण्डल में जोश व खरोश के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई स भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में बबेरू में निकाली गई तिरंगा यात्रा रामलीला मैदान से बबेरू चौराहाए सुन्दर कुआँसे चलकर अम्बेडकर चौराहे में समाप्त हुई स यात्रा में में सभी लोग भारत माता की जय व वंदेमातरम के नारे लगा रहे थे स सभी लोग हाथो में लहराता तिरंगा लिए हुए भारत माता की जय और वंदेमातरम का जय घोष कर रहे थे इस अवसर पर देश भक्ति गीतों से पूरा वातावरण गूंजता रहा । यात्रा ने पूरे शहर को राष्ट्र भक्ति के रंग में रंग दिया यात्रा में उमड़े जनसैलाब में राष्ट्रीय एकताए अखंडता और देश प्रेम की भावना का संदेश दिया । तिरंगा यात्रा का लोगो ने जगह जगह स्वागत कर पुष्प वर्षा करते हुए शामिल लोगो का उत्साह बढ़ाया।

जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा की तिरंगा प्रतेक भारतीय के गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है इसके सम्मान में देश का प्रतेक नागरिक भावनात्मक रूप से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश भक्त की भावना को जन जन तक पहुँचाने का माध्यम है इसमें सभी लोगो को पूरे उत्साह के साथ सहभागी बनना चाहिए । शहर के महाराणा प्रताप चौक से अंबेडकर पार्क जजी चौराहे तक तथा दक्षणीय मंडल की शहर के रामलीला मैदान से माहेश्वरी देवी चौराहा बालखंडी नाका पदमाकर चौराहे से निकाली गौई तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कर रहे सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है । यह अभियान देश के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को मजबूत करने वाला है ।



उन्होंने सभी से अपने घरों में तिरंगा फहरा कर राष्ट्रीय पर्व में सहभागी बनने का अहवाहन किया उन्होंने कहा की तिरंगा प्रतीक भारतीय के गौरव का प्रतीक है । उन्होंने तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय एकता अखंडता और राष्ट्र ध्वज के सम्मान का संदेश दिया ।

इस अवसर पर बबेरू तिरंगा यात्रा में विवेकानंद गुप्ताए सौरभ शिवहरेए सुधीर कुशवाहाए अजय पटेलए बांदा मंडल के तिरंगा यात्रा में राजेश गुप्ता रज्जनए संतोष राजपूत के अलावा मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे इसी प्रकार जसपुरा मंडल की तिरंगा यात्रा ब्लाक सभागार से तहसील कार्यालय तक निकाली गई साथ ही पैलानी मंडल की तिरंगा यात्रा चिल्ला में बड़े ही उत्साह के साथ निकली गई।

## विदुषी कायस्थ महिला समूह का गठन

बांदा। श्रेष्ठ विचार ही समाज में क्रांति लाते हैं। इसी भावना के तहत बांदा के शहर के एक होटल में श्रीमती नीता खरेए श्रीमती साधना श्रीवास्तव और श्रीमती साधना निगम की पहल पर महिलाओं का एक नया संगठन श्विदुषी कायस्थ महिला समूहश् का गठन किया गया। इस समूह का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों के लिए कार्य करना तथा सांस्कृतिक पर्वों पर एकत्र होकर विचारों का आदान.प्रदान करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीता खरे ने की। समूह की संरक्षिका श्रीमती मृदुला सिन्हा ;आर कन्या विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्यद्ध तथा मार्गदर्शिका श्रीमती श्रद्धा निगम ;नाटक कला केंद्रद्ध रहीं। इस अवसर पर साधना निगमए साधना श्रीवास्तवए रंजना श्रीवास्तवए सुहासिनी श्रीवास्तवए कौमुदी श्रीवास्तवए सौम्या सक्सेनाए अभिलाषा निगमए निधि श्रीवास्तवए शिल्पी श्रीवास्तवए प्रियंका निगम सहित 20 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज सेवा के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। सामाजिक उत्थान और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्यरत रहेगा।

## छात्राओं को मिले करियर और व्यक्तित्व विकास के गुरुमंत्र



**. राजकीय महिला डिग्री कालेज में हुआ कार्यशाला का आयोजन**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बांदा।** मंगलवार को शहर के राजकीय महिला डिग्री कालेजए बांदा में ग्राम टू सदन पालिसी रिसर्च फाउंडेशन के तत्वावधान में छात्राओं के लिए एक दिवसीय करियर काउंसलिंग और व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या प्रोफेसर दीपाली गुप्ता की अध्यक्षता और प्रोफेसर सबीहा रहमानी के कुशल मंच संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित शिक्षाविदए वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी नसीर अहमद सिद्दीकी रहे। वर्तमान में सूक्ष्मए लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय केंद्र सरकार और विश्व बैंक के संयुक्त प्रोजेक्ट रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस ;रेम्पद्ध है। दिल्ली के मुख्य मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्यरत श्री सिद्दीकी ने अपने जादुई व सुंदर प्रस्तुतिकरण से समां बांध दिया। बांदा की माटी से जुड़े नसीर सिद्दीकी के निरालेए सरल और प्रेरक अंदाज ने छात्राओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों के साथ व्यक्तित्व विकासए रेज्यूमे लेखनए इंटरव्यू तकनीक और भावी करियर विकल्पों आर्टिफिशल इंटेलिजेंसए मशीन लर्निंगए डेटा एनालिस्टए डेटा साइंस पर बारीकियां सिखाईं। इसके साथ ही उन्होंने एमएसएमई योजनाओंए जैसे पीएमईजीपीए ओडीओपी और मुद्रा लोन के जरिए महिला उद्यमिता और खुद का व्यवसाय शुरू करने का व्यावहारिक खाका प्रस्तुत किया। कौशल विकास और नेतृत्व निर्माण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर तेजी से उभर रही संस्था श्ग्राम टू सदन पालिसी रिसर्च फाउंडेशन का यह आयोजन बांदा की छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। संस्था ग्रामीण व शहरी युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनुकरणीय कार्य कर रही है। कार्यक्रम में कॉलेज की पूर्व छात्रा और वर्तमान में उत्तराखंड सरकार में राज्य सिविल सेवा के तहत निदेशक पद पर आसीन अंजना मसुरहा की सफलता का विशेष उल्लेख कर छात्राओं को प्रेरित किया गया। स्थानीय निवासियों रिजवान अलीए सायरा बानोए मुहम्मद ताहिरए मोहसिना सिद्दीकी और मुस्कान वर्मा ने कहा कि बांदा में पहली बार ऐसा सर्वोपयोगी कार्यक्रम आयोजित हुआ हैए जिससे छात्राओं और महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का नया संचार होगा।



## खबर एक नज़र

### नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड पंजीकरण शिविर का आयोजन



**बांदा।** रेड क्रास सोसाइटी के सचिव अमित सेठ भोलू ने बताया कि आज भारतीय रेड क्रास सोसाइटी का तत्वाधान में 70 वर्ष से ऊपर के महिला और पुरुष का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड पंजीकरण शिविर का आयोजन स्थान मोदी मंदिर फूटा कुवां में लगाया गया। जिसका शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती गुप्ता बासु ने फीता काटकर विधिवत शुरुवात हुई।इस कार्यक्रम मे स्वास्थ विभाग से डाण् आर एन प्रसादएडाण् ऋषिका सिंहएडीईओ जीसानएहर्षितए कौशलेन्द्र का सहयोग प्राप्त हुआ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अमित सेठ भोलूएसभासद अमित कुमार साहूएभैरव अग्रवालए डाण् दिनेश दीक्षितए विष्णु ओमर ए पंकज रावतएकमलेश गुप्ता पंडित गिरजा शंकरएनईम नेता राधेश्याम गुप्ताए अशोक खरे पन्नालाल धुरिया सहित समित के सदस्य उपस्थित रहे।इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने आयुष्मान कार्ड का पंजीयन कराया।

### तिंदवारी ब्लॉक के ग्राम रेहुटा गौशाला में अमानवीयताए 50 गौवंश भूखे.प्यासे तीन दिन से बंदए एक भी कर्मचारी नहीं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**अतर्रा बांदा।** विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने आज ब्लॉक तिंदवारीए ग्राम पंचायत रेहुटा द्वारा संचालित गौशाला का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण में जो दृश्य सामने आया वह मानवता और शासन दोनों को शर्मसार करने वाला है।

भयावह हकीकत

50 से अधिक गौवंश गौशाला के अंदर बंद ताले में कैद हैं।

तीन दिन से एक भी कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं आया। गौशाला में ताला लटका हुआ था।

गौवंश भूखे.प्यासे तड़प रहे हैं। न चाराए न पानीए न कोई देखभाल।

एक स्थानीय किसान ने बताया भगवान भरोसे छोड़ दिया गया हैए कोई सुध लेने वाला नहीं।

महेश प्रजापति गौरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष का आरोप है कि गौशाला नहींए गौवंशों के लिए मौत का पिंजरा बन गई है। सरकार करोड़ों रुपए गौ संरक्षण के नाम पर खर्च कर रही हैए लेकिन धरातल पर गौ माता को भूख और प्यास से तड़पा.तड़पा कर मारा जा रहा है।

जिम्मेदार अधिकारी और ग्राम प्रधान दोनों गौ हत्या के दोषी हैं। ये सीधा.सीधा गौ क्रूरता अधिनियम का उल्लंघन है।

विश्व हिंदू महासंघ की मांग

24 घंटे में दोषी सचिवए प्रधान और पशुधन अधिकारी निलंबित हों।

गौशाला का तत्काल चार्ज लेकर गौवंशों को चारा.पानी और इलाज दिया जाए। तीन दिन की लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर मुकदमा दर्ज हो।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित गोपीनाथ दनादन पुण्यतिथि कांग्रेसियों ने मनाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बांदा।** मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में गांधी सुभाष आजाद के निकट सहयोगी रहे प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित गोपीनाथ दनादन की पुण्यतिथि उनके चित्र पर कांग्रेस जनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि ष्क्रांतिकारी पंडित गोपीनाथ जनपद के ही नहीं बुंदेलखंड के प्रथम पंक्ति के स्वतंत्रता सेनानियों में जाने और माने जाते थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए अनेकों बार जेल यात्राएं की और नजर बंद रहे।



कांग्रेस उपाध्यक्ष संकटा प्रसाद त्रिपाठी ने बतायाा कि गोपीनाथ दनादन अत्यंत ही सादा और सरल जीवन व्यतीत करने वाले कांग्रेस के सच्चे सिपाही थेए उनका कहना था कि हमने कांग्रेस के बैनर तले आजादी की जंग लड़ी जिसके फलस्वरुप देश आजाद हुआए आजीवन कांग्रेस में रहकर उन्होंने समाज और देश के लिए चिरस्मरर्णीय योगदान दिएए आज देश उनका ऋणी है। डॉक्टर संजय द्विवेदी दनादन उपाध्यक्ष कांग्रेस ने बतलाया कि क्रांतिकारी पंडित गोपीनाथ दनादन के सानिध्य में रहकर हमें बहुत कुछ जानने का मौका मिला सुभाष चंद्र बोस और चंद्रशेखर आजाद जब उनके घर पर आए तो दो दिन एक रात रुके और यहां के क्रांतिकारियों से मिलकर आजादी की योजना बनाने और संघर्ष करने का मंत्र दियाए निकट ही पराग मंदिर में क्रांतिकारियों को शस्त्र प्रशिक्षण भी दिया गयाए आज हमें आवश्यकता है उनके सपनों का भारत बनाने में योगदान दें। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी शिवबली सिंहए एआईसीसी सदस्य प्रदुमन् दुबे लालूए महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेटए शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाहए जिला महामंत्री मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेटए कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाईए बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदीए ब्लाक अध्यक्ष बिसंडा शिवाकांत मिश्राए धीरेंद्र पांडेय धीरूए के पी सेनए महिपत सिंहए लालबाबू राजपूतए लालमन प्रजापतिए कमलेश कोरी पाराए अली बख्शए शब्बीर सौदागरए सुखदेव गाँधीए इस्लाम उपस्थित रहे।

## सूने घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात व नकदी चोरी



**बांदा।** जिले में चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला एक विधवा महिला के घर में चोरी का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई और चोरी की घटना का खुलासा किए जाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार पीड़िता पिंकी सिंह पत्नी स्व राघवेंद्र सिंहए निवासी तुलसी नगर राहुल धुलाई सेंटर तिंदवारी रोड बांदा ने बताया कि उसके पति खत्म हो गए थे। इसके बाद वह भी घर में ताला डाल अपने बच्चों को लेकर बहन के यहां 1 अगस्त को चली गई थी। इसी दौरान चोरों ने सूना घर पाकर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर में रखे सामान व जेवरात चोरी कर लिए। पीड़िता के मुताबिक चोर घर से सोने की चूड़ियांए झुमकीए अंगूठियांए सोने का लाकेट सहित अन्य जेवरातए बच्चों की घड़ी व अन्य सामान के साथ करीब 32 हजार रुपये की नकदी भी ले गए है। चोरी की जानकारी घर लौटने पर पीड़ित विधवा को हुईए । जिसके बाद पीड़िता ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरी गए जेवरात व नकदी बरामद कराने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# 75 मीटर लंबे तिरंगे झंडे के साथ निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,बांदा, बबेरू।** बबेरू कस्बे में मंगलवार को देशभक्ति का एक अनूठा और भव्य नजारा देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा कस्बा श्भारत माता की जयश् के नारों से गूंज उठा। दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच निकली इस यात्रा मेंए छात्रों और जनप्रतिनिधियों का भारी उत्साह देखने को मिला।

भव्य तिरंगा यात्रा की शुरुआत कस्बे के ऐतिहासिक रामलीला मैदान से हुई। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण 75 मीटर लंबा विशाल तिरंगा झंडा रहाए जिसे जेपी शर्मा इंटर कॉलेज के सैकड़ों छात्रों ने अपने हाथों में थाम रखा था। डीजे पर बजते देशभक्ति के जोशीले गीतों ने माहौल को पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग दिया। छात्रों और भाजपा कार्यकर्ताओं का काफिला रामलीला मैदान से रवाना होकर कमासिन रोडए मुख्य चौराहाए सुंदर कुआँ होते हुए अंबेडकर पार्क मरका तिरहा पर पहुंचाए जहाँ इस भव्य यात्रा का समापन किया गया। रास्ते में जगह.जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। देश के प्रति सम्मान और युवाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए क्षेत्र के कई वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि यात्रा में मौजूद रहे। मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय विक्रम सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष डॉण् विवेकानंद गुप्ताए सुधीर कुशवाहा भाजपा पूर्व प्रत्यासी विधान सभा बबेरू अजय पटेलए रामप्रकाश साहूए पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजयपाल सिंहए राकेश गुप्ता लल्लाए संदीप सिंहए नीरज पाण्डेयए राजा दीक्षितए मंडल अध्यक्ष सौरभ शिवहरे सहित नगर पंचायत के सभासदगण तथा सैंकड़ो की संख्या मे छात्र मौजूद रहे।

## सावन शिवरात्रि पर भरतकूप में हुआ विशाल भंडारा

**चित्रकूट-** सावन माह की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी यानी सावन शिवरात्रि के पावन पर्व पर मंगलवार को भरतकूप समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हिंदू पंचांग के अनुसार सावन की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि भगवान शिव को समर्पित मानी जाती है। सावन माह में शिव आराधना, जलाभिषेक और रात्रि जागरण का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इसी माह समुद्र मंथन से निकले विष को भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण कर सृष्टि की रक्षा की थी। सावन शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होने की धार्मिक मान्यता है। भंडारे के आयोजन में धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, रजत प्रताप सिंह सिसोदिया, साहिल सिंह सिसोदिया, आजाद सिंह सिसोदिया, दिलीप सिंह चैहान, पंकज मिश्रा, छोटू बिहारी, रणधीर सिंह, नागेंद्र प्रताप सिंह सिसोदिया, विकास द्विवेदी, कल्लू सिंह, राणा विचित्र वीर सिंह समेत अन्य लोगों ने सहयोग किया। आयोजकों ने भगवान भोलेनाथ से सभी के सुख-समृद्धि की कामना की।

## डीएम ने बैठक कर की तुलसी महोत्सव कार्यक्रम की समीक्षा

चित्रकूट- तुलसी जन्मस्थली राजापुर में आयोजित होने वाले तुलसी महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कलेक्टरेट सभागार में बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व आयोजन समिति के सदस्यों को सभी तैयारियां समयबद्ध और समुचित ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास हिंदी साहित्य के महान संत कवि और श्रीराम के अनन्य भक्त थे। उनका जन्म चित्रकूट के राजापुर में हुआ था। महोत्सव में रामचरितमानस पाठ, लोक गायन व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को राजापुर और आसपास के विद्यालयों के अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कला, पेंटिंग समेत अन्य प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करने को कहा। डीएम ने आयोजन स्थल पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। जिस पर समिति ने कार्य संतोषजनक बताया। डीएम ने महोत्सव से पहले सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत राजापुर को साफ-सफाई, जल संस्थान को पर्याप्त पेयजल व जलापूर्ति तथा विद्युत विभाग को लटकते तार व्यवस्थित कर सुरक्षित एवं सुचारु विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। समिति सदस्यों को नोडल प्रभारी व एसडीएम के साथ समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि महोत्सव भव्य, सुव्यवस्थित और गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हो। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, एडीएम वित्त एवं राजस्व चंद्रशेखर, एडीएम नमामि गंगे अरुण कुमार, सीओ यामीन अहमद, एसडीएम राजापुर पूजा गुप्ता समेत सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू गौरक्षा महासंघ ने किया कावड़िया भक्तों का सम्मान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** सावन के पवित्र माह में विश्व हिंदू महासंघए गौरक्षा समितिए जनपद बांदा द्वारा आज कावड़िया भक्तों का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

आज बोल बम ग्रुप बांदा के सभी कावड़िया भोले के भक्तों को विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा ठंडा पानी पिलाया गया एवं उन पर पुष्प वर्षा की गई।

इसी क्रम में चित्रकूट बॉम्बेश्वर कावड़िया समिति बांदा के सभी कावड़ियों का भी पुष्प वर्षा एवं ठंडा जल से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान दोनों समितियों के प्रमुखों को स्मृति चिन्ह भेंट कर अंगवस्त्र उड़ाकर सम्मानित किया गया। वातावरण बोल बम ष्हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

विश्व हिंदू गौरक्षा महासंघ के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने कहा

सावन का पावन महीना है और हमारे भोले के भक्त कंधे पर कावड़ लेकर नंगे पैर भगवान शिव को जल चढ़ाने जा रहे हैं। ये तपस्या हैए ये सनातन की शक्ति है।



उन्होंने कहाए हिंदू महासंघ का सौभाग्य है कि आज हमें इन भक्तों की सेवा करने का अवसर मिला। जो व्यक्ति गौमाता की रक्षा करता है और शिव भक्तों की सेवा करता हैए उस पर साक्षात महादेव की कृपा होती है।

बम ग्रुप और चित्रकूट बॉम्बेश्वर समिति के सभी भक्त हमारे लिए पूजनीय हैं। आपकी आस्था ही इस देश की रीढ़ है। हम प्रार्थना करते हैं कि बाबा भोलेनाथ आप सभी की मनोकामना पूरी करें और आपकी यात्रा मंगलमय हो।

इस अवसर पर पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ के जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया नगर उपाध्यक्ष सूरज प्रजापति लोहा सिंह जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति सहित दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 29वीं अंतर्जनपदीय शूटिंग प्रतियोगिता का पुलिस लाइन में हुआ शुभारंभ

**चित्रकूट-** पुलिसकर्मियों की शारीरिक व मानसिक दक्षता और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस लाइन चित्रकूट में 29वीं अंतर्जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स, रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं अलार्म इफीसियेंसी रेस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उपमहानिरीक्षक कारागार प्रयागराज परिक्षेत्र राजेश कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर व गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। शुभारंभ के अवसर पर प्रयागराज जोन के प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, फतेहपुर, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर व महोबा की पुलिस टीमों ने अनुशासित मार्च पास्ट किया। डीआईजी ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली और सभी टीमों के कप्तानों से परिचय प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के कौशल को निखारने के साथ पुलिसकर्मियों में आपसी समन्वय, भाईचारा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ाती हैं। शूटिंग व अलार्म इफीसियेंसी रेस से फिटनेस और ड्यूटी के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता बेहतर होती है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने आगंतुक टीमों का स्वागत करते हुए बताया कि खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन व चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की गई है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता 11 से 13 अगस्त तक शूटिंग रेंज व परेड ग्राउंड में होगी। रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग और अलार्म इफीसियेंसी रेस की स्पर्धाएं होंगी। समापन पर विजेता टीमों व खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर एएसपी पीयूषकांत राय, जेल अधीक्षक कुश कुमार सिंह, सीओ लाइंस राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव, आरटीसी प्रभारी समेत अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के काज़ियाना मोहल्ले में 40 वर्षीया विवाहिता आसमा पत्नी जावेद की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर पूर्व में मारपीट करने तथा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। ससुराल पक्ष द्वारा विद्युत करंट लगने से मौत होने की बात कही जा रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत ही मृत्यु के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# नौ मंडलों में भाजपाइयों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, राष्ट्र प्रथम का दिया संदेश



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। स्वाधीनता दिवस के पूर्व संध्या काल में भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद के नौ मंडलों में एक साथ भव्य तिरंगा यात्राएं आयोजित की गईं। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ जन-जन तक राष्ट्र प्रथम का संदेश पहुंचाया। यात्राओं में पार्टी के जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा पदाधिकारियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

अमौली मंडल में चैबे के तालाब से अमौली चैराहे तक आयोजित यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव सम्मिलित हुए। धाता मंडल में दीपनारायण चैराहे तक निकली यात्रा में प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान ने सहभागिता कर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी प्रवीण सिंह तथा मंडल अध्यक्ष रामनारायण शुक्ला मौजूद रहे। जहानाबाद मंडल में राम-जानकी मंदिर से जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई, जबकि बिंदकी नगर की यात्रा में भी जिलाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव ने भाग लिया। खखरेरू मंडल में पनिहा बाबा से नगर तक निकली यात्रा का नेतृत्व जिला उपाध्यक्ष व मंडल प्रभारी अर्पणा सिंह गौतम ने किया। भिटौरा मंडल में लाल सिंह तथा हंसवा मंडल में आचार्य कमलेश योगी के नेतृत्व में यात्राएं संपन्न हुईं।

खागा मंडल में अशोक चैराहे से शक्ति माता मंदिर तक आयोजित यात्रा में राज्यमंत्री कृष्णा पासवान शामिल हुईं, वहीं मलवा मंडल में रेवाड़ी से महमूदपुर तक निकली यात्रा में क्षेत्रीय विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने सहभागिता की। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने जानकारी दी कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार मंगलवार को नौ मंडलों में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। अवशेष 14 मंडलों में बुधवार, 12 अगस्त को निर्धारित समय व मार्ग पर तिरंगा यात्राएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व नागरिक आदि हिस्सा लेंगे।

## हर घर तिरंगा अभियान- कलेक्ट्रेट से निकली भव्य मोटरसाइकिल रैली

- वंदे मातरम के जयघोष से गुंजायमान हुआ शहर



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर से तिरंगा मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, प्रशासक जिला पंचायत अभय प्रताप सिंह तथा आदर्श व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे बाइक सवारों ने देशभक्ति के नारों के साथ शहर में भ्रमण किया। कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर यह रैली पत्थरकटा चैराहा, जिला अस्पताल एवं ज्वालागंज बस स्टैंड होते हुए शांतिनगर स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई, जहां मार्ग भर आम नागरिकों ने रैली का स्वागत किया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने इस अवसर पर कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपने आवासों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करने के साथ ही तिरंगे के प्रति व्यक्तिगत एवं भावनात्मक जुड़ाव को सुदृढ़ करना है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय अस्मिता, देशभक्ति और गौरव को जनभागीदारी का स्वरूप देने की दिशा में एक अहम प्रयास बताया। जिलाधिकारी ने आम जनमानस से ध्वज संहिता का निष्ठापूर्वक पालन करने और तिरंगे का सर्वोपरि सम्मान बनाए रखते हुए उसे उपयोग के उपरांत सुरक्षित स्थान पर रखने की अपील की। इसी क्रम में जनपद के समस्त विकास खंडों में भी तिरंगा रैलियों एवं प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में खंड विकास अधिकारियों, जिला स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर ग्रामीणों को अभियान से जुड़ने का संदेश दिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, अपर उप जिलाधिकारी तथा नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने की पुलिसकर्मियों के उत्कृष्ट कार्य की सराहना

**- प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** पुलिस विभाग में कार्यकुशलता, त्वरित कार्रवाई और उत्कृष्ट प्रदर्शन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने 11 अगस्त 2026 को जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और विभागीय दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

थाना थरियांव में तैनात विवेचकों द्वारा 1 जनवरी 2026 से 31 जुलाई 2026 तक की अवधि में विवेचना निस्तारण अभियान के अंतर्गत विशेष रुचि लेते हुए कुल 64 लंबित मामलों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण किया गया। इसमें उपनिरीक्षक सतीश पवार ने 33 तथा उपनिरीक्षक अरुण मौर्य (वर्तमान तैनाती थाना ललौली) ने 31 विवेचनाओं का निस्तारण कर अपराधियों के विरुद्ध समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने उनके सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षण निदेशालय मुख्यालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित मिशन कर्मयोगी अभियान के तहत आई-गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर जुलाई 2026 माह में उल्लेखनीय प्रदर्शन देखा गया। यूपी-112 में तैनात हेड कांस्टेबल मुकुश कुमार ने ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए सर्वाधिक 56 मॉड्यूल सफलतापूर्वक पूर्ण किए। उनकी इस तकनीकी दक्षता और लगन के लिए एसपी ने उन्हें भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सभी सम्मानित कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि निष्पक्ष जांच, त्वरित कार्रवाई और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति से ही पुलिस की साख मजबूत होती है। उन्होंने जनपद के समस्त पुलिसकर्मियों को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति के साथ जनसेवा में समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

## जांच करने पहुंचे लेखपाल पर महिला का हमला

- वीडियो वायरल होने से हड़कंप

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बहलोलपुर गांव में बंद पड़ी पुलिया को खुलवाने की शिकायत पर जांच करने पहुंचे लेखपाल के साथ कथित अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद प्रशासनिक हलकों में खलबली मच गई है। विवरण के अनुसार, गांव की एक महिला द्वारा दबंगों पर पुलिया बंद करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई गई थी। जब लेखपाल मौके पर पहुंचे तो विवाद बढ़ गया, जिसके दौरान महिला ने कथित रूप से लेखपाल पर चप्पल से हमला कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे में सड़क किनारे बाइक रोककर खड़े 35 वर्षीय अजय पुत्र शंकर लाल को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के पश्चात चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# लकड़ी ठेकेदार ने बाग में पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

- जांच में जुटी पुलिस

बिंदकी (फ़तेहपुर)। कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर गाँव के पास मंगलवार सुबह एक लकड़ी ठेकेदार का शव अपने ही बाग में आम के पेड़ से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान कमलेश सोनकर (45 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय शिव बालक सोनकर के रूप में हुई है।

घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस और फ़ॉरेंसिक टीम ने मौक़े से साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के विरोध के कारण पुलिस को शव क़ब्ज़े में लेने के लिए क़रीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

परिजनों ने लगाया महिला पर उकसाने का आरोप- मृतक के बड़े बेटे शिवम सोनकर (21 वर्ष) ने बताया कि उनके पिता सोमवार शाम लगभग 6 बजे घर से निकले थे, जिसके बाद वे वापस नहीं लौटे। मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे बिंदकी-जोनिहा मार्ग के पास उनके निजी बाग में उनका शव गमछे के फंदे से लटकता मिला। मृतक के परिवार में दो बेटे (शिवम और आयुष 10 वर्ष) व एक बेटी (खुशी देवी 18 वर्ष) हैं।

बेटे शिवम का आरोप है कि उसके पिता का एक महिला से प्रेम-प्रसंग चल रहा था, और उसी के दबाव या विवाद के चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। परिजनों ने उक्त महिला की तत्काल गिरफ्तारी की माँग को लेकर हंगामा किया और लगभग चार घंटे तक शव को उठने नहीं दिया।

फ़ॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, पुलिस ने दिया आश्वासन- घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए मौक़े पर 112 नंबर पीआरबी और कोतवाली बिंदकी पुलिस के साथ फ़ॉरेंसिक टीम भी पहुँची। टीम ने घटनास्थल और शव की गहनता से जाँच की तथा आसपास पड़ी वस्तुओं के साक्ष्य एकत्र किए।

पुलिस अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जाँच और परिजनों की शिकायत के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद, सुबह 11 बजे परिजन शांत हुए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने दिया। पुलिस मामले की हर पहलू से जाँच कर रही है।

### लाईफझिंगालाला टाटा प्ले अपनी प्रतिष्ठित टैगलाईन की 20वीं सालगिरह
### टाटा प्ले अपनी सालगिरह हेतु शुरू किया नया विज्ञापन अभियान

**कानपुर।** टाटा प्ले ने अपनी 20वीं सालगिरह के लिए एक नया विज्ञापन अभियान शुरू किया। लाईफझिंगालाला की प्रतिष्ठित टैगलाईन के साथ यह अभियान भारत में संगीत की विविधतापूर्ण विरासत को पेश करता है, जिससे भारत में लाखों परिवारों के साथ टाटा प्ले का स्थायी संबंध प्रदर्शित होता है। इस अभियान की परिकल्पना ओगिल्वी ने दी है। माटी बानी के मूल संगीत और कार्तिक शाह के संगीत निर्माण व निर्देशन में बना यह अभियान हर क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को प्रामाणिक अभिव्यक्ति के साथ पेश करता है। तमिल, तेलुगू, कन्नड़, बंग्ला, अवधी और गुजराती भाषाओं में पेश किया गया हर रूपांतरण स्थानीय भाषाए संगीत की विरासत और कहानीवाचन की परंपराओं से प्रेरित है। इस अभियान में दिखाई देने वाले कलाकारों में तेलंगाना से प्रतिष्ठित किन्नरा वादक, पद्म श्री दर्शनम मोगिलैयाय कच्छ, गुजरात से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सूफी लोक गायक, मूरालाला मारवाड़ाय महाराष्ट्र की घरेलू तारपा परंपरा का संरक्षण करने और उसे बढ़ावा देने वाले पदम भिकल्या लाडक्या धिंडाय राजस्थान के प्रतिष्ठित नगाड़ा वादक, नाथूलाल सोलंकीय कुशल अवधी लोक गायिका, राधा श्रीवास्तवय तमिल लोकसंगीत में अपने योगदान के लिए मशहूर, मीनाक्षी इल्याराजाय प्रतिष्ठित कन्नड़ लोक गायक, शुभा राघवेंद्र और बंगाल से मशहूर बाउल गायक एवं खमक वादकए अशोक कृष्णा एवं कई अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रीय कलाकार शामिल हैं।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

- फतेहपुर में बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की दवा

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 11 अगस्त 2026 को आईटीआई सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी विनय पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्य तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 यू0बी0 सिंह की उपस्थिति में बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष तक की आयु के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमि संक्रमण से बचाव हेतु दवा दी जा रही है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 यू0बी0 सिंह ने बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और मानसिक विकास को प्रभावित करता है, जिसे नियमित दवा से नियंत्रित किया जा सकता है। वहीं अपर जिलाधिकारी विनय पांडेय ने स्वस्थ भविष्य हेतु सभी विभागों के समन्वित सहयोग पर बल दिया। कार्यक्रम में आईटीआई के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ आदि विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विजिलेंस टीम की बड़ी कार्रवाई-एक लाख रुपये की रिश्वत लेते कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार



**खागा (फतेहपुर)।** तहसील खागा स्थित उपनिबंधन कार्यालय में तैनात कनिष्ठ सहायक राहुल कुमार बौद्ध को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) प्रयागराज मंडल की टीम ने एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कर्मचारी के विरुद्ध संग्रामपुर सानी निवासी शिकायतकर्ता भीम सिंह पुत्र स्व0 बैजनाथ सिंह ने 08 अगस्त को एंटी करप्शन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि 17 जून को निष्पादित एक बैनामे में त्रुटियां दिखाकर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी जा रही थी और मामले को रफा-दफा करने के एवज में एक लाख रुपये की मांग की गई थी।

प्रकरण का गोपनीय सत्यापन कराने के पश्चात आरोपों की पुष्टि होने पर प्रभारी निरीक्षक अल्लाउद्दीन अंसारी के नेतृत्व में 13 सदस्यीय ट्रैप टीम का गठन किया गया। मंगलवार को टीम ने उपनिबंधन कार्यालय में योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। लोकसेवक साक्षियों की उपस्थिति में जैसे ही शिकायतकर्ता ने रिश्वत की राशि कनिष्ठ सहायक राहुल कुमार बौद्ध को सौंपी, टीम ने उसे मौके पर ही धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी राहुल कुमार बौद्ध पुत्र स्व0 रामलखन बौद्ध, निवासी पूरेखनी, पोस्ट रेढ़वीर, थाना कोतवाली देहात, जनपद प्रतापगढ़ का निवासी है।

अचानक हुई इस कार्रवाई से तहसील परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विजिलेंस टीम आरोपी को हिरासत में लेकर विधिक प्रक्रियाओं को पूर्ण करने हेतु थाने ले गई। खागा कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। ट्रैप टीम में निरीक्षक रवीन्द्र सिंह, अंजलि यादव, राकेश बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह, मुख्य आरक्षी शशिकांत शर्मा, दीपक शुक्ला, आरक्षी वेद प्रकाश, योगेंद्र सिंह, विकास पांडेय, सुनील यादव, बिजेंद्र कुमार तथा सहायक उपनिरीक्षक चालक मुजीबुल रहमान शामिल रहे।

# कांग्रेस की मासिक बैठक-जिलाध्यक्ष ने दिखाई सख्ती

**- निष्क्रिय पदाधिकारियों को पद छोड़ने की हिदायत**



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** संगठन को गतिशील बनाने तथा कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से कांग्रेस कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कड़े तेवर अपनाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जो पदाधिकारी संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन करने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं, वे स्वेच्छा से पद त्याग सकते हैं। बिना कार्य के किसी भी व्यक्ति को पद पर बनाए रखना संभव नहीं होगा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनमुद्दों को लेकर निरंतर संघर्षरत कांग्रेस नेतृत्व के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है, जिसे धरातल पर संगठनात्मक शक्ति में परिवर्तित करने की आवश्यकता है। उन्होंने पदाधिकारियों का आह्वान किया कि वे केवल बैठकों तक सीमित न रहकर गांव, कस्बे और बूथ स्तर तक पहुंचकर आमजन से सीधा संवाद स्थापित करें। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए एकजुट होकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करने का आह्वान किया।

बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा जिम्मेदारियों के बंटवारे पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान राजीव श्रीवास्तव, कलीम उल्ला सिद्दीकी, देवी प्रकाश दुबे, प्रशांत शुक्ला, साज़िया बानो, राम शंकर शुक्ला, जेपी पासी, फजलुर्रहमान असलम, चै. मोइन राइन, कल्लू कोरी, शादाब सभासद, नीलम मौर्य, अतुल पासी, राम नरेश महाराज, निज़ामुद्दीन, सै. शहाब अली, आरिफ खान, आफताब अहमद, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, नौशाद अहमद, वकील खान, अकरम काले, हम्माद हुसैन, अब्दुल रज्जाक तथा धर्मेन्द्र सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

- खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा

### ब्रजवासी स्वीट हाउस का खोया असुरक्षित घोषित, बिक्री पर रोक

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ऑलहापुर बाजार स्थित ब्रजवासी स्वीट हाउस पर पुनः निरीक्षण की कार्रवाई की। पूर्व में संग्रहित किए गए खोया के नमूने की जांच रिपोर्ट में मानकों से विचलन पाए जाने पर उसे असुरक्षित घोषित कर दिया गया था, जिसमें खाद्य तेल की मिलावट की पुष्टि हुई थी।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय वीरेंद्र सिंह कुशवाहा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिद्धार्थ कुमार ने प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर संचालक ओम प्रकाश को कारण बताओ नोटिस थमाया और खोया के निर्माण व विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। कार्रवाई के दौरान दुकान से तैयार लगभग 05 किलोग्राम दूषित मिठाई को मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके अतिरिक्त संदिग्ध प्रतीत हो रहे पनीर का सर्विलांस नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है।

इसी क्रम में विभाग द्वारा राजकीय बालिका विद्यालय में सचल खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से छात्राओं को जागरूक किया गया तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं में मिलावट पहचानने के तरीके बताए गए। वर्मा चैराहे के समीप खाद्य विक्रेताओं के 22 खाद्य पदार्थों की निःशुल्क जांच की गई, जिसमें छैना, पनीर तथा मैंगो रोल में स्टार्च की मिलावट पाई गई। कार्रवाई के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिद्धार्थ कुमार तथा अनुराधा मौजूद रहीं। प्रशासन ने आम जनता से उक्त प्रतिष्ठान से खोया व उससे बनी मिठाइयां न खरीदने की अपील की है।

### पुलिस अधीक्षक ने सुनीं समस्याएं, दिए कड़े निर्देश

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए एसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जनशिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर धरातलीय होना चाहिए। जिन प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक हो, वहां पुलिस अधिकारी स्वयं जाकर जांच करें और प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### जी.जी.आई.सी. में बालिकाओं का खेल प्रशिक्षण शुरू

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन के तत्वावधान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं के लिए विशेष शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा बालिका खिलाड़ियों को खेल पोशाक (स्पोर्ट्स ड्रेस) प्रदान की गई। प्रशिक्षण का संचालन जीवाईसीयू के वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व पुलिस उपाधीक्षक शिव स्वरूप संभाले द्वारा किया जा रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अलका गौर एवं जीवाईसीयू के महानिदेशक एबी बाबू ने छात्राओं को खेल तथा शारीरिक दक्षता के महत्व से अवगत कराते हुए प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया।

- नेत्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की

### दिवंगत जय नारायण सिंह के संकल्प से जगी आस

धाता (फतेहपुर)। ग्राम सोनारी निवासी जय नारायण सिंह के निधन के उपरांत उनके परिजनों ने उनकी इच्छानुसार नेत्रदान कराकर समाज के सामने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। रविवार शाम उनके निधन के पश्चात परिजनों ने सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, जानकीकुंड चित्रकूट की टीम को सूचित किया।

चिकित्सक डॉ0 विभाष के नेतृत्व में आई मेडिकल टीम ने कॉर्निया को सुरक्षित संचित किया। उल्लेखनीय है कि दिवंगत जय नारायण सिंह का संपूर्ण परिवार पूर्व में भी मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प ले चुका है, जिसके तहत परिवार के कई सदस्य यह पुनीत कार्य कर चुके हैं।

### छठी जिला ताइक्कांडो प्रतियोगिता 16 अगस्त को

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। ताइक्कांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर की बैठक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें 16 अगस्त को आईटीआई रोड स्थित अलंकार गार्डन में आयोजित होने वाली छठी जिला ताइक्कांडो प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा की गई।

एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने बताया कि प्रतियोगिता सुबह आठ बजे से शुरू होगी, जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से खिलाड़ी भाग लेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला, उप सचिव भारत वर्मा, रिचा राजपूत, शिव कुमार, उत्कर्ष पटेल, तनुज बाजपेयी एवं मनीषा राजपूत आदि प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत मकनपुर में सरकारी पुस्तकालय का शुभारंभ

हुसैनगंज (फतेहपुर)। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई का बेहतर माहौल देने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को आसान बनाने के उद्देश्य से भिटौरा विकासखंड के मकनपुर गांव में एक नई पहल की गई है। गांव में नवनिर्मित सरकारी पुस्तकालय का भव्य उद्घाटन ग्राम प्रधान मंजू देवी द्वारा किया गया, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और विद्यार्थियों में भारी उत्साह का माहौल है।

पुस्तकालय के शुरू होने से अब गांव के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबों और अन्य पठन सामग्री के लिए शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही पठन-पाठन की सुविधाएं उपलब्ध होने से विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को बड़ा फायदा मिलेगा जो पैसों या संसाधनों की कमी के कारण दूर जाकर तैयारी नहीं कर पाते थे।

उद्घाटन के दौरान ग्राम प्रधान मंजू देवी ने कहा कि गांव के बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुस्तकालय का संचालन नियमित रूप से किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक छात्र इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी मो. तौफीक ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य शिक्षा से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं को सीधे गांव तक पहुंचाना है। उन्होंने उपस्थित बच्चों और युवाओं से अपील की कि वे इस पुस्तकालय का नियमित उपयोग करें और अपनी पढ़ाई को नई दिशा दें।

पुस्तकालय खुलने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की और इसे गांव के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण और स्कूल-कॉलेज के बच्चे मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालय जनंतारा में जलभराव

- पठन-पाठन ठप होने की कगार पर

खागा (फतेहपुर)। विजयीपुर विकास खंड के अंतर्गत जनंतारा प्राथमिक विद्यालय परिसर एवं पहुंच मार्ग पर वर्षा के कारण गंभीर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। गंदे पानी से होकर गुजरने के कारण विद्यार्थियों के कपड़े और पुस्तकें खराब हो रही हैं, जिससे पठन-पाठन बुरी तरह प्रभावित है। ग्रामीण प्रदीप तिवारी, छोटू तथा रामनारायण ने बताया कि स्थाई जल निकासी की व्यवस्था न होने से प्रतिवर्ष यह समस्या उत्पन्न होती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं जन प्रतिनिधियों से अविलंब नाली निर्माण कराकर मार्ग दुरुस्त कराने की मांग की है।

### अभद्र व्यवहार एवं अनियमितता, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

खागा (फतेहपुर)। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नरौली गढ़ के निवासियों ने उचित दर विक्रेता सुरेंद्र कुमार पर खाद्यान्न वितरण में कटौती तथा राशन कार्ड धारकों से दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय एवं खाद्य पूर्ति निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीण सूरज, नितिन तथा राम आदि का आरोप है कि ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाने के बाद भी कम राशन दिया जाता है और विरोध करने पर अभद्रता की जाती है। ग्रामीणों ने जांच कराकर दोषी कोटेदार के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

# 81 लाख से बनेगी सड़क, महापौर ने किया भूमि पूजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो फिरोजाबाद।** फ़िरोज़ाबाद स्थित जलेसर रोड के वेस्ट टू वंडर पार्क तक 81 लाख रुपये की लागत से पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा। सोमवार को महापौर कामिनी राठौर ने ओम साई ट्रांसपोर्ट के बगल से पार्क तक बनने वाली सड़क का भूमि पूजन किया। सड़क बनने से पार्क तक आवागमन सुगम होगा। वेस्ट टू वंडर पार्क अनुपयोगी वस्तुओं और कचरे से तैयार कलाकृतियों व आकर्षक संरचनाओं के लिए पहचान बना रहा है। पार्क स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण और कचरे के पुनरू उपयोग का संदेश दे रहा है। यह पहल लोगों को अनुपयोगी वस्तुओं के रचनात्मक इस्तेमाल के लिए प्रेरित कर रही है।

## जिले के खिलाड़ियों का प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद।** कानपुर में आयोजित मण्डलीय खेलकूद प्रतियोगिता में फर्रूखाबाद

### कानपुर मंडल प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी अव्वल रहे

जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन के दम पर परचम लहराया है। मण्डलीय प्रतियोगिता में जीत दर्ज करवा कर खिलाड़ियों का प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों में शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कॉलेज कीअनुष्का गंगवार प्रतिज्ञा अक्षरा गंगवार तथा अनंत्या कर्नल ब्रह्मानंद इंटर कॉलेज शुकरुल्लापुर के अजय पाल सीपी विद्या निकेतन कायमगंज के मधुर कुमार पांडे अर्थव अग्निहोत्री है।टीम प्रबंधन एवं आधिकारिक कोच टीम मैनेजर अनिकेत भारद्वाज कोच ;बालक वर्गद्ध श्री प्रशुभ गुप्ता ;कर्नल ब्रह्मानंद इण्टर कॉलेज शुकरुल्लापुर कोच ;बालिका वर्ग शोभा यादव ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया था।

## आयकर विभाग में चयनित कीर्ति गुप्ता को माल्यार्पण के साथ चित्र भेंट करके सम्मानित किया



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुरानी गल्ला मंडी में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं किराना एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आयकर विभाग में चयनित कीर्ति गुप्ता को माल्यार्पण के साथ चित्र भेंट करके सम्मानित किया। किराना व्यापारी समीर गुप्ता एवं उमा गुप्ता की पुत्री कृति गुप्ता ने नगर के सेंट मारिया पब्लिक स्कूल से 2020 में इंटरमीडिएट और फिर छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर से 2025 में ग्रेजुएशन किया। अब वह पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही हैं। इस बीच एसएससी सीजीएल की परीक्षा दी। इसमें उनका चयन आयकर विभाग में ऑफिस सुपरीटेंडेंट के पद पर हो गया। प्रशिक्षण के लिए आयकर कार्यालय मुंबई जा रही हैं। सितंबर माह में वहीं पर जॉइनिंग होगी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कृति को बधाई देते हुए कहा आयकर विभाग में चयन से नगर ही नहीं पूरे जिले का नाम रोशन हुआ है। महामंत्री नीरज भाटिया ने कृति के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में नरेश कुमार गुप्ता गोल्डी अमित भारतीय राहुल गुप्ता मोंटी प्रभाकर गुप्ताए सत्यनारायण वर्माए संजीव कुमार गुप्ता गांधीए सुशांत गुप्ता सोनू वीर गोयल व अजयभान पिंटू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत सजा तिरंगा मेला



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो फिरोजाबाद।** विकास भवन

### विधायक मनीष असीजा और डीएम संतोष कुमार शर्मा ने दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश

परिसर में मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सदर विधायक मनीष असीजा एवं जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में सहभागिता कर बच्चों और नागरिकों को राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। विभिन्न विभागों ने जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाएए जबकि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित तिरंगा झंडों का भी प्रदर्शन किया गया।

जिलाधिकारी ने नागरिकों से तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा ग्राम पंचायतों नगर पंचायतों नगर पालिकाओं एवं नगर निगम से तिरंगा यात्राएं निकालने की अपील की। विधायक मनीष असीजा ने बच्चों एवं युवाओं से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष सतीश चंद्र दिवाकर परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी जिला मिशन प्रबंधक तूलिका श्रीवास्तव तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एनसीसी कैडेट्स की हर घर तिरंगा यात्रा में गूंजे वंदे मातरम् के नारे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को जन.जन तक पहुंचाने के लिए 12 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से मंगलवार

### घर.घर तिरंगा फहराने का दिया संदेश नागरिकों ने किया स्वागत

को हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई।

यात्रा का शुभारंभ प्रात 9 बजे हुआ।कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक के निर्देशन में आयोजित इस रैली में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा



शंकर और जीआईसी फतेहगढ़ के लेफ्टिनेंट राजू अहिरवार के नेतृत्व में दोनों विद्यालयों के लगभग 50 एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए।

हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर अनुशासित कदमों से आगे बढ़ते कैडेट्स ने वंदे मातरम् और भारत माता की जय के जयघोष किए। कैडेट्स के नारों से नगर का वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया।

इस दौरान कैडेट्स ने आम नागरिकों को घर.घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया और राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखने तथा स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान को स्मरण करने का आह्वान किया। रैली के मार्ग में लोगों ने कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया।सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।


### सूचना

मेरा यू.पी. आवास एवं विकास परिषद भवन संख्या -4/356 ई.डब्लू.एस. अम्बेडकरपुरम स्कीम नं. -3 क्षेत्रफल 64.86 वर्ग मीटर का आवंटन पत्र संख्या 2437 दिनांक 01/06/2006 अलॉटमेंट लेटर एवं दिनांक 31/03/2011 कब्जा लेटर जो नरेश चंद्र कटियार के नाम जारी किए गए हैं उनसे कहीं गिरकर खो गए हैं जिसकी रिपोर्ट संबंधित पुलिस थाना में दर्ज है उक्त संपत्ति एल.आई.सी. एच.एफ.एल. में बंधक है यदि इस पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपना पक्ष/दावा आलोक कुमार मो 9457008037 पता -4/356 अम्बेडकरपुरम आवास विकास कल्याणपुर कानपुर नगर के सम्मुख 15 दिन के अंदर प्रस्तुत कर सकता है।

सी.आर.-994/K

### उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर संख्या-230-वि/कावि/प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/653 दिनांक: 10.08.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/कावि/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्न प्रकार है-

निविदा संख्या: 230-कावि-कार्य ठेका-1042-2026 | अनुमानित लागत: ₹ 2,07,32,005.64

कार्य का विवरण: प्रयागराज मंडल के पनकी धाम - भाऊपुर खंड में प्रस्तावित कानपुर रिंग रोड के तहत 4-लेन रेल ओवरब्रिज (ROB) के निर्माण के कारण 132 kV ट्रांसमिशन लाइन का संशोधन कार्य।

बिड सुरक्षा राशि: ₹ 1,15,100 | कार्य अवधि: 12 महीना | बोली प्रणाली: एक पैकेट

निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय: 02.09.2026, 14:00 बजे

निविदा खुलने की तिथि तथा समय: 02.09.2026, 15:00 बजे

नोट- 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु टेण्डरों को सलाह दी जाती है कि वे अपने अपनी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है।

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 1848/26(K)

### कार्यालय- प्रभारी, राजकीय फल संरक्षण केन्द्र, डाक बरगदिया घाट, फर्रुखाबाद

प्रवेश सूचना

खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के अधीन राजकीय फल संरक्षण केन्द्र, बरगदिया घाट, सिविल लाइन, फर्रुखाबाद संचालित स्पेशल कम्पोनेन्ट के अन्तर्गत केवल अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों हेतु विशेष स्वरोजगारपरक 100 दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम में सत्र 2026-27 के लिये खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

(केवल अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों हेतु विशेष कार्यक्रम)

1. प्रशिक्षण का नाम- 100 दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम।
2. अवधि- 100 दिवस।
3. योग्यता- हाई स्कूल उत्तीर्ण।
4. आयु- 01.07.2026 को न्यूनतम 18 वर्ष।
5. सीट- 30 संख्या।
6. आरक्षण- केवल अनुसूचित जाति के लिए।
7. आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि- 29.08.2026
8. प्रशिक्षण शुल्क- रु0 300.00 प्रति प्रशिक्षार्थी।

आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते है।

प्रभारी
राजकीय फल संरक्षण केन्द्र
बरगदिया घाट, फर्रुखाबाद

उ0प्र0 254660 दिनांक- 11.08.2026 Website: www.upgov.nic.in Mob.No. 9696536391 / 7459819771

### अदालती सूचना

समन बजरत इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाब्ता दीवानी सन् 1907 ई.) न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय नर्वल कानपुर नगर आर.एस.टी. वाद सं. सनु रामदीन बनाम प्रेमशंकर ... बाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत दावर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 19.08.2026 ई. को ... हाजिर हों ... बतारीख 11.08.2026 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-994/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 03 कानपुर नगर वाद सं.-90 सन 2026 ... हरगाह वादी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 30.10.2026 को दिन में 10.00 बजे ... आज दिनांक 11.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 03 कानपुर नगर

सी.आर.-994/K-CN

### कार्यालय -सहायक निदेशक मत्स्य, फर्रुखाबाद।

पत्रांक:- 148 / मत्स्यखेट पट्टा / नीलामी / 2026-27 दिनांक: 05.08.2026

मत्स्याखेट पट्टा/नीलामी सूचना

[illegible]

सहायक निदेशक मत्स्य फर्रुखाबाद।

उ0प्र0 254625 दिनांक- 10.08.2026 Website: www.upgov.nic.in

### अदालती सूचना

समन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) उन्नाव दीवानी वाद सं. 345/2024 तारीख पेशी 23.09.2026 ... बतारीख 11.08.2026 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-994/K-CN

### पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना सं0 43/2026

[illegible]

सी.आर.-994/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सम्पत्ति ... न्यायालय ... वाद सं. 1323/2026 ... आज दिनांक 11.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-994/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान ए.सी.एम. चतुर्थ कानपुर नगर/उपजिलाधिकारी (सदर) महोदय कानपुर नगर वाद सं.-7983/सन 2022 ... बतारीख 07.08.2026 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-994/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय उपजिलाधिकारी रसूलाबाद कानपुर देहात मुकदमा नंबर 54/2026 वादी सतीश चंद्र आदि बनाम ग्राम सभा सकिन रसूलाबाद धारा 24 यूपीआरसी ... आज दिनांक 11.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-994/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश महोदय कक्ष सं. 01 कानपुर नगर वाद संख्या-1158 सन् 2025 ... आज दिनांक 15.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश महोदय कक्ष सं. 01 कानपुर नगर

सी.आर.-994/K-CN

### अदालती सूचना

समन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) उत्तरी महोदय उन्नाव। दी० वाद सं०-770/2025 पेशी 31-8-2026 ... बतारीख 11.08.2026 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-994/K-CN

### कानपुर विकास प्राधिकरण

[illegible]

जोनल प्रभारी अधिकारी (विकास जोन-4)

सी.आर.-994/K

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

स्वतंत्र भारत

देश विदेश

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, बुधवार, 12 अगस्त, 2026



# ट्रंप ने भी ईरान से की मुआवजे की मांग

## नए दांव पर बोले- अब हर बातचीत में होगा मुद्दा



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से उन लोगों के लिए मुआवजे की मांग की है, जो तेहरान से जुड़े संघर्षों में मारे गए या गंभीर रूप से घायल हुए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच भविष्य में होने वाली किसी भी बातचीत में यह मुद्दा शामिल किया जाएगा। ट्रंप की यह मांग उस दावे के जवाब में आई है, जिसमें उन्होंने कहा कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के प्रतिनिधियों ने पांच महीने के सैन्य संघर्ष के दौरान ईरान को हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। ट्रंप ने एक पोस्ट में ईरान की इस मांग को 'दिलचस्प विचार' बताया। उन्होंने कहा कि वह भी तेहरान से इसी तरह की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, 'मैं भी ईरान से उन सभी लोगों के लिए मुआवजे की मांग कर रहा हूं, जिन्हें उसने अपने सड़क किनारे बमों और कई संघर्षों में मारा और गंभीर रूप से घायल किया है, जिनके लिए वह मशहूर है।' ट्रंप ने उन संघर्षों का भी जिक्र किया, जिनमें ईरानी सैन्य कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी शामिल थे।

उन्होंने यूएसएस कोल पर मारे गए लोगों के परिवारों के लिए भी मुआवजे की मांग की। इसके अलावा उन्होंने युद्ध में मारे गए हजारों अन्य लोगों के परिवारों का भी जिक्र किया। ट्रंप ने पिछले पांच दशकों के दौरान ईरान में प्रदर्शनों में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए भी मुआवजे की मांग की। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, पिछले 50 वर्षों में ईरान द्वारा मारे गए सैकड़ों हजारों निर्दोष प्रदर्शनकारियों के परिवारों को भी मुआवजा दिया जाना चाहिए।' ट्रंप ने यह भी दावा किया कि पिछले पांच महीनों में 52,000 लोग मारे गए हैं। हालांकि, अपनी पोस्ट में ट्रंप ने यह नहीं बताया कि मुआवजे की राशि कैसे तय की जाएगी या इस तरह के भुगतान को कैसे लागू कराया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि 'मैंने अपने प्रतिनिधियों को निर्देश दिया है कि भविष्य में होने वाली किसी भी और सभी बातचीत में इस मुद्दे को मजबूती से शामिल किया जाए।' ट्रंप ने कहा कि उनकी यह टिप्पणी उस समय आई है, जब ईरानी प्रतिनिधि पांच महीने के सैन्य संघर्ष के दौरान ईरान को हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## तुर्किये में कुर्द लड़ाकों को मिलेगी सशर्त माफी

**अंकारा।** तुर्किये की संसद ने कुर्द लड़ाकों को सशर्त माफ करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दे दी है। ये कानून तभी लागू होगा जब तुर्किये के अधिकारी कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के पूरी तरह हथियार डालने की पुष्टि करेंगे। पीकेके ने पिछले साल अपनी दशकों पुरानी सशस्त्र मुहिम खत्म करने और खुद को भंग करने की घोषणा की थी। यह निर्णय उसके जेल में बंद नेता अब्दुल्ला ओकलान के आह्वान पर लिया गया। यह कदम हजारों लोगों की जान लेने वाले संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में है। इससे तुर्किये-इराकी संबंध मजबूत हो सकते हैं। यह सीरियाई सरकार के उन क्षेत्रों को एकीकृत करने के प्रयासों का भी समर्थन करेगा, जो कुर्द-नेतृत्व वाली सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज के नियंत्रण में थे।

## एक नज़र

### ट्रम्प की मीडिया कंपनी को 2200 करोड़ रुपए का घाटा

तीन महीने में सिर्फ 16 करोड़ की कमाई, छह महीने में 6 हजार करोड़ का नुकसान

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मीडिया कंपनी ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप (टीएमटीजी) को अप्रैल-जून 2026 में 2,261 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। इस दौरान कंपनी की कुल कमाई सिर्फ 16.15 करोड़ रुपए रही। जनवरी से जून 2026 के बीच टीएमटीजी का कुल नेट लॉस 6,118 करोड़ रुपए रहा। इस दौरान कंपनी की कुल कमाई सिर्फ 23.75 करोड़ रुपए थी। यानी छह महीने में कंपनी का घाटा उसकी कुल कमाई से करीब 258 गुना रहा। वहीं, कंपनी की कमाई बेहद कम रही। अप्रैल-जून में करीब 13.6 करोड़ रुपए विज्ञापन और 1.7 करोड़ रुपए सब्सक्रिप्शन से मिले। TMTG का मुख्य प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल है। इसके अलावा कंपनी ट्रुथ+ वीडियो स्ट्रीमिंग और ट्रुथ.फी फिनटेक कारोबार चलाती है। पिछले एक साल में कंपनी ने क्रिप्टोकरेंसी कारोबार में भी विस्तार किया है। ट्रम्प ने 2022 में ट्रुथ सोशल शुरू किया था। यह उनका अपना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है। लेकिन यह ङ्ग और फेसबुक जितना बड़ा नहीं बन पाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने ऑनलाइन आंकड़े जुटाने वाली कंपनी सिमिलरवेब की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि जुलाई 2026 में ट्रुथ सोशल की वेबसाइट पर आने वाले लोगों की संख्या पिछले साल के मुकाबले एक तिहाई से ज्यादा घट गई।

### अरुणाचल का नया मैप जारी करने पर चीन को लगी मिर्ची

**बीजिंग।** अरुणाचल प्रदेश में 27 भौगोलिक जगहों के लिए स्टैंडर्ड नाम तय करने पर चीन ने भारत को कड़ा जवाब दिया है। सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स का दावा है कि ये इलाके चीन के जांगनान क्षेत्र में आते हैं। दरअसल, चीन अरुणाचल प्रदेश और उससे सटे इलाकों को इसी नाम से बुलाता है और उन पर तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र का हिस्सा होने का दावा करता है। अखबार ने बताया कि चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने 14 अप्रैल को एक रेगुलर प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि जांगनान इलाका चीन का हिस्सा है और चीन भारत द्वारा गैर-कानूनी तरीके से बनाए गए तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को मान्यता नहीं देता है। चीनी सरकार का जांगनान की कुछ जगहों के लिए स्टैंडर्ड नाम जारी करना पूरी तरह से चीन के संप्रभु अधिकारों के दायरे में आता है। यह प्रतिक्रिया तब आई जब भारत के सर्वे ऑफ इंडिया ने अरुणाचल प्रदेश में 21 इलाकों, चार दर्रों, ज्यादा ऊंचाई पर मौजूद एक ग्लेशियल झील और 1962 के युद्ध के हीरो के स्मारक की पहचान करते हुए अपना आधिकारिक नक्शा अपडेट किया। सरकार का कहना था कि यह कदम जगहों की सही पहचान सुनिश्चित करने और उनके भौगोलिक और ऐतिहासिक महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए उठाया गया था।

### अमेरिका में भारतीय मूल के सीएफओ को जेल

सर्जनों को रिश्वत देने का है मामला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने स्पाइनल इंप्लांट कंपनी के भारतीय मूल के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) को सर्जनों को रिश्वत देने के मामले में चार महीने जेल की सजा सुनाई है। दरअसल सीएफओ ने कंपनी के उत्पादों का इस्तेमाल करने के लिए सर्जनों को रिश्वत देने की कोशिश की। अधिकारियों ने बताया कि सर्जनों को यह रिश्वत फर्जी परामर्श शुल्क के रूप में दी गई थी। जेल की सजा पूरी करने के बाद कैम्ब्रिज निवासी 41 वर्षीय आदित्य हुमाड को एक साल तक निगरानी में रहना होगा और उन पर 9,500 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। हुमाड ने एंटी-किकबैक कानून के उल्लंघन की साजिश रचने के आरोप में अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। हुमाड पर सितंबर 2021 में स्पाइन फ्रंटियर नामक कंपनी के संस्थापक, अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी किंग्सले आर. चिन के साथ आरोप लगाए गए थे। मैसाचुसेट्स जिले के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि हुमाड ने उन सर्जनों को 5,40,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक की रिश्वत देने और दिलाने की साजिश रची। यह रकम ऐसे फर्जी परामर्श शुल्क के रूप में दी गई, जिनके लिए सर्जनों ने वास्तव में कोई काम नहीं किया था। अधिकारियों के अनुसार, हुमाड ने सर्जनों को कंपनी के उत्पादों का इस्तेमाल करने के लिए रिश्वत देने की साजिश रची। इसके बदले कंपनी को इन सर्जनों द्वारा की गई सर्जरी से लाखों डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ।

### सड़क हादसे में भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मृत्यु

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ओहियो में भीषण सड़क हादसे में आंध्र प्रदेश के 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई है। दिलीप कुमार बुंगातवुला अपनी कार से कहीं जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। आंध्र प्रदेश के कडपा जिले के जेट्टीवारिपल्ली गांव के मूल निवासी बुंगातवुला उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए अमेरिका गए थे, जहां उन्होंने 2025 में केंट स्टेट यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री पूरी की थी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना ओहियो के मैसेडोनिया इलाके में इंटरस्टेट 480 पर हुई। बुंगातवुला सेडान कार में जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप ट्रक ने सेंटर डिवाइडर पार उनके वाहन से टकरा गया। जब इमरजेंसी सर्विस घटनास्थल पर पहुंचीं, तब तक बुंगातवुला की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। हादसे में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। तीनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच अभी जारी है।

### कश्मीर में रोहिंग्या व बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कसा शिकंजा

केंद्र सरकार ने शुरू कराई जांच


**श्रीनगर।** रोहिंग्याओं और बांग्लादेशी घुसपैठियों की अब खैर नहीं है। जम्मू-कश्मीर में बदलती आबादी, कथित अवैध बस्तियों और उससे जुड़े सुरक्षा सवालों को लेकर केंद्र सरकार ने अब जमीनी स्तर पर पड़ताल शुरू कर दी है। हाई लेवल कमेटी ऑन डेमोग्राफिक चेंजेस (एचएलसीडीसी) के चार सदस्यीय दल ने जम्मू पहुंचकर लोगों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत शुरू कर दी है। समिति के सामने अपनी बात रखने के लिए अलग-अलग सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि भी पहुंच रहे हैं। अगले दो दिनों में समिति संवेदनशील इलाकों का दौरा कर स्थानीय लोगों, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों से भी इनपुट लेगी। केंद्र सरकार द्वारा गठित यह समिति सोमवार, 10 अगस्त को जम्मू पहुंची। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नवलकर की अध्यक्षता वाली समिति का यह पहला फील्ड विजिट है।

## ट्रंप ने फिर की इस्लाम विरोधी बयानबाजी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से इस्लाम विरोधी बयानबाजी करते हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के मुस्लिम उम्मीदवारों पर निशाना साधा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने आगामी मध्यावधि चुनाव में मिशिगन सीट से सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार अब्दुल अल सईद को निशाना बनाया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में अब्दुल अल सईद को हिजाब पहने महिलाओं सहित भीड़ के सामने खड़े दिखाया गया है और इस तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा है, 'वे आपके घर और आपके सामान के लिए आ रहे हैं।' ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में अब्दुल अल सईद को हिजाब पहने महिलाओं सहित भीड़ के सामने खड़े दिखाया गया है और इस तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा है, 'वे आपके घर और आपके सामान के लिए आ रहे हैं।' इससे पहले भी ट्रंप ने अपनी और अपनी पत्नी मेलानिया ट्रंप की तस्वीर के साथ अब्दुल अल सईद और उनकी पत्नी की तस्वीर को साझा करते हुए कैप्शन दिया था कि 'दो बिल्कुल अलग अमेरिका'।

## उड़ान भरते ही फटा चीन का लॉन्ग मार्च 7ए रॉकेट

### सैटेलाइट भी हुआ नष्ट



**बीजिंग।** चीन का लॉन्ग मार्च 7ए रॉकेट हैनान के वेनचांग लॉन्च साइट से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद फट गया। इस हादसे में रॉकेट के साथ जा रहा सैटेलाइट भी नष्ट हो गया। चीनी सरकारी मीडिया के अनुसार, रॉकेट में हुए इस विस्फोट की जांच की जा रही है। लॉन्ग मार्च 7ए रॉकेट का यह अब तक का पहला असफल मिशन है। रॉकेट ने अपने पहले चरण की उड़ान वेनचांग से भरी थी। लेकिन उड़ान भरने के करीब 85 सेकंड बाद ऊपर जाने के शुरुआती चरण में इसमें कुछ खराबी दिखाई दी। इस घटना के कारण मिशन विफल हो गया। इससे चीन की लगातार बढ़ रही रॉकेट लॉन्च गतिविधियों को झटका लगा है। लॉन्ग मार्च 7ए एक मध्यम से भारी वजन वाले सैटेलाइट को अंतरिक्ष में ले जाने वाला रॉकेट है। इसे चाइना एकेडमी ऑफ लॉन्च व्हीकल टेक्नोलॉजी ने बनाया है। इसे मुख्य रूप से सैटेलाइट को जियोस्टेशनरी ट्रांसफर ऑर्बिट यानी जीटीओ तक पहुंचाने के लिए बनाया गया है। यह चीन के रॉकेटों के परिवार का एक अहम हिस्सा है। सीजेड-7ए, लॉन्ग मार्च 7 से बनाया गया है। इसमें लिक्विड-फ्यूल इंजन वाला एक मुख्य हिस्सा और उसके साथ बूस्टर लगे हैं। इसका डिजाइन चीन को ज्यादा भारी पेलोड को पृथ्वी से ज्यादा ऊंचाई की अंतरिक्ष कक्षाओं तक पहुंचाने में मदद करता है।

### रिपोर्ट : कैटरिंग ट्रक में छिपकर ट्रंप ने बदला विमान

## ईरान की धमकी के बीच तुर्किये से निकले थे



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पिछले महीने तुर्किये यात्रा के दौरान कथित तौर पर हत्या की धमकी मिली थी। इसके बाद ट्रंप ने कतर से मिले बोइंग 747-8 विमान को छोड़कर छोटे सी-32ए विमान से गुपचुप तरीके से तुर्किये से बाहर उड़ान भरी। वह इसी कतर से मिले विमान से तुर्किये पहुंचे थे। पिछले महीने आई रिपोर्ट के अनुसार, कथित धमकी के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति ने कतर से मिले नए विमान के बजाय पुराने बोइंग 747 विमान से यात्रा की थी।

हालांकि, अब वॉशिंगटन पोस्ट की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने एक बार फिर विमान बदल दिया था। पोस्ट ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि ट्रंप को पुराने एयर फोर्स वन विमान से एक कैटरिंग कंटेनर में बाहर निकाला गया। यह कंटेनर ट्रंप को एक छोटे सी-32ए विमान तक ले गया। इसी विमान से उन्होंने ब्रिटेन के लिए उड़ान भरी। मीडिया और कुछ अधिकारियों को यह विश्वास दिलाया गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति अभी भी पुराने बड़े बोइंग 747 विमान में ही हैं। अंकारा से पुराने विमान में रवाना हुए पत्रकारों से भी खिड़कियों के पर्दे नीचे रखने को कहा गया था। ट्रंप उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए अंकारा में थे। उस समय उन्होंने कहा था कि वह पुराने बोइंग 747 से यात्रा करेंगे, ताकि ब्रिटेन के एक एयरबेस पर मौजूद अमेरिकी सेना के सदस्य नए विमान को देख सकें। हालांकि, न्यूयॉर्क टाइम्स समेत कई अमेरिकी मीडिया संस्थानों ने बताया कि ईरान समर्थित समूहों से मिली धमकी के कारण विमान बदला गया था। वॉशिंगटन पोस्ट ने एक कैटरिंग ट्रक का वीडियो भी साझा किया। यह ट्रक पुराने बोइंग विमान से नीचे उतारा जा रहा था। यह घटना ट्रंप के विमान में जाने के कुछ मिनट बाद की है। वीडियो में कैटरिंग वाहन को छोटे सी-32ए विमान की ओर जाते हुए देखा जा सकता है। अमर उजाला ने इस वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की है। हालांकि, ब्रिटेन पहुंचने पर ट्रंप बड़े विमान से बाहर निकले। दोनों विमान ब्रिटेन में उतरे थे। इसके बाद ट्रंप को कतर से मिले और नए रूप में तैयार किए गए एयर फोर्स वन विमान में ले जाया गया।यह साफ नहीं हो पाया कि ट्रंप ने छोटे विमान से बड़े विमान में कब और किस तरह सफर बदला।

## कोलंबिया के भूकंप में अब तक 132 मौतें



**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में 7.4 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने कई इलाकों को हिलाकर रख दिया। भूकंप के बाद बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक कम से कम 132 लोगों की मौत हुई है, जबकि कई लोग मलबे के नीचे फंसे हुए हैं। पश्चिमी कोलंबिया में आए इस भूकंप का असर पड़ोसी देश इक्वाडोर में भी महसूस किया गया। हादसे के बाद स्थानीय स्तर पर बचाव दल प्रभावित इलाकों में लोगों की तलाश में जुटे हैं। भूकंप की तबाही के बाद कई देशों के नेताओं ने कोलंबिया के लोगों के प्रति संवेदना और समर्थन जताया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि मुश्किल की इस घड़ी में कोलंबिया फ्रांस की दोस्ती और मदद पर भरोसा कर सकता है। उन्होंने भूकंप में मारे गए लोगों, उनके परिवारों, घायलों और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना जताई। मैक्रों ने राहत और बचाव कार्य में जुटे लोगों की भी सराहना की।

## मेटा-गूगल, टिकटॉक और स्नैपचैट की नई मुसीबत

### लत लगाने से जुड़े मुकदमों का अमेरिकी अदालत में करना होगा सामना




**वाशिंगटन।** अमेरिकी अपील्स कोर्ट ने सोशल मीडिया जायंट्स मेटा, गूगल, टिकटॉक और स्नैपचैट की याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कानूनी सुरक्षा की मांग की थी। अदालत के इस ऐतिहासिक फैसले के बाद अब इन कंपनियों को हजारों मुकदमों का सामना करना होगा। इन मुकदमों में आरोप है कि इन प्लेटफॉर्म्स को जानबूझकर ऐसा लत लगाने वाला डिजाइन दिया गया, जिसने युवा यूजर्स के मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। कंपनियों ने कम्युनिकेशन डिसेंसी एक्ट की धारा 230 का हवाला देकर बचने की कोशिश की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे पूरी तरह अमान्य कर दिया।

यह निर्णय टेक इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा कानूनी झटका माना जा रहा है। रॉयटर्स के अनुसार, सैन फ्रांसिस्को स्थित 9वें यूएस सर्किट कोर्ट ने मेटा और टिकटॉक की अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें कंपनियों ने निचली अदालत के उस फैसले को पलटने की मांग की थी जिसने 3,000 से अधिक संघीय मामलों को आगे बढ़ने की अनुमति दी थी। सोशल मीडिया दिग्गजों ने यह भी तर्क दिया था कि कम्युनिकेशंस डिसेंसी एक्ट की धारा 230, जो ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को यूजर्स के कंटेंट की जिम्मेदारी से बचाती है, उन्हें उन दावों से भी बचाए जो यह कहते हैं कि उनके डिजाइन लत को बढ़ावा देते हैं। 9वें सर्किट कोर्ट ने इस तर्क से पूरी तरह असहमति जताते हुए फैसला दिया कि धारा 230 मुकदमे से पूरी तरह छूट देने के बजाय जवाबदेही के खिलाफ बचाव प्रदान करती है, जिसका अर्थ है कि यह अपील प्रक्रिया में बहुत जल्दबाजी में की गई थी।

## ईरान ने की अमेरिकी प्रतिबंध नीति की आलोचना

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने मंगलवार को अमेरिका की प्रतिबंध नीति की आलोचना की। उन्होंने अमेरिकी प्रशासन पर आर्थिक प्रतिबंधों की 'लत' होने का आरोप लगाया। यह बयान अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की उस कथित टिप्पणी के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रतिबंध ईरान का 'दम घोंट' रहे हैं। बघाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बार-बार प्रतिबंधों का इस्तेमाल यह दिखाता है कि अमेरिका कूटनीति के जरिये आगे बढ़ने में सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा, अमेरिकी वित्त मंत्री ने आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये ईरान का 'दम घोंटने' की बात पर गर्व जताया है। इस दावे में दिखने वाली बेबसी से आगे बढ़कर देखें, तो यह अमेरिका की प्रतिबंधों की मजबूरी और लत का साफ सबूत है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि जब भी वाशिंगटन कूटनीति के जरिये अपने लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहता है, तो वह प्रतिबंधों का सहारा लेता है। उन्होंने कहा कि जब प्रतिबंधों से भी नतीजे नहीं मिलते, तो अमेरिका उनकी सख्ती और बढ़ा देता है।

## शोध : चीन ने बनाया धरती जैसे एआई समाज का आभासी तंत्र



**बीजिंग/वाशिंगटन।** चीन के शोधकर्ताओं ने एक ऐसा एआई आधारित आभासी तंत्र (सिमुलेशन सिस्टम) विकसित किया है, जो व्यापक स्तर पर इंसानी समाज व उसके व्यवहार को समझने के लिए अध्ययन कर रहा है। इसमें एक अरब से ज्यादा वर्चुअल इंसानी एजेंटों को लगाया गया है, जो वास्तविक इंसान के व्यवहार के विविध रूपों को समझने की कोशिश करेंगे। इन एआई एजेंट्स को केवल सामान्य कंप्यूटर बॉट की तरह नहीं बनाया गया है, बल्कि इनमें व्यक्तित्व, स्मृति, विश्वास और इंसानों जैसी इच्छाओं व सामाजिक व्यवहार को दर्शाने की क्षमता शामिल है। शोधकर्ताओं ने इस प्रोजेक्ट को 'लाइट सोसाइटी' नाम दिया है। इससे जुड़ा शोधपत्र 'मॉडलिंग अर्थ स्केल ह्यूमन-लाइक सोसाइटीज विथ वन बिलियन एजेंट्स' शीर्षक से प्रकाशित किया गया है। इसे इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मशीन लर्निंग (आईसीएमएल) में प्रस्तुत किया गया है। शोधकर्ताओं का दावा है कि इन प्रयोगों में सिस्टम ने वास्तविक सामाजिक घटनाओं और मानव व्यवहार की विविधता को काफी हद तक समझने की क्षमता दिखाई। शोधकर्ताओं ने इन वर्चुअल एजेंट्स को वास्तविक दुनिया की जनसांख्यिकीय और सामाजिक जानकारी से जोड़ने के लिए वर्ल्ड वैल्यूड सर्वे जैसे वास्तविक डाटा स्रोतों का इस्तेमाल किया। इसका उद्देश्य ऐसे एआई एजेंट तैयार करना था जो सभी एक जैसे व्यवहार न करें, बल्कि वास्तविक समाज की तरह अलग-अलग विचार, विश्वास और सामाजिक व्यवहार प्रदर्शित करें। यानी आभासी तंत्र में मौजूद हर व्यक्ति केवल एक बॉट नहीं है, बल्कि उसके व्यवहार को सामाजिक और व्यक्तिगत विशेषताओं के आधार पर अलग-अलग तरीके से मॉडल किया जा सकता है।

अब तक इस्तेमाल होने वाले एजेंट आधारित मॉडल में बड़ी संख्या में लोगों के व्यवहार को समझना करना मुश्किल था। इसकी एक वजह यह थी कि इन मॉडलों में लोगों के व्यवहार को अक्सर सीमित और पहले से तय नियमों के आधार पर दिखाया जाता था लेकिन लाइट सोसायटी में शोधकर्ताओं ने बड़े भाषाई तंत्र के साथ छोटे और ज्यादा तेज एआई मॉडल्स का इस्तेमाल किया है। इसे 'मिक्सचर ऑफ मॉडल्स' तकनीक बताया गया है। इस तरीके से बड़ी संख्या में एआई एजेंट्स को एक साथ चलाना संभव हुआ और शोधकर्ताओं के मुताबिक उन्होंने एक अरब से ज्यादा स्वायत्त एजेंटों वाला आभासी समाज तैयार किया।

**एआई की दुनिया में पैदा किए गए असल मानवीय हालात**

शोधकर्ताओं ने इस सिस्टम को अलग-अलग सामाजिक प्रयोगों में इस्तेमाल किया। इनमें भरोसा और बड़े पैमाने पर किसी विचार या सूचना के समाज में फैलने जैसी परिस्थितियां शामिल थीं। इस दौरान यह देखने की कोशिश की गई कि अलग-अलग एआई एजेंट एक-दूसरे के साथ कैसे व्यवहार करते हैं, सूचना कैसे फैलती है और समय के साथ पूरा समाज किस तरह बदलता है। कोई खबर या अफवाह समाज में कितनी तेजी से फैल सकती है।

बाजार दर्पण

